फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वितीय विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 26 फरवरी 2024
वर्ष-2, अंक-186, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक 16

करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज 15

## हादसा टला : बिना ड्राइवर के 78 किमी. तक दौड़ी मालगाड़ी

होशियारपुर, एजेंसी



- कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान चल पड़ी मालगाड़ी
- पंजाब में ऊंची बस्सी के पास बोरियां लगाकर रोकी गई

पंजाब में जम्मू-जालंधर रेल खंड पर ऊंची बस्सी (मुकेरिया) के पास बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही एक मालगाड़ी के रुक जाने से रविवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही क्रशर से भरी मालगाड़ी को आज ऊंची बस्सी के पास रोक दिया गया।

मानवरहित ट्रेन ने बिना पायलट के 78 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की थी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान मालगाड़ी ढलान वाली पटरी पर लुढ़कने लगी। पंजाब के ऊंची बस्सी के पास रेत की बोरियों की मदद से ट्रेन को सफलतापूर्वक रोका गया। घटना की गहन जांच अभी चल रही है और जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस में नहीं थी इच्छाशक्ति, हमने बदल दी देश की तस्वीर

द्वारका (गुजरात), एजेंसी



- देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- स्कूबा डाइविंग कर समुद्र में डूबी द्वारका नगरी के दर्शन व पूजा-अर्चना भी की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा डाइविंग की और पानी में डूबी भगवान कृष्ण की प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करने के साथ ही वहां पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने जनसभा में कहा कि मैंने गहरे समंदर के भीतर जाकर प्राचीन द्वारका जी के दर्शन किए जो मेरे लिए एक दिव्य अनुभव था। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि पिछली सरकार में जमकर घोटाले हुए। कहा कि आपने 2014 में मुझे दिल्ली की गद्दी पर बैठाया, जिसके बाद से देश विकास के पथ पर चल पड़ा। पहले की सरकार में इच्छाशक्ति नहीं थी, आज चारों दिशाओं में निर्माण कार्य चल रहा है।

मोदी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की कर्मभूमि द्वारका धाम को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने वो दिन भी देखे हैं, जब सौराष्ट्र के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करते थे। जब मैं कहता था कि जिन नदियों में साल भर पानी रहता है, उनका पानी सौराष्ट्र और कच्छ में लाया जाएगा, तो कांग्रेस मेरा मजाक उड़ाती थी, लेकिन आज सौनी योजना ने सौराष्ट्र का भाग्य बदल दिया है। 1300 किमी से अधिक लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जो इतनी चौड़ी है कि उसमें से एक कार गुजर सकती है, सैकड़ों गांवों में अब पानी पहुंच गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- स्कूबा डाइविंग के दौरान दिव्य अनुभव हुआ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्कूबा डाइविंग कर द्वारका नगरी में प्रार्थना करना बहुत ही दिव्य अनुभव था। सफेद डाइविंग हेलमेट और गेरुआ वस्त्र पहने मोदी समुद्र तल पर पालथी मारकर बैठे और हाथ जोड़कर भगवान की प्रार्थना की। इस दौरान नौसेना के गोताखोरों ने उनकी इसमें मदद की। इससे पहले मोदी हाथ में मोर पंख लिए वहां पहुंचे और उसे भगवान कृष्ण को अर्पित किया। पानी से बाहर आने के बाद मोदी ने कहा कि साहस से कहीं अधिक, यह आस्था था। स्कूबा डाइविंग बेट द्वारका द्वीप के पास द्वारका के तट पर कराई जाती है, जहां लोग पुरातत्वविदों द्वारा खोजी गई समुद्र में डूबी प्राचीन द्वारका के मौजूद अवशेषों को देख सकते हैं। मोदी ने बाद में यहां एक सभा को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

### ओखा-बेट द्वारका को जोड़ता है सुदर्शन सेतु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में ओखा और बेट द्वारका को जोड़ने वाले 978.93 करोड़ रुपये के अनुमानित खर्च से निर्मित देश के सबसे लंबे केबल-आधारित ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का रविवार को लोकार्पण किया। मोदी ने शिला पट्टिका का अनावरण कर 'विकसित भारत, विकसित गुजरात' के संकल्प को साकार करने वाले और देवभूमि द्वारका जिले सहित गुजरात की विशिष्ट पहचान बनने वाले इस सुदर्शन सेतु को आम लोगों के लिए खोला। भगवान द्वारकाधीश की पावन भूमि के सर्वांगीण विकास की गति को तेजी देने वाले सुदर्शन सेतु के थ्री-डी मॉडल को देखकर उन्होंने विस्तृत जानकारी हासिल की। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल उनके साथ मौजूद रहे।




## युवाओं के साथ खिलवाड़ राष्ट्रीय पाप, दोषी न घर के रहेंगे न घाट के

### पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री ने दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- योगी बोले, ऐसी कठोर नजीर पेश करेंगे कि लोग याद रखेंगे
- मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 18 सौ चयनितों को दिया नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार** : पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों को खुली चेतावनी दी है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। योगी ने दो टूक कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वो ना घर के रहेंगे ना घाट के। ऐसे तत्वों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई भविष्य के लिए नजीर के रूप में याद रखी जाएगी।

रविवार को लोकभवन में विभिन्न विभागों में करीब 18 सौ पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगी ने यहां कहा कि हमारा पहले दिन से ही संकल्प है कि नियुक्ति की प्रक्रिया अगर ईमानदारी से आगे नहीं बढ़ पा रही है तो ये युवाओं के साथ खिलवाड़ है और अपनी प्रतिभा को पलायन के लिए मजबूर करता है। अगर युवा के साथ अन्याय होता है तो यह राष्ट्रीय पाप है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, हम सभी तकनीक का उपयोग करते हैं, इसी तरह ऐसे तत्व भी तकनीक का उपयोग गलत कार्य के लिए करते हैं। कई बार सोचता हूं कि वो लोग तकनीक का इस्तेमाल करके अच्छे काम करते तो आगे बढ़ते और खुशहाल होते। मगर अब वे न घर के रहेंगे न घाट के और सरकार की कार्रवाई ऐसी होगी कि जो दूसरों के लिए नजीर बनेगी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र, मयंकेश्वर शरण सिंह, दिनेश खटीक, रामकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

### इन अभ्यर्थियों को योगी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

सिंचाई विभाग में अवर अभियंता पद पर लखनऊ के शुभम वर्मा, हरदोई की अनीता राजपूत को। आवास विकास परिषद् में अवर अभियंता पद पर अमर वर्मा और मैनपुरी की कामिनी कमल को। आयुष विभाग में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी पद पर डॉ. विजया लक्ष्मी, डॉ .रेनू यादव को। दंत चिकित्सक अनिमेष त्रिपाठी और डॉ.आशुतोष श्रीवास्तव को। समीक्षा अधिकारी सचिवालय प्रशासन में पंकज कुमार को। प्रशासनिक सुधार विभाग में निरीक्षक पद पर प्रशांत श्रीवास्तव को। पॉवर कॉर्पोरेशन में टेक्नीशियन इलेक्ट्रिकल पद पर नीलम गौतम और हर्षित सिंह चौहान को। गृह विभाग में सहायक अभियोजन अधिकारी ऋचा सोनकर और अनुज तिवारी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### इन विभागों में इतने पदों पर चयनित हुए अभ्यर्थी

उप्र. लोक सेवा आयोग, उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं विद्युत सेवा आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 1782 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। इसमें पावर कॉरपोरेशन के विभिन्न पदों पर 852, दंत चिकित्सक के लिए 141, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के लिए 391, समीक्षा अधिकारी हिंदी/उर्दू (सचिवालय) के लिए 14, सहायक अभियोजन अधिकारी के 42, अवर अभियंता (आवास विभाग) के लिए 123, अवर अभियंता (सिंचाई) के लिए 210, निरीक्षक (राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय, प्रयागराज) के लिए 9 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

## कौशांबी में पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट, आठ लोगों की गई जान

संवाददाता, प्रयागराज/कौशांबी



विस्फोट के बाद लगी आग को बुझाने का प्रयास करते अग्निशमनकर्मी।

- जनपद के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे का मामला
- धमाके से कई मकानों में भी आईं दरारें, 12 मजदूर घायल

> पटाखा फैक्ट्री में भीषण हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है और लगभग एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।
>
> -**भानु भास्कर**, एडीजी जोन, प्रयागराज

**अमृत विचार** : कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे में रविवार सुबह 11:30 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ। जिसके चलते फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिसमें फैक्ट्री मालिक शराफत समेत आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन से ज्यादा मजदूर झुलस गए। विस्फोट तेज होने के चलते आसपड़ोस के कई मकानों में भी दरारें आई हैं। सूचना मिलने पर एडीजी व एसपी समेत पुलिस के आला-अफसर मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की।

पुलिस के मुताबिक कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे के वार्ड नंबर 23 में खलीलाबाद के रहने वाले शराफत अली ने अपने घर के पास पटाखा फैक्ट्री लगाई है। यह फैक्ट्री शराफत अली न्यू रंगोली फायर वर्क्स के नाम से है। फैक्ट्री में सुबह करीब 11:30 बजे जब 18-20 मजदूर पटाखा बनाने में व्यस्त थे। इसी बीच जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके से कई लोगों के चीथड़े उड़ गए। आसपास के खेतों में उनके शरीर के अंग बिखरे मिले। चार घंटे तक रुक-रुककर धमाका होता रहा। धमाके की वजह से फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर और एसपी कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। हादसे में फैक्ट्री मालिक शराफत अली और उसके एक बेटे सहित आठ लोगों की मौत हुई है। वहीं बबलू पटेल, दीना पटेल, अशोक पटेल समेत एक दर्जन से अधिक झुलसे लोगों का इलाज स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज में चल रहा है। मृतकों की पहचान शिव नारायण (30) पुत्र भोलानाथ, कौशल अली और शराफत अली, शिव नारायण पटेल, शाहिद अली पुत्र शराफत अली, शिवकांत (25) पुत्र राम भवन निवासी अंबहा के रूप में की गई।

### एक नजर

#### सीएम करेंगे एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण




**कानपुर।** साढ़ में स्थापित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह द्वारा स्थापित किए गए एम्युनेशन कांप्लेक्स का सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय उद्घाटन करेंगे। वे 3.45 बजे साढ़ स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे और वहां से 4.50 बजे रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री और सेनाध्यक्ष यहां बनने वाले उत्पादों की जानकारी लेंगे। यह एशिया का सबसे बड़ा एन्युमेशन कॉम्प्लेक्स होगा। डिफेंस कॉरिडोर में शुरू होने वाली अडाणी समूह की यूनिट सेना में इस्तेमाल किए जाने वाले लघु शस्त्र से लेकर तोप-गोला तक बनाएगी।

#### हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों को किया तलब

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में रियल एस्टेट डेवलपर हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को पूछताछ के लिए 26 फरवरी को तलब किया है।

#### वन्यजीव तस्करों पर होगी समन्वित कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारत, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया ने आपराधिक खुफिया जानकारी साझा करके और वित्तीय संसाधनों के प्रवाह को रोक कर अपने-अपने क्षेत्रों में वन्यजीव तस्करी के सरगनाओं के खिलाफ कार्रवाई की योजना बनाई है। यहां सीबीआई और इंटरपोल द्वारा विदेशी प्रजातियों की तस्करी पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय बैठक में तस्करों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले चार महत्वपूर्ण मार्गों पर विचार-विमर्श किया।

## फ्लीट हादसे में दो लोगों की हुई मौत, घायलों से मिले मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की मदद
- अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर के पास हुआ पुलिस वाहन से हुआ था हादसा

**अमृत विचार** : अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर के समीप शनिवार देर शाम हुए हादसे में सीएम फ्लीट की एंटी डेमो गाड़ी के सामने कुत्ता आने से हुए हादसे में 15 लोग घायल हुए थे। देर रात इलाज के दौरान ट्रॉमा में प्रिया (14) और नीलम (35) ने दम तोड़ दिया। अन्य 13 घायलों का इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह केजीएमयू ट्रामा सेंटर पहुंचे, मृतकों के परिजनों से शोक संवेदना प्रकट की और घायलों के परिजनों का ढांढस बंधाया। योगी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मृतकों के परिजनों ने 50 लाख मुआवजा, नौकरी और आवास की मांग की है।

पुलिस के अनुसार मुख्यमंत्री की फ्लीट के बीच आए कुत्ते को बचाने के चलते एंटी डेमो गाड़ी पलट गई थी। हादसे में छह पुलिस कर्मियों समेत 15 लोग घायल हो गए थे। इसमें से प्रिया और नीलम की देर रात मौत हो गई। अर्जुनगंज के गयानंद पुरा निवासी संतोष की बेटी प्रिया निजी स्कूल में कक्षा-7 की छात्रा थी जबकि नीलम अर्जुनगंज की रहने वाली थी।



**हम साथ-साथ हैं** : आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव। हाल ही में लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सीटों के बंटवारे को लेकर दोनों दलों में समझौता हुआ, जिसके बाद पहली बार अखिलेश यादव न्याययात्रा में शामिल होने आगरा पहुंचे।

## सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले 391 आरोपी दबोचे गये

- पुलिस और एसटीएफ ने प्रदेश के साथ हरियाणा दिल्ली और बिहार के आरोपियों को दबोचा

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस और एसटीएफ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 391 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। इसके साथ ही कई संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। मुख्यमंत्री ने पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामला सामने आने पर अभ्यर्थियों के हित में फैसला लेते हुए परीक्षा को रद कर दिया था। उन्होंने यूपी पुलिस और एसटीएफ को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये थे। सीएम योगी के निर्देश के बाद पुलिस और एसटीएफ एक्टिव हो गई और विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 391 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस और एसटीएफ ने कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में कूट रचित दस्तावेज , अंगुल छाप पेपर, पासबुक, चेकबुक, स्टाम्प, स्याही पैड, सिलिकॉन पट्टी समेत नकदी बरामद की है।

## रितेश भाजपा में, बसपा के कई सांसद विकल्प की तलाश में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे : मायावती



**अमृत विचार** : बहुजन समाज पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल से बड़ा झटका मिल सकता है। पार्टी के कई सांसद नए विकल्प तलाश रहे हैं। अंबेडकर नगर से बसपा सांसद रितेश पांडे ने पार्टी से इस्तीफा देने के ठीक दो घंटे बाद ही रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। वहीं, बसपा के जौनपुर सांसद श्याम सिंह यादव के भी शीघ्र कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। इस बीच पार्टी प्रमुख मायावती ने एक्स पर प्रतिक्रिया दी कि, बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे हैं।

श्याम सिंह यादव रविवार को आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए, बजट सत्र के दौरान राहुल गांधी से मिले थे। दो सांसद पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं। अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली को बसपा से निकाल दिया था। वहीं, गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी सपा में चले गए हैं। बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर के रालोद में शामिल होने के भी कयास लगाए जा रहे हैं। लालगंज से सांसद संगीता आजाद के भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

## सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़, छत्तीसगढ़ में तीन नक्सली मारे गए

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में रविवार सुबह तीन नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कांकेर के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलिसेला ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी, तभी कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के तहत भोमरा-हुरतराई गांवों के बीच एक पहाड़ी पर सुबह करीब आठ बजे मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को भोमरा, हुरतराई और मिच्छेबेड़ा गांवों में माओवादियों की कंपनी नंबर 5 के कैडर की मौजूदगी की जानकारी मिली थी।

## पुलिस ने सिंघू और टीकरी सीमा को अस्थायी तौर पर खोला

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

- सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और कड़ी निगरानी के निर्देश
- हरियाणा में विगत दो सप्ताह से निलंबित मोबाइल इंटरनेट सेवा बहाल की गई

किसानों के राष्ट्रीय राजधानी की ओर प्रस्तावित मार्च को रोकने के बाद दिल्ली पुलिस ने रविवार को सिंघू और टीकरी सीमाओं पर अवरोधकों के एक हिस्से को हटाकर यात्रियों के लिए एक मार्ग की व्यवस्था की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम यात्रियों के लिए पॉइंट-ए से पॉइंट-बी तक बैरियर का एक हिस्सा हटा रहे हैं। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती से 24 घंटे कड़ी निगरानी सुनिश्चित होगी। बल की तैनाती यथावत रहेगी। फिलहाल वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी । दूसरी ओर किसानों के दिल्ली चलो आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा के सात जिलों में करीब दो सप्ताह पहले निलंबित की गई मोबाइल इंटरनेट सेवा को रविवार को बहाल कर दिया गया।

शहर की पुलिस ने रविवार को उन यात्रियों के लिए दो विशाल सीमेंट अवरोधक हटा दिए, जो सिंघू और टीकरी सीमाओं पर एक छोटे मार्ग का उपयोग करके दिल्ली की ओर आते हैं। अवरोधक के कारण लोगों को हर दिन एक किलोमीटर से अधिक की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। एक संकरा रास्ता है, जहां से केवल एक ही व्यक्ति जा सकता है। लेकिन अब पुलिस लोगों के लिए बैरियर हटा रही है। दिल्ली पुलिस ने शहर के टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमा बिंदुओं पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने अभ्यास भी किया। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि तीनों सीमाओं पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है।

हरियाणा में अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए 11 फरवरी को मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं, निलंबन की अवधि को बीच-बीच में बढ़ाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इन सात जिलों में मोबाइल सेवाओं के निलंबन की अवधि बढ़ाने के लिए कोई नया आदेश जारी नहीं किया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी एक पूर्व आदेश के अनुसार, हरियाणा के डबवाली सहित सिरसा, अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार और फतेहाबाद अधिकार क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रतिबंध लगाए गए थे। हरियाणा के लोगों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया।

### शंभू, खनौरी सीमा पर डटे हुए हैं किसान

दूसरी ओर दिल्ली चलो मार्च को सुरक्षा बलों द्वारा 13 फरवरी को रोके जाने के बाद से प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा से लगी पंजाब की खनौरी और शंभू सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने शुक्रवार को कहा था कि प्रदर्शनकारी 29 फरवरी तक दोनों सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले रहेंगे। दिल्ली चलो मार्च को खनौरी में हुई झड़प में एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत हो जाने और लगभग 12 पुलिस कर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने रोक दिया था।

# कार में लिफ्ट देकर की बदमाशों ने लूटपाट

संवाददाता, बिधनू

- नौबस्ता चौराहे से हमीरपुर के लिए बैठा था युवक
- तमंचा अड़ाकर कैश लूटा एटीएम से रुपये निकलवाए

**अमृत विचार।** कार सवार पांच बदमाशों ने नौबस्ता से सवारी के रूप में बैठाकर युवक से तमंचे के बल पर लूटपाट की। रास्ते में उसके एटीएम कार्ड से रुपये भी निकलवाए। एक जगह कार्ड स्वैप करवाकर बदले में कैश ले लिया। बदमाश लूट कर युवक को सचेंडी क्षेत्र में किसान नगर रोड पर उतार कर भाग निकले। पीड़ित युवक बिधनू थाने में जानकारी दी। रविवार को रिपोर्ट दर्ज की गई। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है।

हमीरपुर निवासी 28 वर्षीय संदीप कुमार दिल्ली में रहकर किसी कंपनी में काम करते हैं। 20 फरवरी को वह दिल्ली से घर लौट रहे थे। रात करीब 11. 30 बजे वह नौबस्ता चौराहे पर हमीरपुर के लिए सवारी वाहन का इन्तजार कर रहे थे। तभी सफेद रंग की वैगेन आर कार आई। जिसमे बैठे पांच लोगों ने उसे हमीरपुर जाने की बात कहकर बैठा लिया। कुछ दूर चलने पर कार में पीछे बैठे तीन बदमाशों ने युवक को तमंचा अड़ा कर 1600 रुपये की नगदी और एटीएम कार्ड व मोबाइल लूट लिया। बदमाशों ने धोबिन पुलिया के पास स्थित एटीएम से जबरन सात हजार रुपये निकलवा लिए। इसके बाद बदमाश रमईपुर स्थित रिलाइंस पेट्रोल पंप पहुंचे। जहां पीछे से आ रहे ट्रक में डीजल डलाने की बात कहकर कार्ड को स्वैप किया और 16 हजार चार सौ रुपये निकाल लिए। पांच मिनट बाद फिर से पंप वापस हुए बदमाशों ने ट्रक के खराब होने का बहाना बनाकर नगद 16 हजार चार सौ रुपये वापस ले लिए। इसके बाद पीड़ित को सचेंडी थाना क्षेत्र में किसान नगर रोड पर उतार कर भाग निकले। पीड़ित घटना के तीसरे दिन शुक्रवार को बिधनू थाने पहुंचा। तीन दिन से कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। जिसपर रविवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

एसीपी घाटमपुर रंजीत सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर पंप समेत हाईवे किनारे के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# मुसीबत : इस बड़े बाजार में तो पैदल चलना भी दुश्वार

**बेजार बाजार**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शास्त्रीनगर बाजार में बिना फुटपाथ की रोड, सड़क पर होती है पार्किंग
- बाजार के बीचोंबीच है पुलिस चौकी, चौकी के गेट पर भी अतिक्रमण का जाल

**अमृत विचार।** शास्त्रीनगर बाजार की मुख्य सड़क पर वाहनों की कौन कहे, पैदल भी नहीं चला जा सकता है। बाजार में अतिक्रमण इस कदर हावी है कि सड़क का फुटपाथ दिखता ही नहीं है। खरीदारी करने आने वालों को अपने वाहन दुकान के बाहर सड़क पर ही लगाने पड़ते हैं। बाजार के बीचोंबीच पुलिस चौकी है, लेकिन चौकी का गेट भी अतिक्रमण का शिकार है। कभी कोई खरीदार वाहन खड़ा कर देता है तो कभी ठेले वाले गेट के बाहर खड़े होकर सब्जी और फल बेचने लगते हैं।

शास्त्रीनगर बाजार की रोड गली से भी बदतर है। काली मठिया मंदिर से सेंट्रल पार्क तक हालत सबसे ज्यादा खराब है। इस दायरे में ही प्रमुख बाजार भी है।

बमुश्किल पांच मिनट का यह रास्ता राहगीरों को 20 मिनट में तय करना पड़ता है। यह सामान्य स्थिति है और अगर शाम का समय हो तो आधे घंटे से अधिक का समय लग सकता है। बाजार होने के कारण सब्जी, फल, खाने का सामान बेचने वाले भी ठेला लेकर घूमते रहते हैं। बाजार में सुबह और शाम को खरीदारों का लोड बढ़ता है, इसी समय लोगों का आवागमन होता है। इस समय राहगीरों को जाम में फंसना पड़ता है।

### बाजार में ही पुलिस चौकी

बाजार के बीचोंबीच शास्त्रीनगर पुलिस चौकी है। बाजार में पुलिसकर्मी टहलते भी रहते हैं। मगर अतिक्रमण और जाम की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जाता है। चौकी के गेट के बाहर ही ठेले वाले ठेला खड़ा करके सामान बेचने लगते हैं।


शास्त्री नगर बाजार में फुटपाथ पर लगी दुकानें। अमृत विचार


सड़क पर दुकानदारों का कब्जा। अमृत विचार

### मवेशियों का झुंड परेशान करता

बाजार में सब्जी और फल के करीब तीन दर्जन से अधिक ठेले खड़े होते हैं। इसके अलावा कई मिठाई व नाश्ते की दुकानें है। ठेले से फेंका जाने वाला खराब फल व सब्जी और दुकानों से निकलने वाले दोना खाने के चक्कर में बाजार में दिनभर मवेशी घूमते रहते हैं। जिससे राहगीरों को खतरा बना रहता है।

### 200 से अधिक वाहन हर समय रोड पर मिलेंगे

काली मठिया चौराहा से लेकर सेंट्रल पार्क तिराहे तक करीब 200 से अधिक वाहन सड़क पर दोनों तरफ खड़े मिल जाएंगे। दो पहिया वाहन तो लोग दुकानों के बाहर ही सड़क पर लगा देते हैं। आड़े तिरछे खड़े वाहनों से जाम लगता रहता है। इनके बीच ठेला से फेरी लगाने वाले बची कसर पूरी कर देते हैं।


बाजार में जाम की समस्या तो रोज की है। काली मठिया मंदिर में रोज दर्शन करते आते हैं। जितना समय मंदिर में दर्शन करने में नहीं लगता, उससे दोगुना समय बाजार पार करने में लग जाता है। कई बार तो 10 से 15 मिनट तक जाम में फंसे रहते हैं।
–संजू वर्मा, राहगीर


जाम की समस्या तो पूरे शहर में है। मगर यहां बाजार में जाम की समस्या पैदा की गई है। फुटपाथ छोड़ दिया जाए तो उसपर वाहन और ठेले वाले खड़े हो जाएंगे। बीच सड़क आवागमन के लिए ठीक रहेगी। मगर यहां फुटपाथ है नहीं और सड़क पर वाहन खड़े होते हैं।
–प्रीति शर्मा, शास्त्रीनगर


जाम की समस्या तो हर बाजार में होती है। शहर में तो हर रोड पर है। मगर शास्त्रीनगर बजार में तो मनमानी के कारण जाम लगता है। यहां कोई यातायात व्यवस्था के बारे मे सोचता ही नहीं है। ठेले वालों को एक किनारे खड़ा करा दिया तो भी कुछ राहत मिल जाएगी।
–अहमद खान, राहगीर


पुलिस चौकी बाजार के बीच में है। पुलिसकर्मी अगर दो-तीन दिन में आते-जाते समय हिदायत देते रहे तो समस्या इतनी नहीं होगी। मगर पुलिसकर्मी जाम समेत अन्य समस्याएं देखने के बाद भी कुछ नहीं कहते हैं। न ही बाजार में अतिक्रमण अभियान चलाया जाता है।
–पंकज निगम, शास्त्रीनगर कालोनी

# ट्रांसफर स्टेशन अतिक्रमण और विरोध के बीच लटके

## जगह- जगह लोग कर रहे आपत्ति, सरकारी विभागों ने भी कार्य में अटकाया रोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**72** स्मार्ट कूड़ाघर बनने हैं शहर में

**70** स्थानों का निरीक्षण किया गया अब तक

**12** ट्रांसफर स्टेशन बनकर तैयार हो चुके

**60** ट्रांसफर स्टेशनों का काम चल रहा है

**अमृत विचार।** शहर में खुले कूड़ाघरों को खत्म कर स्मार्ट कूड़ाघर (ट्रांसफर स्टेशन) बनाने का काम कई जगह लटक गया है। आम जनता और कुछ सरकारी विभागों की आपत्ति के बाद जोन-2, 4, 5 और 6 में 11 ट्रांसफर स्टेशनों का काम बीच में ही बंद हो गया है। जिसके बाद कार्यदायी संस्था ने काम शुरू कराने के लिये नगर निगम से मध्यस्थता करने को कहा है।

कानपुर में खुले में कूड़ा घरों को खत्म करने के लिए नगर निगम ने 72 स्मार्ट कूड़ाघर (ट्रांसफर स्टेशन) बनाने का फैसला लिया है। निर्माण के लिए 16 अक्टूबर 2023 को साईं बिल्डर्स को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया। अधिकारियों ने अभी तक 70 स्थानों का निरीक्षण किया है। कंपनी ने नगर आयुक्त से शिकायत करते हुए कहा है कि कई जगहों पर आम जनता की आपत्ति के बाद काम बंद करना पड़ा। वहीं, कई जगहों पर सरकारी विभागों द्वारा काम रुकवा दिया गया। इससे निर्माण कार्य पूरा करने में देरी हो रही है। स्मार्ट सिटी के तहत शहर को कूड़ा फ्री बनाने को लेकर 12 ट्रांसफर स्टेशन बनकर तैयार हो चुके हैं और 60 ट्रांसफर स्टेशन शहर के अलग-अलग जोनों में बनाये जा रहे हैं। पिछले दिनों ही नगर निगम ने 41 करोड़ रुपये की लागत से शहर में 30 जगहों पर ट्रांसफर स्टेशन बनाने को लेकर टेंडर खोले हैं। जोन एक में सबसे ज्यादा सात जगह ट्रांसफर स्टेशन बनाया जाना है। एक स्टेशन को बनाने में नगर निगम कुल 13 लाख 82 हजार रुपये खर्च करेगा। अभी चुन्नीगंज, सुतरखाना, कृष्णानगर, बर्रा, किदवई नगर व पनकी में 9.04 करोड़ से नगर निगम के कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बन गये हैं।


लाल इमली के पास विरोध के बाद आधे में फंसा ट्रांसफर स्टेशन का कार्य।

- जोन-2,4,5 और 6 में 11 ट्रांसफर स्टेशनों का काम बीच में बंद
- जनता के विरोध, अतिक्रमण और विभागों की आपत्ति के बाद काम रुका

### क्या है ट्रांसफर स्टेशन

ट्रांसफर स्टेशन में कॉम्पैक्टर गाड़ियों के जरिए घरों से निकला सूखा और गीला कचरा अलग-अलग इकट्ठा किया जाएगा। गाड़ियों से ये कचरा स्मार्ट कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन पर पहुंचेगा। वहां पर मशीनों के जरिये कूड़े को दबाकर कॉम्पेक्ट किया जाएगा। फिर इसको स्टेशन पर रखे गए कैप्सूलनुमा बंद कंटेनरों में भरकर भौंती डंपिंग पहुंचाया जाएगा। कई जगह कूड़े की छंटनी भी की जाती है, लेकिन अभी शहर में यह प्रक्रिया नहीं हो रही है।

### 18 पीसी कॉम्पैक्टर भी

नगर निगम सीमा में 18 पीसी कॉम्पैक्टर भी बनाए जाने हैं। अभी भैरवघाट स्थित कूड़े अडडे पर स्थापित पीसी कॉम्पैक्टर को कूडा संग्रहण कार्य के लिए शुरू कराया गया है। यह एक बार में लगभग 16 एमटी कूड़ा एकत्र कर सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लान्ट भौंती भेज रहा है। ऐसे ही सभी जोन में 18 पीसी कॉम्पैक्टर स्थापित होंगे।

### जगह चिह्नित न होना भी एक समस्या

साईं बिल्डर्स ने नगर निगम को पत्र लिखकर कहा है कि ट्रांसफर स्टेशन के लिये जो जगह चिह्नित कराई गई वहां पहले से अतिक्रमण है। उन्हें हटाने को कहा गया लेकिन हट नहीं रहे हैं। इसके साथ ही कुछ स्थानों को अभी चिह्नित भी नहीं कराया गया है। जिससे कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है।


अधूरा पड़ा काम। अमृत विचार

### इन जगहों पर अतिक्रमण के चलते कार्य बंद

**जोन-2**
- तिवारीपुर में सिविल कार्य लगभग पूर्ण हो जाने के बाद अब कार्य बंद पड़ा है
- श्याम नगर में खुदाई के उपरांत कार्य बंद, यहां पीसीसी और फुटिंग का कार्य हो गया है
- श्याम नगर पुलिस चौकी के पास पीसीसी और फुटिंग के बाद काम बंद

**जोन-4**
- लाल इमली के पास सिविल वर्क 70 फीसदी पूर्ण होकर रुका
- कर्बला में खुदाई के बाद कार्य बंद

**जोन-5**
- गड़रियन पुरवा में सिविल वर्क पूरा होने के बाद काम बंद
- रतनपुर राम लीला मैदान में पीसीसी फुटिंग के कार्य बंद है

**जोन-6**
- जीएसटी और सेल टैक्स कार्यालय के पास प्लिंथ बीम, पिलर और मलबा भराई का कार्य पूरा होने के बाद बंद
- बुद्धा पार्क में खुदाई के बाद मैटेरियल पड़ गया है

# पेंशन का झांसा देकर वृद्धा से दो लाख हड़पे

**कानपुर।** पारिवारिक पेंशन दिलाने का झांसा देकर धोखेबाजों ने वृद्धा के दो लाख रुपये हड़प लिए। पेंशन न आने पर वृद्धा ने पैसे वापसी की मांग की, जिस पर युवक टालमटोल करने लगे। पीड़िता ने कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

सिविल लाइंस दूधवाला बंगला निवासिनी शाजदा खातून (60) के मुताबिक उनके पति की मौत 36 वर्ष पहले हो चुकी है। उनके पिता ओईएफ में थे जिनकी मौत के बाद मां जैनब को पेंशन मिलने लगी। मां की मौत के बाद कुरसवां निवासी शरीफ व सैयद अली उनसे मिले और पारिवारिक पेंशन दिलाने का झांसा दिया। अधिकारी को घूस देने के नाम पर एक लाख रुपये की मांग की। आरोप है कि चेक और एटीएम की फोटो कापी फैक्ट्री में लगाने के नाम पर दोनों की मूलप्रति ले ली। कुछ समय बाद आरोपियों ने खाते में रुपये आने की बात कही। अधिकारी को रुपये देने के नाम पर चेक पर हस्ताक्षर करा लिये और खाते से एक लाख रुपये निकाल लिये। पीड़िता ने कोतवाली थाने में तहरीर दी है।

# हार्डवेयर दुकान का शटर तोड़ माल पार

**कानपुर।** हनुमंत विहार क्षेत्र में हार्डवेयर दुकान का शटर तोड़ चोरों ने नगदी समेत लाखों का माल पार कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

बर्रा 3 ईडब्लूएस निवासी पवन कुमार तिवारी की अर्रा रोड पर मां पीतांबरा हार्डवेयर है। पवन ने बताया कि रविवार सुबह पहुंचे तो देखा कि शटर टूटा पड़ा था, अंदर पहुंचने पर सबमर्सिबल पंप, ईपीवीसी, फिटिंग बास की टोंटी व गुल्लक में रखी 25 हजार नगदी गायब थी। इसपर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो पड़ोस के एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर लोडर पर माल लाद कर ले जाते दिखे। आरोप है कि पुलिस ने थाने में मनमानी तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने का दबाव बनाया। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है।

# स्कूटी सवार को बचाने में पलटा टेंपो चालक की मौत

**कानपुर।** शनिवार दोपहर स्कूटी सवार को बचाने में पनकी नहर के पास पलटे टेंपो चालक की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। सचेंडी सराय निवासी टेंपो चालक सुलेमान (54) शनिवार को सवारियां लेकर विजय नगर से भौंती की ओर जा रहा था। पनकी नहर के पास एक स्कूटी सवार को बचाने में टेंपो पलट गया। हादसे में सुलेमान समेत चार सवारियां घायल हो गई थी। हैलट में भर्ती घायल सुलेमान की रविवार सुबह मौत हो गई।

# समय का सदुपयोग करना ही सफलता की कुंजी : सुधांशु जी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- समय और सामर्थ्य का उपयोग श्रेष्ठ उद्देश्य के लिए करें : सुधांशु महाराज

**अमृत विचार।** जीवन में सफलता के लिए आवश्यक है कि हम नियम और प्रबंधन के साथ रहें। समय और सामर्थ्य का उपयोग हमेशा श्रेष्ठ उद्देश्य के लिए ही करना चाहिए। जीवन में अनुशासन नहीं तो सब बेकार है। दिव्य भक्ति सत्संग महोत्सव सेंट्रल पार्क में चौथे दिन सुधांशु महाराज ने कहा कि समय का सही उपयोग ही सफलता की कुंजी है। इसे हर हाल में ध्यान रखें।

विश्व जागृति मिशन की ओर से शास्त्रीनगर सेंट्रल पार्क में आयोजित सत्संग के चौथे दिन सुधांशु महाराज ने कहा कि जिसकी सुबह अच्छी होती है उसकी रात भी हमेशा अच्छी ही गुजरती है। इसी तरह जिसकी रात अच्छी होती है उसका आनेवाला दिन भी अच्छा ही होगा। सूर्योदय के साथ फूल खिलते हैं। इसका मतलब यही है कि अपने दिन की शुरुआत मुस्कुराते और प्रसन्नता के साथ करें। प्रण लें कि हर दिन खुश रहुंगा और दूसरों में भी खुशी बाटूंगा। महाराज ने कहा कि खुशियों के लिए क्यों करें किसी और का इंतजार, हम ही तो हैं अपनी जिंदगी के शिल्पकार। गुरु कृपा से मन का अंधकार और विकार दूर हो जाता है। शरीर के सभी ऊर्जा केंद्र खुल जाते हैं। रविवार को कथा के बाद महाराज ने भक्तों को गुरुमंत्र देकर गुरुदीक्षा भी दी। इसके बाद ही सत्संग को विराम दिया। इस मौके पर आचार्य रजनीश भट्ट, रामनाथ अग्रवाल, ज्ञानेंद्र विश्नोई, राम शंकर चौरसिया, राधे शिवहरे रहे।


सुधांशु जी।


कथा सुनते भक्त। अमृत विचार

**समस्या** दिल्ली-हावड़ा रूट पर बढ़ रही जानवर कटने की घटनाएं

# छुट्टा पशु रोक रहे ट्रेनों की रफ्तार, लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अपर मंडल रेल प्रबंधक ने डीएम को लिखा पत्र
- समस्या पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने की मांग

**अमृत विचार।** छुट्टा पशु राहगीरों के साथ हाई स्पीड ट्रेनों के लिये भी आफत बन गये हैं। प्रयागराज मंडल के अंतर्गत दिल्ली-हावड़ा रूट पर जानवरों से हादसे बढ़ गए हैं। शहर में आउटर और रेलवे क्रॉसिंग वाले क्षेत्रों में भी पशु समस्या बने हुये हैं। जिसके चलते प्रयागराज मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक अजय कुमार राय ने छुट्टा पशुओं को पकड़ने व गौशालाओं में रखने के लिये कानपुर डीएम को पत्र लिखा है। इसके साथ ही नोडल अधिकारी नियुक्त करने की मांग की है।

दिल्ली-हावड़ा रूट एक व्यस्त मार्ग है। वर्तमान में इस रूट पर सेक्शनल स्पीड 130 किलोमीटर प्रति घंटा है। लेकिन इस स्पीड को मार्च 2024 तक 160 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ाना है।



अपर मंडल रेल प्रबंधक अजय कुमार राय ने बताया कि इस मंडल से प्रतिदिन 350 यात्री गाड़ियां व 400 माल गाड़ियां गुजरती हैं। राजधानी, वंदे भारत जैसी कई प्रीमियम गाड़ियां भी शामिल हैं। कई महीनों से जानवरों के कटने की घटनाएं बढ़ गई हैं। जो ट्रेन की सुरक्षा के साथ ही समय पालन के लिये भी चुनौती हैं। इन घटनाओं के चलते कई बार प्रीमियम ट्रेनों को भी रोकना पड़ जाता है। जिससे ट्रेनों का परिचालन धीमे होता है और ट्रेनें लेट हो जाती हैं।

डीएम को पत्र लिखकर रेलवे ने कहा है कि ट्रैक पर घूमने वाले पशुओं को पकड़ कर कांजी हाउस भिजवाया जाए। गौशाला स्वामियों व पशुपालकों के साथ बैठक कर इस समस्या की गंभीरता को बताया जाये। पशुओं को रेलवे ट्रैक के नजदीक न आने दिया जाये। इसके लिये जनजागरुकता अभियान भी चलाया जाये।

### जिले से नोडल अधिकारी करें नियुक्त

अपर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि शहर के क्षेत्राधिकारी, खंड विकास अधिकारी व ग्राम प्रधानों को छुट्टा पशुओं को रोकने के लिये जरूरी अभियान चलाने के निर्देश दिये जाएं, इसके साथ ही जिले से नोडल अधिकारी नियुक्त करने की भी मांग की है।

# कलह से परेशान अधेड़ ने दी जान

**कानपुर।** परिवारिक कलह से परेशान अधेड़ ने रविदासपुरम में ट्रेन के आगे आकर जान दे दी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

रविदासपुरम निवासी प्राइवेटकर्मी रामकुमार (56) पत्नी विमला के साथ किराये के मकान में रह रहा था। विमला ने बताया कि उनके दो बेटे व एक बेटी है। परिवार में छोटी-छोटी बात को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था, जिस कारण रामकुमार परेशान रहते थे। एक बेटा संजय परिवार से अलग रहता है। उन्होंनें बताया कि शनिवार दोपहर रामकुमार घर से निकला और रविदासपुरम के पास से गुजर रही रेलवे लाइन पर ट्रेन के आगे आकर जान दे दी। बाद में मौके पर पहुंची गोविंद नगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# दिव्यांगों ने मांगी राजनीतिक भागीदारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी की बैठक रविवार को शास्त्रीनगर सेंट्रल पार्क में हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनों को राजनैतिक भागीदारी दिलाए बगैर सामाजिक समानता संभव नहीं है। जब तक नौकरी, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक सुरक्षा में सौ फीसदी गारंटी के लिए समानता कानून नहीं बन जाता, दिव्यांगजन समाज की मुख्य धारा से नहीं जुड़ जाएंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राजनैतिक दल दिव्यांगजनों को संविधान में दिए गए अधिकार नही देना चाहते हैं। देश में दिव्यांगजनों की जनसंख्या कुल आबादी का तीन प्रतिशत है। ये आंकड़ा तब का है जब दिव्यांगजन की चार श्रेणियां होती थीं, मौजूदा समय में 21 श्रेणियां हैं। इस हिसाब से दिव्यांगजनों की आबादी और बढ़ी है। हम चुनाव आयोग व सभी राजनैतिक दलों से लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा, विधानपरिषद में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण की मांग करते हैं। राजनैतिक दल दिव्यांगजनों का वोट तो चाहते हैं, लेकिन अधिकार नहीं देना चाहते। जिला अध्यक्ष राहुल कुमार ने बैठक में दिव्यांगजन के उत्पीड़न का एक मामला राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने रखा। जिस पर निर्णय हुआ कि 28 फरवरी को पुलिस आयुक्त से मिलकर कार्रवाई की मांग की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष आनंद तिवारी, अल्पना कुमारी, अशोक कुमार, अरविंद आदि रहे।


दिव्यांगजनों ने बैठक कर मांगें उठाईं। अमृत विचार




**आज का मौसम**
तेज धूप खिली रहेगी। तेज हवा भी चलेगी

| | |
|---|---|
| $25.6^0$ अधिकतम तापमान | $10.0^0$ न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 36 | सूर्यास्त 06 : 08 |

## शहर में आज

- **मैच :** अंडर 23 मुकाबले में दूसरे दिन यूपी व सौराष्ट्र की टीमों में भिड़त ग्रीनपार्क में सुबह नौ बजे।
- **उद्घाटन :** डिफेंस कोरिडोर का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उद्घाटन साढ़ में दोपहर 3 :30 बजे।
- **शिलान्यास :** अनवरगंज व गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन अमृत विकास योजना के तहत पुर्नविकास कार्यों का शिलांयास सुबह 10 :45।

## एक नजर

### पत्नी की मौत से दुखी युवक ने लगाई फांसी

**कानपुर।** कोहना थानाक्षेत्र में नौ महीने पहले पत्नी की मौत के बाद से अवसाद में चल रहे युवक ने पंखे से लटक कर जान दे दी। गंगा रोड, पुराना कानपुर निवासी दीपक श्रीवास्तव (45) की पत्नी भारती की बीते नौ मई को हार्ट अटैक के कारण मौत हो गई थी। जिसके बाद से दीपक अवसादग्रस्त रहते थे। प्रदीप ने बताया कि शनिवार देर रात दीपक ने बेडशीट का फंदा बना कर पंखे से लटक कर जान दे दी। सुबह शव फंदे से लटका देखा।

# एशिया का सबसे बड़ा आयुध कारखाना तैयार

## साढ़ में अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस यूनिट का आज उद्घाटन


**डिफेंस कॉरिडोर**

- अगले माह से मेक इन इंडिया के तहत गोला-बारूद और हथियारों का उत्पादन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस का एशिया का सबसे बड़ा आयुध कारखाना बनकर तैयार हो गया है। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका उद्घाटन करेंगे। जानकारी के मुताबिक इस दौरान थल सेनाध्यक्ष मनोज पांडेय भी उपस्थित रहेंगे। अगले माह से कारखाने में मेक इन इंडिया के तहत हथियारों का उत्पादन शुरू हो जाएगा। 200 हेक्टेयर क्षेत्रफल बनी इकाई में तोप, गोला-बारूद, छोटी दूरी की मिसाइल, ड्रोन आदि बनाए जाएंगे।

डिफेंस कॉरिडोर स्थित अडाणी कॉम्प्लेक्स के स्माल कैलिबर एम्यूनेशन मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में यूनिट के शुभारंभ पर रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई विशेषज्ञ शामिल होंगे। प्लांट की पहली यूनिट में सबसे पहले रायफल लाइट मशीन गन (एलएमजी) एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। अगले चरण में आर्टिलरी गन गोला-बारूद तोपें और हैंड ग्रेनेड समेत सेना के लिए अलग-अलग तरह के अस्त्र-




शस्त्र व सुविधाओं संबंधित उत्पाद बनेंगे। समारोह के दौरान रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ यूनिट में उन्नत किस्म के बनने वाले उत्पादों के प्रोटोटाइप से विशेषज्ञों को रूबरू कराया जाएगा। प्रोजेक्टर के माध्यम से आयुध क्षेत्र में होने वाले विकास को दर्शाया जाएगा।

अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की यूनिट में सबसे पहले रायफल, लाइट मशीन गन, एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। स्नाइपर रायफल का निर्माण भी होगा। इसके बाद अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें और हैंड ग्रेनेड समेत सेना के जवानों के लिए अलग-अलग तरह के अस्त्र-शस्त्र का निर्माण यहां शुरू होगा। सेना के उपयोग में लाए जाने वाले कई उपकरण और सामग्रियां भी यहां बनाई जाएंगी।

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़े कदम

भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2018-19 में भारत ने 46 फीसदी के मुकाबले 2022-23 में सिर्फ 36.7 फीसदी ही अन्य देशों से खरीद की गई। इसके उलट 2021-22 में डिफेंस एक्सपोर्ट बढ़कर लगभग 15 हजार करोड़ रुपये हो गया।

### आज रूट डायवर्जन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नगर आगमन पर सोमवार को शहर का यातायात बदला रहेगा। कई मार्गों पर रूट डायवर्जन किया है। हमीरपुर से आने वाले सभी प्रकार के वाहन घाटमपुर होते हुए कानपुर नगर नही आ सकेंगे। इन वाहनों के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। जिसके तहत ये वाहन सजेती से धरमंगदपुर होते हुए मूसानगर या गजनेर होते हुए कानपुर नगर आएंगे। इसी के साथ हमीरपुर से लखनऊ, पूर्वी उत्तर प्रदेश को जाने वाले वाहन अनूपपुर मोड से बरीपाल होते हुए चौड़गरा जाएंगे या घाटमपुर से चौडगरा होते हुए आगे के लिए रवाना होंगे। नौबस्ता से हमीरपुर की ओर जाने वाले वाहन सीधे घाटमपुर की ओर न जाकर नौबस्ता से किसान नगर, रायपुर कानपुर देहात से गजनेर होते हुए घाटमपुर, हमीरपुर की ओर जाएंगे।

# दो स्टेशनों का पीएम करेंगे वर्चुअल शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नगर के गोविंदपुरी और अनवरगंज स्टेशन का सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल शिलान्यास करेंगे। इसकी तैयारियां लगभग पूरी हैं। स्टेशन परिसर में होने वाले कार्यक्रमों की चिह्नित जहग पर रविवार को टेंट आदि का प्रबंध कराया गाय। वहीं परिसर में दिनभर सफाई अभियान चला। किन स्कूलों के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे, किन बच्चों को पुरस्कृत किया जाना है। इन सभी चीजों पर रेलवे अधिकारियों ने जिम्मेदारी सौंपी।

रेलवे एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर व ओंकारेश्वर स्कूल के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। बीते सप्ताह बच्चों की निबंध व कला प्रतियोगिता हुई थी। जिसमें नगर के बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्हें इसी समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। एसीएम ने बताया कि सांसद, विधायक समेत जिन अतिथियों को आना है, सभी से स्वीकृत मिल गई है।


अनवरगंज स्टेशन पर वर्चुअल शिलान्यास की तैयारी। अमृत विचार

### सुनील तिवारी कोऑर्डिनेट करेंगे पीएम का कार्यक्रम

कानपुर। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि अमृत भारत रेलवे स्टेशनों के लोकार्पण कार्यक्रम को कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के मंत्री सुनील तिवारी कोऑर्डिनेट करेंगे। इन सभी कार्यक्रमों में भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बताए गए स्टेशनों पर संख्या के साथ पहुंचकर लाइव कार्यक्रम को देखेंगे एवं सुनेंगे। कार्यक्रम के बाद सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री की ओर से किए गए लोकार्पण को बूथ चलो-बूथ जीतो अभियान के अंतर्गत हर मतदाता तक पहुंचाएंगे। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अंतर्गत होने वाले अमृत भारत लोकार्पण कार्यक्रम में शहर के विशिष्ट जनों व्यापारियों, प्रबुद्ध जनों को आमंत्रित किया गया है।

### फिनिशिंग का काम चल रहा

एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गोविंदपुरी स्टेशन पर कई कामों का ढांचा तैयार है। वीआईपी हॉल, वेटिंग रूम, कैफेटेरिया समेत कई काम अंतिम दौर में चल रहे है। सिर्फ फिनिशिंग का काम बचा है। फिनिशिंग के लिए भी सामान उपलब्ध कराया दिया गया है। वहीं अनवरंगज रेवले स्टेशन पर भी कई कामों का ढांचा तैयार है। पहली मंजिल पर कर्मचारियों व अधिकारियों का ऑफिस तैयार है। रास्ता चौड़ीकरण का काम चल रहा है, पार्किंग का काम भी तेजी से चल रहा है। वर्चुअल शिलान्यास के बाद कामों में और गति आएगी।

### अनवरगंज को टर्मिनल बनाने का प्रस्ताव

एसीएम ने बताया कि अनवरगंज स्टेशन पर ट्रेनों का स्टापेज बनाने का प्रस्ताव है। इस पर काम चालू है। स्टापेज का प्रयास करने का प्रमुख कारण है कि ट्रेनों के लोड को काम किया जाना है। आगे अनवरगंज स्टेशन को टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां ट्रेनों को ठहराव दिया जाएगा। जिससे काफी हद तक समस्याओं का समाधान होगा।

### मुख्यमंत्री से नहीं मिलवाया तो परिवार संग उठाएंगे आत्मघाती कदम

कानपुर। उन्नाव निवासी पिता ने कैंट स्थित स्कूल की शिक्षिका के खिलाफ बेटे को यौन प्रलोभन देकर धर्मांतरण के प्रयास के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पिता का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। पिता के मुताबिक रविवार को उन्हें डीसीपी ईस्ट ने कैंट थाने बुलाया था। उन्हें तथ्यों के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। छात्र के पिता की मांग है कि शिक्षिका का पक्ष लेकर उनसे अभद्रता करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो। लेकिन उच्चाधिकारी संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं ऐसे में उन्हें न्याय की उम्मीद कम है। वह मुख्यमंत्री से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाएंगे। पिता अपनी कार की विंड स्क्रीन पर ब्राह्मण परिवार को न्याय देने की बात सीएम को संबोधित करते हुए पोस्टर लगाकर घूम रहे हैं। पिता के मुताबिक अगर पुलिस ने उनको सीएम से नहीं मिलवाया तो वह आत्मघाती कदम उठाने की सोच रहे हैं।

# मुकदमे के खिलाफ मंडल अध्यक्षों की चेतावनी

- सांसद सत्यदेव पचौरी से कहा वापस करायें मुकदमा, नहीं तो पार्टी के कार्य नहीं करेंगे
- सांसद ने सीपी से की बात, दिया आश्वासन, मंडल अध्यक्षों ने पूर्व सीएम से भी रखी बात



कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शास्त्री नगर में पिंक टॉयलेट बनाने को लेकर क्षेत्रीय सपा समर्थित पार्षद विनोद गुप्ता व भाजपा मंडल अध्यक्ष वात्सेय त्रिपाठी के बीच हुआ विवाद गहराता जा रहा है। वात्सेय त्रिपाठी के खिलाफ काकादेव में लिखे गये मुकदमे को वापस लेने की मांग को लेकर उत्तर जिले के सभी 13 अन्य मंडल अध्यक्ष सांसद सत्यदेव पचौरी के पास पहुंचे। सभी ने कहा कि उनके मुकदमें को तुरंत वापस कराया जाये। सांसद ने सीपी अखिल कुमार से बात की। मंडल अध्यक्षों ने कहा कि आज तो हम मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम में शामिल हो गये लेकिन जब तक मुकदमा वापस नहीं होता हम आगे कोई पार्टी के अभियानों में भाग नहीं लेंगे।

उत्तर के सभी मंडल अध्यक्षों ने शहर आये पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा से भी यहीं मांग की। विष्णुपुरी में क्षेत्रीय अध्यक्ष और विधायकों के सामने मंडल अध्यक्षों का रूप देखकर पार्टी के अन्य नेता आवाक दिखे। बीते शुक्रवार को वार्ड में शास्त्री नगर पुलिस चौकी के पास नगर निगम निधि से पिंक टॉयलेट निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम शास्त्री नगर वार्ड 91 से सपा समर्थित पार्षद विनोद गुप्ता ने रखा था। क्षेत्रीय व्यापारी व क्षेत्र में रहने वाले भाजपा लाजपत नगर मंडल अध्यक्ष वात्सेय त्रिपाठी विरोध कर रहे थे। जिस पर पार्षद विनोद से उनका विवाद हो गया। विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंची शास्त्री नगर चौकी इंचार्ज दोनों पक्षों को थाने ले आए। मंडल अध्यक्ष से विवाद की जानकारी पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश तिवारी चौकी पहुंचे।

भाजपा मंडल अध्यक्ष वात्सेय त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि वह जिला उपाध्यक्ष को चौकी में मामले की जानकारी दे रहे थे, इसी दौरान पार्षद विनोद व उनके भांजे लोहिया वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष विनय गुप्ता ने उनके संग मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की सूचना पर चौकी में भाजपाईयों का तांता लग गया। कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। आरोपी पार्षद व उसके भांजे को जेल भेजा गया है।

### टॉयलेट की जगह दोबारा निर्माण कराने का विवाद

पार्षद पुलिस चौकी के नजदीक पिंक टॉयलेट का निर्माण कराने जा रहे थे, वहां पर पहले से ही टॉयलेट बना हुआ है। जो देखरेख के अभाव में जर्जर होता जा रहा है। भाजपाई इसके बदले काली मठिया के पास टॉयलेट निर्माण कराने की मांग कर रहे हैं, जब कि पार्षद वहीं पर निर्माण करने पर तुले हुए हैं। इसी को लेकर विवाद शुरू है।

**बदलाव** इस सड़क पर आज से लागू हो जाएगा पूर्ण डायवर्जन

# मेट्रो कार्य : देवकी-नीरक्षीर रोड आज से बंद



बेरीकेडिंग लगाकर रोड बंद कर दी गई। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। काकादेव क्षेत्र में भूमिगत मेट्रो स्टेशन निर्माण कार्य शुरू होने के चलते रविवार को देवकी चौराहा से नीरक्षीर चौराहा के बीच यातायात बंद कर दिया गया। सोमवार से यहां पूरी तरह से डायर्वजन लागू होगा। यातायात पुलिस ने बताया कि रेवमोती मॉल की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हें देवकी चौराहा होकर नीरक्षीर चौराहा जाना है, वह देवकी चौराहा से बाये मुड़कर काकादेव थाना से दाहिने मुड़कर इंद्रा एवेन्यू रोड होते हुए बीमा अस्पताल पांडु नगर की तरफ जा सकेंगे।

इसी तरह डबल पुलिया की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हें नीरक्षीर चौराहा होकर देवकी चौराहा की तरफ जाना है, वह नीरक्षीर चौराहा से बायें मुड़कर टिप्सा ऑफिस तिराहा से दाहिने मुड़कर भदौरिया चौराहा होते हुये अपने गंतव्य जा सकेंगे।

मेट्रो निर्माण के चलते यह मार्ग दो वर्षों के लिये बंद रहेगा। जिसके लेकर यातायात विभाग और मेट्रो ने मिलकर तैयारी पूरी कर ली है। कानपुर मेट्रो के लगभग 8.6 किमी लंबे कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा-8) में तीन भूमिगत स्टेशनों रावतपुर, काकादेव और डबल पुलिया का निर्माण होना है। इस कार्य के लिए दिसंबर 2023 में केपीआईएल, गुलेरमक संयुक्त उद्यम को टेंडर अवॉर्ड किया गया था। इसके तहत भूमिगत सेक्शन में टीबीएम से टनल निर्माण, डबल पुलिया के बाद रैंप, मुख्य लाइन और डिपो को जोड़ने के लिए कॉरिडोर-2 के डिपो में रैंप तथा भूमिगत मेट्रो स्टेशनों के वास्तुशिल्प व फिनिशिंग कार्य होने हैं।

### मेट्रो डिपो में हुई 22वीं मेट्रो ट्रेन की अनलोडिंग

कानपुर। शहर में मेट्रो निर्माण कार्य के साथ ही मेट्रो संचालन को सुदृढ़ व और बेहतर बनाने के लिए नई ट्रेनों के पहुंचने का क्रम जारी है। रविवार को मेक इन इंडिया परिकल्पना के तहत सावली में तैयार 22वें ट्रेन की अनलोडिंग गुरुदेव चौराहा स्थित मेट्रो डिपो में की गई। शहर में मोतीझील से आगे माल रोड तक मेट्रो को इसी वर्ष चलाने की तैयारी है। जिसको लेकर निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। इसको लेकर मेट्रो प्रशासन रेलों की संख्या बढ़ाता जा रहा है ताकि, सही समय पर ट्रेनों को ट्रैक पर उतारा जा सके।


मेट्रो की नई ट्रेन आई।



## एक नजर

### अराजकतत्वों ने मंदिर में की तोड़फोड़

**घाटमपुर।** चौकी नंदना के गांव अगापुर गांव में काली देवी मंदिर में मूर्ति तोड़कर अराजकता फैलाने का प्रयास किया गया। पुलिसकर्मियों ने जांच की और लोगों से पूछताछ की। क्षेत्र के रामू निगम ने बताया कि सुबह उनकी पत्नी पूजा करने के लिए गईं तो मूर्तियों को खंडित पाया था। कुछ मूर्ति के पत्थर भी गायब कर दिए गए। मूर्ति तोड़े जाने के बाद गांव में आक्रोश व्याप्त है। चौकी इंचार्ज नंदना आशीष ने बताया कि जांच कर दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरियों से अभद्रता

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के सारेगामा गांव निवासी कृपा शंकर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 22 फरवरी को तीन बेटियां अखंड रामायण से प्रसाद लेकर लौट रही थीं। रास्ते में गांव के दबंग नवाब सिंह ने उनके साथ अभद्रता की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आरोपियों की तलाश शुरू की है।

# बेड 11 गुना बढ़े पर ओपीडी में मरीजों का मेला


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर के इतिहास की दस्तान सुनाता है, शहर के बीच बड़ा चौराहा के समीप बना उर्सला हॉर्समैन मेमोरियल हॉस्पिटल। वर्तमान में यह जिला अस्पताल है। 26 फरवरी 1937 को जब इसकी स्थापना हुई थी, तब यहां पर 50 बेड की सुविधा थी। आज अस्पताल में 550 बेड की सुविधा है। अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन करीब दो हजार मरीज इलाज कराने आते हैं, गर्मियों में यह आंकड़ा तीन हजार तक पहुंच जाता है। औसतन 22 ऑपरेशन, 60 से 70 अल्ट्रासाउंड और 10 एमआरआई प्रतिदिन की जाती हैं। हर माह 700 मरीजों की डायलिसिस व 500 से अधिक मरीजों के सीटी स्कैन किए जा रहे हैं।




**स्टाफ का लेखा-जोखा**

| | |
|---|---|
| डॉक्टर | 61 |
| रेजिडेंट | 32 |
| फार्मासिस्ट | 35 |
| स्टाफ नर्स | 120 |
| चतुर्थ श्रेणी कर्मी | 80 |



उर्सला अस्पताल की फाइल फोटो।



उर्सला अस्पताल में बेहतर सुविधाओं का लाभ मरीजों को मिल रहा है। यहां पर कान की बेरा व पीटीए मशीन, सर्जरी व आर्थो ओटी में हाइटेक ऑटो क्लेव मशीन व 70 बेड एचएएल ने उपलब्ध कराए है। दिसंबर 2023 में 62 तो जनवरी माह में 170 आयुष्मान लाभार्थियों को लाभ दिया गया। आभा एप से इलाज करने में अस्पताल प्रदेश में प्रथम रहा है। मंडल में सिर्फ उर्सला अस्पताल में ही बर्न यूनिट का संचालन हो रहा है।

**डॉ. एसपी चौधरी, निदेशक, उर्सला अस्पताल**



बीते 10 वर्षों में अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं काफी बेहतर हुई है। अस्पताल के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है। इसलिए प्रतिदिन मरीजों की भीड़ होती है। अस्पताल को अब सुपर स्पेशिएलिटी सुविधाओं की दरकार है। यहां पर स्पेशिएलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती होने पर गंभीर व जटिल बीमारियों का इलाज आसानी से हो सकेगा और मरीजों को हायर सेंटर रेफर करने की जररूत नहीं पड़ेगी।

**डॉ.शैलेंद्र तिवारी, सीएमएस उर्सला अस्पताल**

### 2010 के बाद तेजी से बढ़ीं सुविधाएं

- उर्सला अस्पताल में पहले एक ही बिल्डिंग में ओपीडी चलती थी और मरीजों को भर्ती किया जाता था। अस्पताल का कायाकल्प वर्ष 2010 से होना शुरू हुआ। वर्ष 2011 में प्राइवेट वार्ड बने, 2012 में जीरियाटिक वार्ड, 2013 में डायलिसिस यूनिट और वर्ष 2015 में ओपीडी की बिल्डिंग बनी। इसके साथ ही यहां आईसीयू, बर्न यूनिट, कार्डियक यूनिट, फिजियोथेरेपी, एमआरआई, सीटी स्कैन, वेंटीलेटर, पीबीयू, नियोनेटल यूनिट, सीआर्म, डिजिटल एक्सरे, पैथालॉजी, ब्लड बैंक, ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट व अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा है।

# हॉर्समैन ने अस्पताल बनवा के शहर को दी सेहत की निशानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **विमान हादसे में पत्नी उर्सला की मौत के बाद याद में बनवाया था अस्पताल**
- **आज ही के दिन 87 साल पहले हुई थी अस्पताल की स्थापना**

**अमृत विचार।** ब्रिटिश सरकार के ऑफिसर रहे अल्बर्ट फ्रांसिस हॉर्समैन का बेटा अल्बर्ट हॉर्समैन अपनी पत्नी उर्सला से बेपनाह मोहब्बत करता था। उस समय उर्सला को हुस्न-ए-मल्लिका उपनाम तक से संबोधित किया जाता था। अल्बर्ट हॉर्समैन का विवाह वर्ष 1921 में उर्सला के साथ हुआ था।

दोनों को मोराइनी, हेनरी, जॉन और पीटर नामक चार संताने हुईं। लेकिन वर्ष 1935 में ब्रिटिश इंपीरियल एयरवेज के विमान हादसे में उर्सला की मौत हो गई।

इस घटना ने अल्बर्ट हॉर्समैन और उसके छोटे भाई हेनरी हॉर्समैन को बेहद व्यथित कर दिया था। इसी के बाद उन्होंने उर्सला की स्मृतियों को सहेजने के लिए परेड ग्राउंड के पास उनके नाम पर अस्पताल की स्थापना की।

कानपुर में 26 फरवरी 1937 को उर्सला अस्पताल बनकर तैयार हुआ। आज यह कानपुर का जिला अस्पताल है। वर्ष 2010 में हॉसर्मन के पौत्र व उनकी पत्नी अस्पताल आई थीं। लेकिन इसके बाद परिवार का कोई सदस्य अभी तक नहीं आया है।

# थाने पर वकीलों का हल्ला बोल, थानेदार हटे

## पुलिस भर्ती परीक्षा में नकल कराने के आरोप में पकड़े गए अधिवक्ता को छुड़वाने गए थे, पुलिस से भिड़ंत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा में नकल कराने के आरोप में शनिवार को पकड़े गए अधिवक्ता को वकीलों ने रविवार दोपहर गोविंदनगर थाने में पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाने का प्रयास किया तो पुलिस से तीखी झड़प हो गई। अधिवक्ताओं ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। सैकड़ों अधिवक्ताओं ने थाना घेरकर नारेबाजी शुरू कर दी। एडीसीपी साउथ समेत बाबूपुरवा व नौबस्ता सर्किल का फोर्स मौके पर पहुंचा और वकीलों को शांत कराने का प्रयास किया। आक्रोशित वकील गोविंद नगर इंस्पेक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निलंबन की मांग पर अड़े रहे। करीब चार घंटे तक चले हंगामे के बाद थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया। नकल कराने के आरोपी अधिवक्ता को जेल भेज दिया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में बीते रविवार को रतनचंद्र खत्री स्कूल में द्वितीय पाली में केंद्र व्यवस्थापक राजकिशोर ने कुलगांव के खलार गांव निवासी प्रदीप कुमार को पर्ची से नकल करते हुए पकड़ा था। गोविंद नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पूछताछ के दौरान प्रदीप ने बसंत विहार निवासी अधिवक्ता आशीष सचान के नकल में सहयोग करने की बात कही थी। जिसके बाद शनिवार को गोविंद नगर पुलिस ने आरोपी अधिवक्ता को हिरासत में लिया था। रविवार सुबह करीब 11 बजे आरोपी अधिवक्ता की पैरवी में लायर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्ष कुमार, सुशील कुमार सिंह उर्फ सागर यादव, आशीष शर्मा, अनूप सचान समेत कई अधिवक्ता पहुंचे और आरोपी को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाने का प्रयास किया।

इस दौरान गोविंद नगर इंस्पेक्टर की अधिवक्ताओं से झड़प हुई। अधिवक्ता सागर यादव ने आरोप लगाया कि गोविंद नगर इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने पुलिस बल के साथ उनके साथ मारपीट कर थाने में बैठा लिया। अधिवक्ताओं संग मारपीट की सूचना पर बार काउंसिल उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय, लायर्स एसोसिएशन के महामंत्री अभिषेक तिवारी, पूर्व लायर्स महामंत्री प्रत्याशी सुनील कुमार पांडेय, राघवेंद्र प्रताप सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने थाने पहुंच कर हंगामा शुरू कर दिया। आक्रोशित अधिवक्ता थाना प्रभारी विक्रम सिंह समेत पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनके निलंबन की मांग करते हुए धरने पर बैठ कर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। हंगामे की सूचना पर एडीसीपी अंकिता शर्मा, एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह, एसीपी बाबूपुरवा अमरनाथ यादव समेत बाबूपुरवा व नौबस्ता सर्किल का फोर्स मौके पर पहुंचा। हंगामा बढ़ने पर पीएसी की एक कंपनी भी मौके पर पहुंची। करीब चार घंटे तक चले हंगामे के बाद गोविंदनगर इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर किया गया, जिसके बाद वकील शांत हुए।




गोविंदनगर थाने में धरने पर बैठे अधिवक्ता। अमृत विचार



एडीसीपी से वार्ता के बाद माने अधिवक्ता। अमृत विचार

### फुटेज में अभिरक्षा से छुड़ाते हुए कैद हुए वकील

पुलिस पर मारपीट का आरोप लगा रहे अधिवक्ता सीसीटीवी कैमरों की जांच की मांग करने लगे, जिसमें वह खुद फंसे नजर आए। एडीसीपी ने परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जिसमें अधिवक्ता आरोपी आशीष सचान को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाते हुए कैद हो गए।

पुलिस भर्ती परीक्षा में पकड़े गए नकलची ने पूछताछ के दौरान आरोपी अधिवक्ता का नाम बताया था। जिस पर उसे हिरासत में लिया गया था। अधिवक्ताओं ने आरोपी को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाने का प्रयास किया, जिस पर गोविंद नगर इंस्पेक्टर से उनकी झड़प हुई थी। इंस्पेक्टर को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले की जांच तीन दिन में कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**अंकिता शर्मा, एडीसीपी साउथ**

# डेयरी कारोबारी को मिली हाईकोर्ट से जमानत

**कानपुर।** इंदिरा नगर के गुलमोहर अपार्टमेंट प्रकरण में मुख्य अभियुक्त डेयरी कारोबारी प्रतीक वैश्य को हाईकोर्ट से राहत मिल गयी है।

गुलमोहर रेजीडेंसी अपार्टमेंट के 10वें फ्लोर से युवती के गिरने से मौत हो गयी थी। पुलिस ने जांच के बाद मॉडल डेयरी के मालिक प्रतीक वैश्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जांच में यह भी सामने आया था कि युवती के साथ हत्या से पूर्व दुष्कर्म किया गया था। प्रतीक के खिलाफ दुष्कर्म, हत्या व सबूत मिटाने की धाराओं में चार्जशीट भी कोर्ट में दाखिल की थी। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अदालत को बताया था कि पोस्टमार्टम में मृतका के शरीर पर 25 चोटें मिली थीं। यह चोट दसवीं मंजिल से फेंके जाने की वजह से आईं। लेकिन जिस तरह से बालकनी से 6.64 मीटर दूर मृतका की स्मार्ट वाच, जूतियां पड़ी मिलीं, उससे संघर्ष का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद जमानत याचिका स्वीकार की है।






संगीतांजलि में मंत्रमुग्ध हुए श्रोता। अमृत विचार

# रचनाओं और भजन पर लोगों ने बजाईं तालियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** संगीतांजलि सांस्कृतिक संस्था व संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में सिविल लाइंस यूनाइटेड पब्लिक स्कूल में वसंतोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. नंदिनी रस्तोगी, विशिष्ट अतिथि प्रो. इंद्र मोहन रोहतगी, कार्यक्रम अध्यक्ष पंडित विनोद द्विवेदी व संस्कार भारती के संरक्षक डॉ. अंगद सिंह ने दीप जलाकर समारोह का शुभारंभ किया। कविता सिंह ने स्वस्तिवाचन किया। रश्मि सविता ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

वसंतोत्सव की शुरूआत जयशंकर प्रसाद की रचित गीत यह पीला जोड़ा पीली चूड़ियां गाकर कविता सिंह ने वाहवाही लूटी। डॉ. मोनिका सिंह ने श्याम सलोने सांवरिया... प्रस्तुत किया। हारमोनियम पर आदित्य प्रताप सिंह व तबले पर शेखर सिंह ने संगत दी। डॉ. रचना ने मेरे पिया गए विदेश मलिनिया अब न वसंत मनाऊं गाया तो मौजूद लोग वाह-वाह करने लगे। रचना का साथ तबले पर अरविंद ने व कुशल ने संगत दी। आशुतोष पांडेय, विशाल बाजपेई, मृदुल अवस्थी ने सामूहिक रूप से राग केदार में वसंत ॠतु आई रे व राग भैरवी में राम भजन प्रस्तुत किया। संस्कार भारती के सचिव दिवाकर निगम ने आभार व्यक्त किया। प्रांतीय कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ. दीपा पाठक, तुषमुल, अजय पाठक, संतोष दीक्षित, आदर्श त्रिपाठी, संजीव कटिहार, गीता निगम, अमित अग्रवाल, आशुतोष तिवारी रहे।



सफाई करतीं मिशन की सदस्य। अमृत विचार



कूड़ा इकट्ठा कर भरकर फेंका गया। अमृत विचार

# निरंकारी सेवादल ने घाटों पर की सफाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सदगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रविवार को निरंकारी चेरीटेबल फाउंडेशन की ओर से तीन स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया।

संत निरंकारी मिशन की ओर से प्रोजेक्ट अमृत का शुभारंभ 2023 में हुआ था।

रविवार को सुबह सात बजे निरंकारी मिशन सेवा दल के भाई व बहनों ने तीन स्थानों सरसैया घाट, भगवतदास घाट व सीटीआई नहर पर सफाई अभियान चलाया। पांडुनगर, कल्याणपुर शाखा ने सरसैया घाट, श्यामनगर शाखा ने भगवतदास घाट व गोविंदनगर शाखा के सदस्यों ने सीटीआई नहर को साफ किया। पहले निराकार परमात्मा की प्रार्थना हुई। इसके बाद अलग-अलग स्थानों पर सुमित मिश्रा, प्रियंका, सुशील पुरी ने अभियान का शुभारंभ कराया। जागरुकता के लिए बैनर व पोस्टर लगाए गए। निरंकारी मिशन के मेंबर इंचार्ज मनमोहन छाबड़ा ने बताया कि यह अभियान कई प्रदेशों में चलाया जा रहा है।

# श्रीअन्न खाने और जीवनशैली में सुधार से शुगर कंट्रोल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** देश में डायबिटीज के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, जिसकी मुख्य वजह जीवनशैली व खानपान में बदलाव और मिलेट्स (श्रीअन्न) का सेवन न करना है। यह बीमारी लाइलाज है, लेकिन शुरुआत में ही इसकी जानकारी होने पर मिलेट्स के सेवन से यह ज्यादा हावी नहीं हो पाती है। इसके साथ ही व्यायाम व योग भी जरूरी है। ऐसा करने पर व्यक्ति की दवा पर निर्भरता कम हो सकती है। यह जानकारी डॉ.सौरभ मिश्रा ने दी।

सोसाइटी फॉर प्रीवेंशन एंड अवेयरनेस ऑफ डायबिटीज ने रविवार को सिविल लाइंस स्थित मर्चेंट चेंबर हॉल में कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें श्री अन्न का डायबिटीज प्रबंधन में महत्व पर विशेषज्ञों ने चर्चा की। अखिल भारतीय डाइटिशियन समिति की उपाध्यक्ष शिल्पा जोशी ने बताया कि भोजन में फाइबर व प्रोटीन की मात्रा बढ़ाने पर हम शुगर को कंट्रोल में रख सकते हैं। सभी श्रीअन्न ग्लुटिन फ्री होते हैं। इससे सिलियक डिसीज से ग्रस्त व्यक्ति भी अपने आहार में सम्मलित कर सकते हैं। सोसाइटी के कोषाध्यक्ष डॉ.दीपक याग्निक ने बताया कि श्रीअन्न का दैनिक जीवन में समावेश करने से व्यक्ति कई मेटाबॉलिक डिसीज को नियंत्रण में रख सकता है, जिनमें डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, मोटापा आदि शामिल हैं। सोसाइटी में कार्यकारिणी सदस्य डॉ.रिशी शुक्ला डॉ.संगीता शुक्ला, सुमित गुप्ता, आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदनी रस्तोगी, सचिव डॉ.कुणाल सहाय, डॉ.अपराजिता मिश्रा, डॉ.भास्कर गांगुली, डॉ.पीसी बाजपेई, डॉ.शिवेंद्र वर्मा, डॉ.विनय कटियार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



दीप प्रज्जवलन करते डॉ.दीपक याग्निक, डॉ.संगीता शुक्ला, डॉ.ऋषि शुक्ला, आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदनी रस्तोगी, डॉ.अतुल कपूर, शिल्पा जोशी। अमृत विचार

### अजिनोमोटो ब्रेन को करता है उत्तेजित

- एशिया पेसिफिक सोसायटी फॉर हाइपरटेंशन के अध्यक्ष डॉ.नरसिंह वर्मा ने बताया कि पहले भारत में श्री अन्न का ही प्रयोग अधिक होता था। क्योंकि पुराने ज्यादातर व्यंजनों में श्री अन्न व स्वास्थ्य का मिश्रण होता था। मिलेट्स में कैलोरी कम होती है। जबकि गेहूं व चावल में कैलोरी की मात्रा कम होती है। मिलेट्स के सेवन से डायबिटीज, थायराइड, फैटी लिवर, हाईपरटेंशन आदि बीमारियों से बचा जा सकता है। अब भारत में फास्ट फूड के सेवन का प्रचलन काफी तेजी से बढ़ा है। मैदे से बने फास्ट फूड शरीर में अजिनोमोटो पैदा करते हैं, जिससे ब्रेन उत्तेजित होता है। इसलिए आज के युवा उत्तेजित होकर आत्महत्या, हत्या जैसे घातक कदम उठाते हैं।

### डायबिटीज के लिए रामबाण है मिलेट्स

- डॉ.सौरभ मिश्रा ने बताया कि जो व्यक्ति डायबिटीक है, उनके लिए मिलेट्स रामबाण है। उनको शुगर कंट्रोल करने के लिए खाने में ज्वार, बाजार व रागी का सेवन करना चाहिए। वहीं, प्री-डायबिटीक मरीजों को जीवनशैली में सुधार कर पर्याप्त नींद लेनी चाहिए।

**छानबीन** | आय प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र लगाने में सबसे अधिक त्रुटियां सामने आईं

# आरटीई के आवेदनों में इस बार मिलीं भारी गड़बड़ियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आरटीई के आवेदनों में इस बार भारी गलतियां सामने आईं हैं। जिले की 7700 सीटों के लिए ऑनलाइन आए आवेदनों में अभिभावकों ने सबसे ज्यादा त्रुटियां जाति प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्रों में लगाने में कर दी हैं। इसी तरह मनचाहे स्कूल में बच्चे को प्रवेश दिलाने के लिए दूसरे वॉर्ड में भी आवेदन कर दिया है। हालात यह है कि अब इन आवेदनों के निरस्त होने की नौबत आ गई है।

अधिकारियों की मानें तो इस बार हुए कुल आवेदनों में लगभग 25 फीसदी आवेदनों में गड़बड़ियां सामने आई हैं। 11,631 आवेदनों में लगभग 1200 आवेदन ऐसे हैं जिनमें अभिभावकों ने आय प्रमाण पत्र की जगह जाति प्रमाण पत्र व जाति प्रमाण पत्र की जगह आय प्रमाण पत्र लगा दिए हैं। ऐसे भी आवेदन आए हैं जिनमें अभिभावकों ने मनचाहे स्कूल में दाखिला के लिए दूसरे वॉर्ड से आवेदन कर दिया है। अभिभावकों की ओर से ऑनलाइन आवेदन भरते समय गलत नाम और पता भी लिखा गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि आवेदनों के सत्यापन में भारी गड़बड़ियां सामने आई हैं। ऐसे आवेदनों को पहले चरण की लॉटरी में शामिल नहीं किया जाएगा। अभिभावकों को दोबारा आवेदन करना होगा।

आवेदन निरस्त होने की जानकारी अभिभावकों को फॉर्म में दिए गए मोबाइल नंबर पर दी जाएगी। यदि सॉफ्टवेयर की ओर से आवेदन निरस्त किया जाता है तो अभिभावक दूसरे चरण में आवेदन कर सकते हैं।


### कैफे बना मुसीबत

- शिक्षा अधिकारियों की मानें तो आवेदन में गलतियों की वजह कैफे बन रहा है। कैफे संचालकों की ओर से आवेदन भरते समय जरूरी नियम नहीं देखे गए। उन्होंने जल्दबाजी में फॉर्म भरे। कई आवेदन अधूरे भरे हैं। कई आवेदनों में दस्तावेज धुंधले हैं। इनको पढ़ा नहीं जा सकता है। ऐसे आवेदनों को भी त्रुटि वाले आवेदनों की श्रंणी में डाल दिया गया है।

### अभिभावकों ने की चालाकी

- आवेदनों को भरते समय अभिभावकों ने चालाकी भी की है। 90 आवेदन ऐसे हैं जिन्होने एक ही बच्चे का तीन से चार बार आवेदन कर दिया है। ऐसे आवेदनों में से केवल मूल आवेदन को ही सॉफ्टवेयर मान्य कर सकता है।

**25%** आवेदनों में अभिभावकों ने कीं गलतियां




- 11 हजार आवेदन आरटीई के तहत जिले में हुए
- 1200 आवेदनों में प्रमाण पत्र संबंधी गलतियां
- 7700 सीटों के लिए इस बार पहले चरण के आवेदन

# चाय-बिस्किट नहीं, बासी रोटी खाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मर्चेंट चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के साथ रोटरी क्लब ऑफ कानपुर ग्रेटर ने रविवार दोपहर मर्चेंट चैंबर हॉल में जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. शिल्पा जोशी ने कहा कि शुगर के मरीजों को चाय के साथ बिस्किट का सेवन करने के बजाए चाय के साथ बासी रोटी खाना चाहिए। फलों में सेब से ज्यादा अमरूद फायदा ।करता है। आहार में दाल व सब्जी की मात्रा ज्यादा बढ़ाना चाहिए और रोटी व चावल की मात्रा कम करना चाहिए।

डॉ. ऋषि शुक्ला ने कहा कि मधुमेह को समय-समय पर मापते रहना चाहिए। मधुमेह के मापन में कोई असावधानी नहीं बरतनी चाहिए। मरीज अगर डॉक्टर से परामर्श लेना छोड़ भी दे, लेकिन दवा नहीं छोड़ना चाहिए। डॉ. प्रदीप टंडन ने कहा कि मधुमेह के रोगी को कोशिश करना चाहिए कि वह नंगे पैर ना चले, पैरों में सुन्नपन महसूस ना हो और चलते समय उनको पैर के दबाव पर भी ध्यान रखना चाहिए।

वहीं, भूख लगने पर ही खाना खाना चाहिए। चार छोटे चम्मच से अधिक घी, तेल व मक्खन का सेवन नहीं करना चाहिए। इस दौरान अतुल कनोडिया, विजय पारीक, सचिव महेंद्र मोदी, डॉ. अतुल कपूर, डॉ. अवध दुबे, डॉ. ऋषि शुक्ला, डॉ. एके त्रिवेदी, डॉ. दीपक याग्निक, डॉ. प्रदीप टंडन, डॉ. पंकज टंडन, डॉ. मधु टंडन, राजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



जन जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद रोटरी क्लब के सदस्य। अमृत विचार

## एक नजर

### मशरूम उत्पादन युवाओं के लिए लाभकारी उद्यम

**कानपुर।** सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पादप रोग विज्ञान विभाग ने युवाओं को मशरूम उत्पादन के गुर सिखाए गए। मशरूम शोध एवं विकास केंद्र में छह दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन युवाओं को मशरूम के अधिक उत्पादन पर व्याख्यान दिए गए। डॉ. एसके विश्वास ने प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि मशरूम का उत्पादन बहुत लाभकारी उद्यम है। मशरूम उत्पादन के लिए न्यूनतम भूमि की जरूरत होती है। मशरूम जैविक खाद का एक मूल्यवान स्रोत है। जो बागवानी फसल उत्पादन में उपयोग किया जाता है। मशरूम की खेती विविधता को स्थिरता प्रदान करने और आय बढ़ाने की दृष्टि से लाभकारी है। मशरूम पौष्टिक, स्वास्थ्यवर्धक एवं औषधीय गुणों से युक्त रोग रोधक सुपाच्य खाद्य पदार्थ है।


### लायर्स चुनाव में संयुक्त मंत्री प्रकाशन के परिणाम पर विवाद

**कानपुर।** लायर्स एसोसिएशन की संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद पर विवाद खड़ा हो गया है। हारे हुए प्रत्याशी भानु प्रतान सिंह चौहान का दावा है कि बार काउंसिल के चेयरमैन श्रीनाथ त्रिपाठी ने पत्र जारी करके संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद की दोबारा मतगणना पारदर्शी से कराने को कहा है। पत्र के अनुसार इस प्रक्रिया के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। हालांकि इस पर एल्डर्स कमेटी का कहना है कि अभी तक बार काउंसिल का कोई पत्र प्राप्त नही हुआ है। पूर्व संयुक्त मंत्री रिषभ अवस्थी ने एल्डर्स कमेटी पर मनमानी और कुल मतों में 100 वोट समेत अन्य धांधली करने का आरोप लगाया है। एल्डर्स कमेटी चेयरमैन विजय आचार्य ने बताया बार काउंसिल के पत्र की जानकारी नहीं है। परिणाम घोषित हो चुका है। अगर किसी को दिक्कत है तो वह रिट दाखिल करें। परिणाम घोषित होने के बाद मतपत्र नष्ट करा दिए जाते है। दोबारा मतगणना का प्रार्थना पत्र और मनीष गौड़ को विजेता घोषित करने के बाद चुनाव में यह नया मोड़ आया है।

### अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला आज

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के भौतिकी विभाग व इंटरनेशनल रिलेशनश एंड एकेडमिक कोलैबोरेशन सेल की ओर से अतरर्राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित होगी। 26 से 28 फरवरी तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला प्यूर्टो रिको यूएसए के सैन जुआन विश्वविद्यालय और सीएसजेएमयू के बीच हुये समझौता के तहत हो रही है। इस दौरान आईआईटी कानपुर से वर्चुअल लैब कार्यशाला और शिक्षा सोपान आईआईटी कानपुर से भौतिकी प्रयोग कार्यशाला भी होगी।

# सपा-कांग्रेस गठबंधन की चुनौती कमजोर कर सकती है बसपा



**मनोज त्रिपाठी**

**अकबरपुर लोकसभा**

कानपुर। अकबरपुर लोकसभा सीट पर सपा कभी चुनाव नहीं जीती है। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में यहां से कांग्रेस प्रत्याशी राजाराम पाल ने जीत हासिल की थी। अब पिछले दो चुनावों से भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले सांसद हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में सपा- कांग्रेस के साथ गठबंधन से पहले ही राजाराम पाल को अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इसकी वजह लोकसभा क्षेत्र में उसके वोट बैंक पीडीए का आधार होना है, लेकिन भाजपा को चुनौती देने में सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी की राह में बसपा बड़ा रोड़ा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने इस सीट पर लगभग 21 फीसदी वोट पाए थे, तो 2019 के चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन होने पर इस सीट पर बसपा ने अपना प्रत्याशी मैदान में उतारा था, जिसे 30 फीसदी से कुछ अधिक मत हासिल हुए थे। ऐसे में आंकड़ों के लिहाज से माना जा रहा है कि बसपा को जितने ज्यादा वोट मिलेंगे सपा-बसपा गठबंधन प्रत्याशी की चुनौती उनती ही कमजोर होती जाएगी। इसका कारण भाजपा को बीते दो चुनावों में मिलने वाला 50 फीसद से अधिक वोट है।

### गंगा-यमुना, दो हाईवे, एक्सप्रेसवे और जीटी रोड से समृद्ध इलाका

- गंगा और यमुना के बीच में बसा अकबरपुर कानपुर-दिल्ली और कानपुर-झांसी हाईवे का रास्ता दिखाता था। इस लोकसभा क्षेत्र से दिल्ली और झांसी हाईवे के साथ ही जीटी रोड और लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे गुजरती है। इसके बावजूद अकबरपुर का बड़ा इलाका बुनियादी समस्याओं का समाधान पाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का मूल निवास भी इसी क्षेत्र में है। औद्योगिक इलाका रूमा, चकेरी , रनिया और जैनपुर भी इसी क्षेत्र में आता है। लेकिन औद्योगिक विकास अपेक्षा के अनुरूप नहीं है।

### पांच में चार विधानसभा क्षेत्र कानपुर शहर का हिस्सा

- अकबरपुर में रनियां अकबरपुर विधानसभा सीट को छोड़ दें तो बाकी चार विधानसभा सीटें बिठूर, कल्याणपुर, महाराजपुर और घाटमपुर कानपुर नगर का हिस्सा हैं। पांचों विधानसभा सीटों पर इस समय भाजपा का ही कब्जा है। महाराजपुर से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, बिठूर से अभिजीत सिंह, कल्याणपुर से नीलिमा कटियार, रनिया अकबरपुर से प्रतिभा शुक्ला विधायक हैं।

### मुस्लिम और ब्राह्मण का समीकरण

- वर्ष 2022 को विधानसभा चुनाव के परिणाम को देखें तो भाजपा के लिए अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में महाराजपुर व कल्याणपुर विधान सभा क्षेत्र गढ़ जैसे हैं। पार्टी बड़ी लीड हासिल करती है। महाराजपुर सीट पर भाजपा को 60 .61 तो कल्याणपुर में 52 .72 प्रतिशत मत मिले थे। बिठूर में भाजपा ने 44 .47, रनिया में 43 .83 प्रतिशत मत पाए थे। घाटमपुर में 41 .60 प्रतिशत मिले थे।

### प्रमुख राजनीतिक दलों का पिछले पांच चुनावों में वोट प्रतिशत

| चुनाव और वर्ष | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विधानसभा | 41.50 | 35.00 | 11.30 | 01.80 |
| 2019 लोकसभा | 57 .10 | --- | 30 .10 | 10 .60 |
| 2017 विधानसभा | 49 .30 | 20 .70 | 20 .50 | 05 .70 |
| 2014 लोकसभा | 49 .60 | 15 .10 | 20 .90 | 10 .00 |
| 2009 लोकसभा | 21 .50 | 18 .00 | 25 .20 | 30 .20 |

### 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को मिले मत

| 2019 प्रत्याशी | दल | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| देवेंद्र सिंह भोले | भाजपा | 5,77,603 | 57 .10 |
| निशा सचान | बसपा | 3,04,553 | 30 .10 |
| राजाराम पाल | कांग्रेस | 1,07,592 | 10 .60 |

### 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को मिले मत

| 2014 प्रत्याशी | दल | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| देवेंद्र सिंह भोले | भाजपा | 4,81,379 | 49 .60 |
| अनिल शुक्ला वारसी | बसपा | 2,02,500 | 20 .90 |
| लाल सिंह तोमर | सपा | 96,800 | 10 .00 |
| राजाराम पाल | कांग्रेस | 1,07,592 | 10 .60 |

### वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई सीट

- अकबरपुर लोकसभा सीट पहले कानपुर नगर का ही हिस्सा थी। बाद में इसे अलग जिला घोषित कर दिया गया। यह लोकसभा सीट वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई थी। इससे पहले कानपुर देहात का यह क्षेत्र बिल्हौर लोकसभा के नाम से जाना जाता था।

### 28 प्रतिशत वोटों का अंतर पाटना गठबंधन के लिए बड़ी चुनौती

- वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 2,73,050 वोटों से विजयी हुई थी। पार्टी ने सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी पर पांचों विधान सभा क्षेत्रों में बढ़त बनाई थी। जीत का अंतर 27 प्रतिशत था। इसी तरह 2014 के चुनाव में भी 2,78,879 वोटों से जीत हासिल करते भाजपा ने पांचों विधानसभा क्षेत्रों में प्रतिद्वंदी प्रत्याशी को पछाड़ा था। जीत का अंतर 28 .80 प्रतिशत था।

# 'जो राम का नहीं, किसी काम का नहीं' नारे से जीतेंगे सभी 80 सीटें

## पहली युवा चौपाल में पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने राहुल गांधी को घेरा

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** भाजपा युवा मोर्चा की ओर से रविवार को तिलक नगर मंडल के विष्णुपुरी में जिलाध्यक्ष शिवांग मिश्रा की अगुवाई में पहली युवा चौपाल लगाई गई। इसमें पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री, सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि युवा समाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर आशा से देख रहा है। लोकसभा चुनाव में युवाओं की 50 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी है। लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रदेश के युवाओं को नशेड़ी बता रहे हैं। वह खुद जहां से आए हैं, इसीलिए युवा उन्हें वैसे दिख रहे हैं। 'जो राम का नहीं, किसी काम का नहीं' नारे के साथ हम यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने जा रहे हैं।

युवा चौपाल में दिनेश शर्मा ने कहा कि पूर्व की सरकारें प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताती रहीं, जब अयोध्या में राम मंदिर बन गया को दर्शन से बचती दिख रही हैं। उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि यह चौपाल विधानसभाओं में प्रत्येक मंडल पर 10 से 15 जगह आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, विधायक नीलिमा कटियार, महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, एमएलसी अरुण पाठक रहे।



पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा का स्वागत करते कारोबारी। अमृत विचार

### जरूरत हुई तो जीएसटी में संशोधन करेंगे

**कानपुर।** भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र का व्यापारी सम्मेलन सिविल लाइंस स्थित ऑडिटोरियम में हुआ। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि व्यापारी वोट के साथ नोट भी देता है और हमेशा देश की चिंता करता है। नासमझ लोग जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स बोलते हैं, उन्होंने कभी व्यापारी के दर्द को समझा नहीं। पहले सत्रह प्रकार के टैक्स थे जिन्हे खत्म किया गया। कई बार जीएसटी में संशोधन किया है, आगे भी कोई कमी होगी तो ठीक किया जाएगा। भाजपा सरकार में बैंक लोन सरलीकरण हुआ है। व्यापारी को एमएसएमई का लाभ मिल रहा है। इनकम टैक्स में ऑनलाइन व्यवस्था से व्यापारी को राहत है। चौबीस घंटे बिजली मिल रही है। प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि 2017 के पहले 75 में 55 जिलों में शाम ढलते ही बाजार बंद हो जाते थे। लाल रंग की गाड़ी आती थी वसूली करने के लिए। योगी सरकार में अपराधी या तो जेल गया या यूपी छोड़ गया।

## मन की बात सुनने के बाद लाभार्थियों से मिले भाजपाई

**कानपुर।** बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद बूथ कमेटी सदस्यों, पन्ना प्रमुखों के साथ बैठकें हुईं। बूथ प्रवासी, बूथ कमेटी के सदस्य एवं पन्ना प्रमुख लाभार्थियों से संपर्क करने भाजपा कार्यकर्ता घर-घर पहुंचे और पीएम मोदी का पत्र देकर भाजपा के टोल फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल कराई। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने छावनी परिषद स्कूल लाल कुर्ती के बूथ 24 में लाभार्थी संपर्क अभियान और बूथ चलो बूथ जीतो अभियान की शुरुआत की। किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने बूथ संख्या 102, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने मन की बात सुनी।

भाजपा उत्तर के 1183 बूथों पर मन की बात सुनी गई। जिलाध्यक्ष दीपू पांडे आर्य नगर विधानसभा के बूथ नंबर 43 पर पूर्व मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा के साथ मौजूद रहे। गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बूथ नंबर 34 नीर क्षीर चौराहे पर मन की बात सुनी। इसके बाद कार्यकर्ताओं से योजनाओं पर चर्चा की और प्रचार के लिए कहा।

# 153 हेक्टेयर में 1350 आवासीय प्लॉट होंगे

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** केडीए ने न्यू कानपुर सिटी योजना का ले-आउट तैयार करने के बाद काम भी शुरू कर दिया है। योजनास्थल तक आने-जाने का रास्ता आसान करने के लिए विकास कार्य शुरू किए गए हैं। डीपीएस पुलिया के पास से सिंहपुर तक मार्ग पर डिवाइडर बनया जा रहा है। डिवाइडर पर पोल और स्ट्रीट लाइटें भी लगेंगी। केडीए सचिव शत्रोहन वैश्य ने बताया कि जल्द ही अन्य कार्य भी शुरू हो जाएंगे।

कानपुर में न्यू कानपुर सिटी योजना में 153 हेक्टेयर में बने ले-आउट के तहत 1350 आवासीय प्लॉट विकसित किए जाएंगे। ये प्लॉट 112 वर्गमीटर, 150 वर्गमीटर, 200 वर्गमीटर, 300 वर्गमीटर और 400 वर्गमीटर के होंगे। इनके अलावा ग्रुप हाउसिंग, व्यवसायिक, मॉल, स्कूल, इंस्टीट्यूशन, अस्पताल आदि के लिए भी बड़े प्लॉट उपलब्ध होंगे। जमीन खरीदने की प्रक्रिया भी केडीए ने तेज कर दी है। योजना में जमीन खरीदने के लिए केडीए बोर्ड ने 150 करोड़ रुपये आरक्षित किए। इसके साथ ही शासन ने भी जमीन खरीदने को 150 करोड़ रुपये दिए। इससे जमीन अधिग्रहीत की जा रही है। केडीए अभियंत्रण विभाग ने योजना को विकसित करने के लिए ले-आउट प्लान तैयार कर लिया है। सचिव शत्रोहन वैश्य ने बताया कि ले-आउट प्लान उपाध्यक्ष के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें आवासीय के साथ व्यावसायिक प्लॉट भी हैं। आवासीय प्लॉटों के सामने या उनके आसपास पार्क होगा। थाना, पुलिस चौकी, फायर स्टेशन, विद्युत सब स्टेशन सहित अन्य सामुदायिक सुविधाओं का भी प्रावधान किया गया है। अभी प्राथमिक तौर पर योजना तक पहुंचने के लिए पांच किलोमीटर लंबी सड़क पर डिवाइडर बनाया जा रहा है।




- सिंहपुर से डीपीएस पुलिया तक बनाया जाने लगा डिवाइडर, जल्द शुरू होंगे अन्य काम



यूपी टीम के बल्लेबाज रितुराज व समीर रिजवी क्रीज पर एक साथ। अमृत विचार

# यूपी ने सेमीफाइनल की तरफ बढ़ाए कदम

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में पहले दिन रविवार को यूपी के बल्लेबाज रितुराज शर्मा व समीर रिजवी ने यूपी को सेमीफाइनल तक पहुंचाने का इशारा कर दिया। रितुराज ने 222 गेंदों पर 16 चौके व चार छक्के की मदद से 134 रनों की पारी खेली। वहीं रिजवी 117 गेंदों में 14 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 132 रन बनाकर खेल रहे हैं।

ग्रीनपार्क में यूपी और सौराष्ट्र टीम के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। चार दिवसीय मैच के पहले दिन बल्लेबाजी करने उतरी यूपी की टीम को पहली ही गेंद पर बड़ा झटका पार्थ जैन के रूप में लगा। इसके बाद टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। पहले दिन का खेल खत्म होने तक यूपी का स्कोर 90 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 426 रन पर रहा। स्वास्तिक चिकारा और रितुराज शर्मा की साझेदारी ने 20.3 ओवर में 96 रन दिए। चिकारा 57 रन बनाकर गज्जर समर के शिकार हुए। उनके बाद विकेटकीपर आराध्य यादव के आने पर रितुराज ने तेजी पकड़ी। 41.3 ओवर में नील पांड्या ने आराध्य को क्लीन बोल्ड कर तीसरा झटका दिया। आराध्य ने 45 रन बनाए। इसके बाद कप्तान समीर रिजवी ने आते ही चौकों-छक्कों की बारिश कर दी। दूसरे छोर पर खड़े रितुराज ने अपना शतक पूरा किया। बीच 105 रनों की साझेदारी हुई। 134 रनों के स्कोर पर रितुराज नील पांड्या की गेंद पर जय गोहिल को कैच दे दिया। चौथा विकेट गिरने के बाद रिजवी ने आदित्य शर्मा के साथ मिलकर टीम का स्कोर 300 के पार पहुंचाया।



यूपी टीम के बल्लेबाज रितुराज शतक लगाने के बाद अभिवादन करते।

# सीएस परिणाम में देवयानी और आदित्य शहर टॉपर

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**20%** परीक्षार्थी प्रोफेशनल में शहर से रहे सफल

**14%** एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में अभ्यर्थी सफल

**अमृत विचार।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की ओर से रविवार को सीएस एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल लेवल के परिणाम की घोषणा की गई। छात्रा देवयानी सिंह को प्रोफेशनल्स में शहर का टॉपर घोषित किया गया। एग्जीक्यूटिव में आदित्य तिवारी सिटी टॉपर रहे। निकिता कटियार कानपुर में दूसरे स्थान पर रहीं।

सीएस रीना जखोदिया ने बताया कि कानपुर से देवयानी सिंह ने एक ही प्रयास में सारे ग्रुप पास किए हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई कानपुर चैप्टर से की है। उन्होंने बताया कि प्रोफेशनल में शहर से करीब 350 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 70 परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। 12 बच्चों ने कंपनी सचिव परीक्षा क्वालीफाई करके सीएस बनने का सपना पूरा किया। इनमें अभिषेक गुप्ता , हरप्रीत कौर, नम्रा अहतशाम , नबीला कौशल अंसारी, इशा तिवारी, सोनल अग्रवाल, इशिका मल्होत्रा, सिलस्तीना पीटर, विक्रांत दुबे, सृजन सिंह व श्रेया चौरसिया हैं। इसी तरह एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में करीब 500 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इनमें से 72 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

इन परीक्षार्थियों में नए और पुराने दोनों ही सिलेबस शामिल हैं। एग्जीक्यूटिव के पुराने सिलेबस में यह प्रतिशत करीब 12 रहा व नये सिलेबस में 6 प्रतिशत रहा। एग्जीक्यूटिव में आदित्य तिवारी कानपुर चैप्टर से सिटी टॉपर रहे। उन्होंने सीएस प्रोफेशनल में प्रवेश किया । निकिता कटियार कानपुर में दूसरे नंबर पर रहीं। वार्ता में संस्थान के वाईस चेयरमैन सीएस आशीष बंसल, सचिव सीएस मनीष पॉल, कोषाध्यक्ष सीएस ईशा कपूर, पूर्व चेयरमैन सीएस वैभव अग्निहोत्री, सीएस जागृति मिश्रा व सीएस वैभव गुप्ता मौजूद रहे।



रिजल्ट आने के बाद परिजनों के साथ देवयानी। अमृत विचार

### सोशल मीडिया से बनाई दूरी

- आजाद नगर निवासी देवयानी सिंह ने बताया कि उन्होंने रोज बिना किसी ब्रेक के पढ़ाई की। पढ़ाई के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाई। इसका फायदा उन्हें समय की बचत के रूप में मिला। उन्होंने युवाओं को सफलता के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाने और सिर्फ पाठ्यक्रम की जानकारी बढ़ाने के लिए करने की बात कही।

## सार-संक्षेप




स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित लोग। अमृत विचार

### शिविर में 118 मरीजों की जांच, निशुल्क दवाएं दीं

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी (यूपीएसएसीएस) के संपूर्ण सुरक्षा केंद्र उर्सला अस्पताल की ओर से उस्मानपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 118 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉ. अमर सिंह ने मरीजों को निशुल्क परामर्श देने के साथ ही निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराईं। इनमें से 111 मरीजों की एचआईवी की स्क्रीनिंग भी की गई। इसमें दो मरीज संदिग्ध पाए गए हैं। परामर्शदाता शोभा पांडेय और प्रियंका सिंह ने एचआईवी से बचाव के संबंध में जागरूक किया। वहीं अरविंद कुमार जैन ने यौन जनित बीमारियों के बारे में बताया। शिविर में अभिषेक सिंह, नेहा गौतम, जान्हवी, राधा यादव, फार्मासिस्ट संजय यादव, अवधेश कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।

**सेहत की बात** कम मात्रा में ग्रोथ हार्मोन रिलीज होने से पड़ता बच्चों की कद-काठी पर असर , जीएसवीएम मेडिकल कालेज की संगोष्ठी

# पोषक तत्वों की कमी से शरीर का विकास होता प्रभावित

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** अगर बच्चे के माता-पिता की लंबाई अच्छी होने के बाद भी बच्चे की लंबाई कम है तो इसका कारण उनके आहार में पोषक तत्वों की कमी हो सकता है। पोषक तत्वों की कमी से न सिर्फ कद, बल्कि पूरे शरीर का विकास प्रभावित होता है। दरअसल, कभी-कभी हमारा शरीर ग्रोथ हार्मोन को बहुत ही कम मात्रा में रिलीज करता है, जिसका असर बच्चे के शारीरिक विकास पर पड़ता है। यह जानकारी बाल रोग विभागाध्यक्ष प्रो.अरुण कुमार आर्या ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग में रविवार को आयोजित गोष्ठी में दी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग व इंडोक्रोनोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रो.संजय काला, उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी, बाल रोग विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार वर्मा व इंडोक्रोनोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.शिवेंद्र वर्मा ने की। अलीगढ़ से आई डॉ.आयशा अहमद ने बताया कि शारीरिक वृद्धि से संबंधित रोगों में ग्रोथ हार्मोन का प्रयोग कैसे किया जा सकता है। संतुलित आहार लेने से शरीर के प्रत्येक अंग अपनी क्रिया ठीक से करते हैं, इसलिए खाने में पोषक आहार शामिल जरूर करना चाहिए। बाल रोग विभाग की डॉ. राखी जैन ने ग्रोथ हार्मोन कब-कब दिया जाता है, इसकी जानकारी दी। डॉ.रूपा डालमिया सिंह ने छोटे कद के बच्चों के लक्षणों की पहचान आदि के बारे में जानकारी दी। डॉ.शिवेंद्र वर्मा ने लौंग एक्टिंग ग्रोथ हर्मोन पर चर्चा की। पटना एम्स के डॉ. सुधांशु ने टर्नर सिंड्रोम में ग्रोथ हार्मोन से इलाज के विषय में बातचीत की। डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ. प्रतिभा सिंह, डॉ.शैलेंद्र कुमार गौतम, आईएपी कानपुर के अध्यक्ष डॉ.यशवंत कुमार रॉय, सचिव डॉ. अमितेश यादव मौजूद रहे।



दीप प्रज्जवलन करते प्राचार्य प्रो . संजय काला, उप प्राचार्य प्रो .रिचा गिरी, बाल रोग विभागाध्यक्ष प्रो .एके आर्या, इंडोक्रोनोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ .शिवेंद्र वर्मा समेत अन्य।

### 15 फीसदी बच्चों में ग्रोथ हार्मोंस की दिक्कत अब इलाज संभव

- कार्यक्रम में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हामिद अशरफ ने ग्रोथ हार्मोन से इलाज और मरीज के फॉलोअप पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार में प्रोटीन, जरूरी फैट, विटामिंस, कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, जिंक, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व को शामिल करना चाहिए, जो ग्रोथ हार्मोन बढ़ाते हैं। इससे शरीर की लंबाई भी बढ़ती है। शोध में पता चला है कि 15 फीसदी बच्चों में ग्रोथ हार्मोस की दिक्कत है। लेकिन अब इसका इलाज संभव है। हार्मोस के इंजेक्शन से बच्चों को उनकी असली हाइट तक पहुंचाया जा सकता है।

## एक नजर

### लोधनपुरवा गांव में प्लाटिंग पर लगी रोक

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के लोधनपुरवा गांव में लखनऊ- इटावा राजमार्ग के किनारे कई बीघे में हो रही प्लाटिंग को राजस्व विभाग ने रुकवा दिया है। प्लाटिंग में मालिकाना हक रखने वाले कई लोगों ने शिकायत की है। बगैर दाखिल खारिज के ही एक सपा नेता द्वारा प्लाटिंग का कामकाज शुरू कर दिया गया। इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी बिल्हौर से की गई। तत्काल प्रभाव से उप जिला अधिकारी ने लेखपाल को भेज कर प्लाटिंग का काम रुकवा दिया। क्षेत्रीय लेखपाल राघवेंद्र सिंह ने बताया प्लाटिंग के सभी दस्तावेज जांचने के निर्देश मिले हैं और शिकायतकर्ता की शिकायत की जांच की जाएगी।

### पुष्पेंद्र हत्याकांड के आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के मनावा गांव में पुष्पेंद्र की हत्या के आरोपियों पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। मनावां गांव के पुष्पेंद्र की हत्या जनवरी माह 2022 में की गई थी। गांव के नौशाद, दिलशाद, मेहंदी हसन, आमिर व महबूब आलम को पुलिस ने हत्या के आरोप में जेल भेज दिया था। सभी आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। उन्हें शांति भंग की धारा में पाबंद कर जेल भेजा गया है। पुष्पेंद्र की हत्या कर शव को ककवन नहर में फेंक दिया था। 14 दिन सर्च ऑपरेशन में पुष्पेंद्र का शव नहर में मिला था।

### आजाद को भारतरत्न व भौंती में स्मारक की मांग

**कानपुर।** नवाबगंज के डिप्टी श्यामलाल के मंदिर में कानपुर इतिहास समिति ने प्रताप गोपेंद्र की किताब चंद्रशेखर आजाद मिथक बनाम यथार्थ पर परिचर्चा का आयोजन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शांतनु त्रिपाठी ने शहीद चंद्रशेखर आजाद को भारत रत्न देने और भौंती में स्मारक बनाने की मांग की। डॉ. सुमन शुक्ला बाजपेई ने कहा कि किताब प्राथमिक स्रोतों पर केंद्रित है। अशोक बाजपेई ने कहा कि आजाद पूरे भारत वर्ष के गौरव थे और उनका पैतृक गांव भौती प्रतापपुर था। क्रांतिकारी रामदुलारे त्रिवेदी, विश्वनाथ वैशम्पायन, शिव विनायक मिश्र व मनोहर लाल त्रिवेदी प्रखर श्रीवास्तव समिति के महासचिव अनूप शुक्ल सतीश तिवारी, चंद्र प्रकाश तिवारी, धर्म प्रकाश गुप्त, गोपाल खन्ना, विनोद टंडन, सुनील मंगल, पुष्कर मिश्र आदि मौजूद रहे।

### बाइक चोरी हुई

**महाराजपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के कस्बा सरसौल में बाइक चोरों के हौसले बुलंद हैं। शनिवार रात सरसौल बाजार में हाईवे के पास से दो चोरों ने मोटर साइकल चोरी की। पूरी घटना सीसीटीवी में हुई कैद हुई है।

फूलबाग से दो साल के बच्चे के अपहरण का मामला, परिजनों ने रंजिश से किया इंकार

# बच्चे के अपहरणकर्ता कैमरे में कैद पर नहीं हो सकी पहचान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शनिवार सरेशाम फूलबाग चौराहे से दो वर्षीय बच्चे के अपहरणकर्ताओं की सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लग गई है। रविवार को पुलिस ने घंटाघर चौराहे के कैमरे खंगाले, जिसमें दो बाइक सवार युवक बच्चे को बीच में बैठा कर ले जाते हुए दिखाई दिए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर परिजनों ने बच्चे की पहचान की। फीलखाना पुलिस समेत सर्विलांस व क्राइम ब्रांच की टीम बच्चे की तलाश में जुटी है, लेकिन 24 घंटे बीतने के बाद भी बच्चे का कोई सुराग नहीं लगा है। तलाश में 7 पुलिस टीमें लगी हैं, शुक्लागंज तक 100 से अधिक कैमरे खंगाले गए हैं। इसका बड़ा भाई हिस्ट्रीशीटर है। इस पर भी जांच चल रही है। शुक्लागंज में भी एक ऐसी घटना हो चुकी है। पुलिस उसकी भी जानकारी कर रही है।

फूलबाग सब्जी मंडी निवासी सब्जी विक्रेता छोटू राजपूत का दो वर्षीय पुत्र कार्तिक शनिवार शाम करीब चार बजे फूलबाग बस स्टॉप के पास बहन पल्लवी व भाई शिब्बू के साथ खेल रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए और पुचकारते हुए कार्तिक को उठा ले गए थे। रविवार को पुलिस ने घंटाघर चौराहे पर लगे कैमरों की जांच की जिसमें दो बाइक सवार युवक एक बच्चे को बीच में बैठा कर ले जाते हुए दिखाई दिए। बच्चे की दादी रानी ने फुटेज में कार्तिक को पहचान लिया। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने घटना के प्रत्यक्षदर्शी पल्लवी व शिब्बू से भी विस्तृत जानकारी ली। घंटाघर पर सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद पुलिस टाटमिल, कलक्टरगंज, रेलवे स्टेशन के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज तलाशने में जुटी है।


बच्चे का दुखी पिता। अमृत विचार


परिजनों से जानकारी लेतीं एसीपी कोतवाली। अमृत विचार


कार्तिक।

### बच्चे की आस में टकटकी लगाए रहे परिजन

कार्तिक के अपहरण के मामले में 24 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है। लेकिन अब तक पुलिस को उसका कोई सुराग नहीं मिला है। रविवार को पिता छोटू व मां गुड्डा बच्चे की राह में दिन भर आंसू बहाते रहे। मां गुड्डा इस आस में बैठी रही कि शायद कहीं से कार्तिक आ जाए।

- बच्चे बोले- अंकल चीज दिलाने की बात कहकर उठा ले गए
- मानव तस्करी व भिखारी गैंग से जुड़े होने के बिंदु पर भी जांच

### भिखारी व मानव तस्कर गैंग के बिंदु पर जांच

पुलिस परिजनों की रंजिश के बिंदु पर भी जांच करती रही। जानकारी मिली कि दो दिन पूर्व पिता छोटू ने फूलबाग पर खड़े एक वाहन पर नशे की हालत में पेशाब कर दी, जिस पर विवाद हो गया था। लेकिन उसके बाद उसने माफी मांग ली थी। परिजनों ने किसी भी प्रकार की रंजिश से इंकार किया। मजबूत आर्थिक स्थिति न होने के कारण पुलिस भिखारी व मानव तस्कर गैंग के शामिल होने के बिंदु पर भी जांच कर रही है।

### अंकल ने चीज दिलाने के लिए बाबू को कहा था

घटना की प्रत्यक्षदर्शी पल्लवी ने रविवार को एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह को बताया कि अंकल आए और कार्तिक को चीज दिलाने की बात कहने लगे, जिस पर कार्तिक उनके पास जाने लगा। मना किया तो अंकल ने हमें धक्का दे दिया और उसे बाइक से ले गए। पुलिस को बताया कि पीछे वाले अंकल लाल कलर की शर्ट व मास्क लगाए हुए थे, जबकि आगे बैठे अंकल सफेद शर्ट व हेलमेट लगाए थे।

## सार-संक्षेप

### 5 स्कूलों के 35 बच्चों ने किया कानपुर दर्शन

**कानपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से रविवार को परिषदीय स्कूलों के बच्चों को कानपुर दर्शन कराया गया। इस दौरान पांच स्कूल के 35 बच्चे भ्रमण में शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान बच्चों को ग्रीन पार्क, टीएसएच व चिड़ियाघर सहित अन्य स्थलों को शामिल किया गया। बच्चों को भ्रमण के दौरान स्थलो की जानकारी और रोचक किस्से भी बताए गए। भ्रमण के दौरान जिला समन्वयक अनिरुद्ध सिंह मौजूद थे।

### सपा के अर्पित त्रिवेदी व अरमान का हुआ स्वागत

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर अर्पित त्रिवेदी को समाजवादी युवजन सभा का महानगर अध्यक्ष व अरमान खान को सपा अल्पसंख्यक सभा का महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिनका रविवार को नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में स्वागत किया गया। दोनों अध्यक्षों से कहा कि मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करेंगे। लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी को तन-मन- धन से चुनाव लड़ाकर कानपुर महानगर का इतिहास बदलने का काम किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष फजल महमूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर, आनंद शुक्ला आदि सपाई मौजूद रहे।

### बहन के यहां निकला युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के जिनई बेनीगांव निवासी धीरज घर से अपनी बहन के यहां रनियां जाने की बात कहकर निकला था। लेकिन वह नही पहुंचा। काफी खोजबीन के बाद भी युवक का पता न चलने पर पिता प्रेमनारायण ने थाने में तहरीर दी। एसएसआई देवनारायण ने बताया की मामले में गुमशुदी दर्ज कर लापता युवक की तलाश की जा रही है।

### कंपोजिट स्कूलों की जमीन न मिलने पर बीएसए को नोटिस

कानपुर देहात। मुख्यमंत्री माडल कंपोजिट स्कूलों के लिए अभी तक कानपुर देहात समेत मंडल के चार जिलों में जमीन नहीं मिल पाई है। जिसपर महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने नाराजगी जताते हुए संबंधित जिलों के बीएसए से जवाब तलब करते हुए कठोर चेतावनी दी है। कंपोजिट विद्यालयों के लिए जनपद मुख्यालय के निकट किसी राष्ट्रीय या राजकीय राजमार्ग पर न्यूनतम पांच से अधिकतम 10 एकड़ तक की जमीन चाहिए। ताकि विद्यालय को इंटरमीडिएट तक उच्चीकृत करने के लिए पर्याप्त कमरे व अन्य जरूरी निर्माण कार्य कराया जा सके।

### महिला ने मारपीट का लगाया आरोप

**रूरा।** क्षेत्र के बनीपारा निवासी जैरूनैसा ने बताया कि गांव में उसकी पुश्तैनी जमीन है। जिस पर उसका रहन सहन है। इसी जमीन पर उसने टीनशेड लगा रही थी। तभी पड़ोस के रहने वाले लोगों ने टीनशेड रखने से मना किया। कारण पूछने पर पड़ोसी उसके साथ मारपीट करने लगे। हल्का इंचार्ज अतेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीकृष्ण हम सबके रोल मॉडल हैं: करौली शंकर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भगवान श्रीकृष्ण हम सबके रोल मॉडल हैं। लेकिन उन्हें बदनाम किया गया। श्री कृष्ण को सिर्फ रास रचाने वाला बताया गया। प्रभु को बदनाम करने के लिए पुराणों में कहीं अलग से पन्ने जोड़े गए तो कहीं फाड़े गए हैं। जो कुछ राधा रानी और कृष्ण के बारे में लिखा गया है उनको हम अपने बच्चों को पढ़ा भी नहीं सकते। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। ये बातें करौली शंकर महादेव ने करौली शंकर धाम में माघी पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित गुरु दीक्षा उत्सव में कहीं।

उन्होंने कहा कि भगवान शिष्य के शिष्य सिर्फ भगवान परशुराम हैं। दूसरा कोई शिष्य नहीं है। परशुराम जी सतयुग, त्रेता, द्वापर सभी युगों में रहे। वे चिरंजीवी हैं। आश्रम उनका भव्य मंदिर बनवाएगा। यदि कोई कहता है कि वह भगवान शिव का शिष्य है तो वह गलत कहता है। हम शिव के भक्त हो सकते हैं शिष्य नहीं। शिष्य बनने के लिए भगवान परशुराम बनना पड़ेगा। कृष्ण को सुदर्शन चक्र देने वाले परशुराम जी ही हैं। उनकी पूजा तो हर घर में रोज होनी चाहिए। जहां शिष्य नहीं वहां गुरु नहीं। इसलिए जहां शिव हैं वहां परशुराम जी की मूर्ति अवश्य होनी चाहिए।


करौली शंकर। अमृत विचार


भक्तों ने लगाया जयकारा। अमृत विचार

### रोग मुक्त व शोक मुक्त भारत के लिए दंडवत यात्रा कल से

करौली शंकर महादेव धाम करौली की ओर से मंगलवार को सरसैया घाट से पूर्वज मुक्ति व रोग मुक्त, शोक मुक्त भारत की कामना के साथ दंडवत यात्रा निकलेगी। इससे पहले सोमवार को करौली आश्रम से पदयात्रा निकलेगी जो सरसैया घाट पहुंचेगी। वहां श्रद्धालु गंगा स्नान करेंगे औ पूर्वजों की मुक्ति की कामना करेंगे। मंगलवार को करौली शंकर महादेव के सानिध्य में रुद्राभिषेक किया जाएगा। श्रद्धालु गंगा स्नान के बाद दीप दान करेंगे। इसके बाद दंडवत यात्रा शुरू हो जाएगी। चार दिन में करौली शंकर आश्रम यात्रा पहुंचगी।

# शोहदे ने छात्रा के घर जाकर धमकाया तेजाब डालकर मार डालने को कहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़िता ने हरबंश मोहाल थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** नोट्स लेनदेन के दौरान शोहदे ने छात्रा का मोबाइल नंबर लेकर उसे अश्लील मैसेज किए। इसके बाद साथियों के साथ छात्रा के घर आकर तमंचा दिखा कर धमकाया। पुलिस को सूचना देने पर छात्रा व उसकी बहनों पर तेजाब फेंकने की धमकी दी। सहमी छात्रा ने हरबंश मोहाल थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र निवासी ग्रेजुएशन की छात्रा ने बताया कि वर्ष 2021 में वह हाईस्कूल में थी। नोट्स लेने-देने के दौरान इलाके के रहने वाले रोहित बाजपेई ने उसका नंबर ले लिया और अश्लील मैसेज करने लगा। छात्रा का आरोप है कि बीती 16 फरवरी की रात रोहित तीन, चारअज्ञात दोस्तों संग उसके घर आ पहुंचा और गाली-गलौज कर तमंचा दिखाते हुए परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। बाद में फोन पर छात्रा व उसकी दोनों बहनों को तेजाब डाल कर मारने की धमकी दी।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसकी फोटो एडिट कर वायरल करने की धमकी दे रहा है और 20 हजार रुपये की मांग कर रहा है। हरबंश मोहाल थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बताया पीड़िता की तहरीर पर रंगदारी मांगने व फोटो एडिट कर ब्लैकमेलिंग संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़िता के सोमवार को न्यायालय के समक्ष बयान कराये जाएंगे। आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मै **प्रदीप कुमार राय पुत्र स्व0 सन्त कुमार राय, निवासी–2/753, सेक्टर एच कुर्सी रोड, जानकीपुरम्, लखनऊ –226021,** श्रुति राज गुप्ता पत्नी अमित राज गुप्ता जोकि मेरी पुत्री व दामाद है जो ग्राम–तिवारीपुर, तहसील बक्शी का तालाब जिला–लखनऊ के है से सभी रिश्ते समाप्त कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य एवं लेन–देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0148340 का अंकपत्र यात्रा के दौरान कहीं खो गया है। – **प्रियंका पुत्री अखिलेश निवासिनी– ग्राम कुरसैना तहसील जसवंतनगर, जिला– इटावा**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम AQEEL AHMAD AZEEZ था अब मैने बदलकर अपना नाम AQEEL AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AQEEL AHMAD S/O: ABDUL AZIZ R/O: VILL SAMMANPUR MACHLI GAON, AMBEDKAR NAGAR

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम SALMA KHATOON था अब मैने बदलकर अपना नाम SALMA BEGAM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। SALMA BEGAM W/O: MOHAMMAD WASEEM R/O: GHASIYARAN TOLA NANPARA, BAHRAICH

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मनोज कुमार मिश्रा पुत्र श्री कैलाश नाथ मिश्रा, निवासी– ग्राम शेखुई कलां, पोस्ट–ज्योनार, जिला– बलरामपुर,** मेरी वर्ष 2015–16 एम0बी0ए0 जिसका रोल नं0–एम–2152310686 सेमेस्टर लेबल प्रथम एवं चतुर्थ जिनका मूल अंक पत्र की मूल प्रति वास्वत में कहीं खो गयी है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम उत्तम गुप्ता के स्थान पर अब उत्तम शुक्ला लिखा एवं पढ़ा जाए। – **उत्तम शुक्ला,स्व0 श्री लक्ष्मी नारायण शुक्ला, मोहल्ला आर्य नगर, नगर पंचायत कोइरीपुर, जनपद सुल्तानपुर, मो0– 842 9289 467**




**हाईवे पर वाहनों की उल्टी चाल**

यशोदा नगर हाईवे पर विपरीत दिशा में चल रहे वाहन दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। लापरवाह वाहन चालक स्वयं अपनी जान जोखिम में डाल कर दूसरों की जान को भी खतरे में डाल रहे हैं। ● मनोज तिवारी

# कानपुर जेम्स टीम ने जीता मैच

**खेल के मैदान से**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केसीपीएल की ओर से आयोजित मैच में रविवार को कानपुर जेम्स व ब्लू वारियर टीम के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें कानपुर जेम्स ने पांच विकेट 61 रन से मैच जीत लिया।

आईआईटी मैदान कल्याणपुर में रविवार को कानपुर जेम्स व ब्लू वारियर टीम के बीच मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कानपुर जेम्स ने धुंआधार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने 30 ओवर में 180 रनों का योगदान दिया। टीम ने पूरे 30 ओवर का मैच खेला और पांच विकेट ही गिरे। जवाब में उतरी ब्लू वारियर टीम मैदान पर कुछ खास नहीं कर सकी। टीम के खिलाड़ी टिककर पूरे ओवर भी नहीं खेल पाए। टीम के खिलाड़ी एक के बाद एक पवेलियन लौटते गए। किसी तरह टीम 24 ओवर तक क्रीज पर टिकी, लेकिन 119 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। यह मुकाबला कानपुर जेम्स ने छह विकेट, 61 रन से जीत लिया।



खिलाड़ियों के साथ खड़े रेफरी डॉ. फहीम अंसारी। अमृत विचार

**स्पार्क ट्राफी** | केसीए की स्पार्क ट्राफी में खेले गए तीन मैच, कमला पर पालिका स्टेडियम में भिड़ीं टीमें

# सुरिन्दर पाल की शतकीय पारी से पैंथर एकादश जीती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मेडेक्स एकादश व मयूर मिराकिल्स भी विजयी

**अमृत विचार।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित स्पार्क ट्राफी (संडे लीग) में खेले गए तीन मैचों में रविवार को खिलाड़ियों की भिड़ंत हुई। तीनों मैचों में सबसे रोमांचक मुकाबला पालिका स्टेडियम में खेले गए मैच में देखने को मिला। जहां खिलाड़ियों के चौके-छक्कों को दर्शकों ने जमकर आनंद लिया।

पहला मैच कमला क्लब में खेला गया। यहां रेनू ब्राडबैंड व पैंथर एकादश के बीच मुकाबला हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए रेनू ब्राडबैंड ने 29.2 ओवरों में 183 रन बनाए। जिसमें कर्मेंद्र पांडेय ने 46, मनीष ने 40 व राहुल गुप्ता ने 35 रनों का योगदान दिया। जवाब में उतरी पैंथर एकादश ने 16.3 ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर 185 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम के सुरिन्दर पाल ने 14 चौके व छह छक्कों की बदौलत 60 गेंदों पर 115 रन बनाए। वहीं दूसरा मैच शुक्लागंज के सप्रू मैदान में खेला गया। जिसमें केआरएस एकादश व मेडेक्स एकादश के बीच मैच हुआ। केआरएस ने 24.5 ओवर में ऑल आउट होकर 125 रन बनाए। जिसमें गजेंद्र ने 19 व नीरज 19 रन बनाए। जवाब में दूसरी टीम मेडेक्स ने 16.1 ओवरों में तीन विकेट खोकर 126 रन बनाया और सात विकेट से मैच जीत लिया। टीम के अमन भदौरिया ने 52, जितेंद्र दीक्षित ने 50 रनों का योगदान दिया। अमन मैन ऑफ द मैच रहे।

इसी क्रम में तीसरा मैच मयूर मिराकिल्स व स्पार्क इंटरनेशनल के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए मयूर मिराकिल्स ने 30 ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर 291 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें अभय यादव ने 123, रौनक सिंह ने 106 व मो. सैफ ने नाबाद 41 रनों का योगदान दिया। जवाब में स्पार्क इंटरनेशनल ने 27.2 ओवरों में ऑल आउट होकर 197 रन बनाए। जिसमें आर्यन सिंह ने 51, नीरज वर्मा ने 40, प्रतीक ने 24 रनों का योगदान दिया। इस तरह मयूर मिराकिल्स ने 94 रनों से मैच जीत लिया।



पुरस्कार के साथ खिलाड़ी। अमृत विचार

**कार्यालय ग्राम पंचायत खरगपुर ,वि0ख0 चौबेपुर कानपुर नगर**

पत्रांक मेमो/पंचम/पन्द्रहवां वि0अ0/मनरेगा/ग्रा0 पं0/टेन्डर/ दि0 24.02.2024

**अल्प कालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा **ग्राम पंचायत खरगपुर** विकास खण्ड चौबेपुर के जी0एस0टी0 धारकों से वर्ष 23–24 में **ग्राम पंचायत खरगपुर** विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर ग्राम पंचायत की बैठक में अनुमोदित कार्य योजना में प्रस्तावित कार्य के निर्माण कार्य के लिये दि0 **01/03/2024** तक अपरान्ह **1.00** बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है। विक्रित निविदाये निविदा बाक्स में निर्धारित समय के अन्दर डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदाये स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दि0 **26/02/2024** पूर्वान्ह से **01/03/2024** प्रत्येक कार्य दिवस में मु 200.00 नकद जमा कर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाये दि0 **01/03/2024** को कार्यालय के कार्य दिवस में अपरान्ह तीन बजे तक ग्राम पंचायत **खरगपुर** के कार्यालय कक्ष में निविदा दाताओं की उपस्थिति में गठित समिति के द्वारा खोली जायेगी। सचिव ग्राम पंचायत **खरगपुर** को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओ को बिना कारण बताए निरस्त कर दे। प्राक्कलन स्वीकृत के पश्चात एवं कार्य की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार सामग्री की मात्रा घट बढ सकती है।

**–:कार्यो का विवरण निम्नवत् है:–**

| क0 | कार्य व कार्यस्थल का नाम | कार्य की अनुमानित सामग्री/स्वीकृत लागत (लाख में) | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | काली कढही के पास मेन रोड से नुनहा नरसिंह सीमा तक खडंजा निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 200 | 1 माह |
| 2 | कृपाल सिंह के मकान से टेक राम पाण्डेय के मकान तक इण्टरलाकिंग/सी0सी0रोड मरम्मत | प्राक्कलन के अनुसार | 200 | 1 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानो में आवश्यकतानुसार पटिया निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 200 | 1 माह |
| 4 | मोहन सिंह के दरवाजे से रमेंश सिंह के मकान तक इण्टरलाकिंग /सी0सी0रोड व नाली मरम्मत निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 200 | 1 माह |
| 5 | श्रीकृष्ण शुक्ला के मकान से हरिवंश सिंह के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 200 | 1 माह |
| 6 | जय नारायण अवस्थी के मकान के सामने से शिव बहादुर सिंह के मकान तक सी0सी0रोड/इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 200 | 1 माह |
| 7 | कृष्ण पाल सिंह के मकान के सामने से शिव बहादुर के मकान तक सी0सी0रोड/इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 200 | 1 माह |

**रामेन्द्र तिवारी**
प्रधान
ग्राम पंचायत खरगपुर
विकास खण्ड –चौबेपुर कानपुर नगर

**रोहन कनौजिया**
सचिव
ग्राम पंचायत खरगपुर
विकास खण्ड –चौबेपुर कानपुर नगर

# अग्नि को साक्षी मान 11 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

## भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित हुआ समारोह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद की ओर से रविवार को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुआ। जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर 11 जोड़े विवाह बंधन में बंधे।

परिषद की ब्रह्मावर्त प्रांत की अवध शाखा ने आर्थिक रूप से कमजोर 11 बच्चियों का शुभ परिणय संस्कार सनातन रिति रिवाज से संपन्न कराया। इस मौके पर भारत विकास परिषद, उत्तर मध्य क्षेत्र दो के क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकेश जैन, प्रांतीय अध्यक्ष विमलेश अवस्थी, प्रांतीय महासचिव राकेशकुमार श्रीवास्तव ने नव दंपति को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। बारात रविवार सुबह 11 बजे बांखड़ेश्वर मंदिर से गाजे-बाजे के साथ रामबाग पार्क पहुंची। जहां अवध शाखा के अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, सचिव, प्रदीप पांडेय, कोषाध्यक्ष यूके विश्वास, उपाध्यक्ष राकेश दीक्षित, संगठन सचिव अतुल खरे आदि ने बारात का स्वागत किया। वरमाला के बाद वर व कन्या पक्ष के लोगों ने भोजन किया। विदाई में जोड़ों को दैनिक जीवन में उपयोग सामान भेंट किए गए।



भारत विकास परिषद के सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद जोड़े। अमृत विचार




श्रीयज्ञ सैनी हवाई वैश्य कल्याण परिषद की ओर से आयोजित समारोह में विवाह बंधन में बंधे जोड़े। अमृत विचार

## सात फेरे लेकर शुरू किया नया जीवन, बरसे पुष्प

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्रीयज्ञ सैनी हवाई वैश कल्याण परिषद की ओर से आयोजित कन्यादान महायज्ञ में 53 जोड़े विवाह होना है। समारोह में देश व विदेश भी लोगों ने आकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया।

रेलवे मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में करीब 11000 लोगों ने शिरकत की। 26 वर्ष से आयोजित यह समारोह लगातार इसी मैदान में होता आया है। समारोह में समिति ने इस बार 53 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा है। जिनमें कुछ जोड़े रविवार को विवाह बंधन में बंधे और कई जोड़े सोमवार को गृहस्थ जीवन में प्रवेश करेंगे। यह समारोह लगातार तीन दिनों तक चलेगा। समारोह में विवाह के बाद जोड़ों की विदाई कराई जाएगी। इस समारोह में कानपुर के अलावा अनेकों राज्यों से लोग आए। भारत ही नहीं वर्मा, भूटान, नेपाल, साउथ अफ्रीका से भी लोग इस समारोह में आए। समारोह संयोजक मनोज गुप्ता, प्रवक्ता कुलदीप गुप्ता, रिचा गुप्ता, अनीता गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता, महिला कोर कमेटी के सदस्य कमलेश गुप्ता रहे।

# पुष्प प्रदर्शनी में जीते पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जेके लॉन में सजे फूलों के मेले में बागवानी पर दिखा लोगों का रुझान
- गमलों और घर के बाहर बनी ग्रीन बेल्ट में पौधे लगाने की दिलचस्पी दिखाई

**अमृत विचार।** पुष्प प्रदर्शनी में रविवार को कई प्रतियोगिताएं हुई। इन प्रतियोगिताओं में खासतौर पर बागवानी से जुड़े इंवेंट हुए। विशेषज्ञों के साथ वार्ता के दौरान लोगों ने बागवानी पर अधिक प्रश्न पूछे। इसी तरह गमलों और घरों के बाहर बनी ग्रीन बेल्ट में विदेशी पौधों को उगाने और उनकी देखभाल से संबंधित प्रश्नों को भी पूछा गया।

प्रदर्शनी के दूसरे दिन फूलों के आभूषण बनाने की प्रतियोगिता के प्रति खास आकर्षण रहा। विभिन्न फूलों से हार, बालियां, कंगन जैसे उत्पाद बनाए गए। इस दौरान वसंत को देखते हुए पीले और नारंगी फूलों का खास इंस्तेमाल किया गया। छुट्टी के दिन होने के चलते प्रदर्शनी में फूलों को देखने वालों की संख्या अधिक रही। लिलियम और पॉपी जैसे फूलों को देखने के लिए लोग खास आतुर रहे। उधर प्रदर्शनी में लगे स्टॉल में ऑग्रेनिक खाद और फूलों के बीज की भी खरीदारी हुई। प्राकृतिक सामग्रियों से बनी घरेलू वस्तुओं को भी खरीदा गया।



विभिन्न प्रकार के फूलों को देखतीं महिलाएं। अमृत विचार

## रिंद नदी किनारे साढ़ गांव के जंगल में लगी आग

**घाटमपुर।** साढ़ के बिरसिंहपुर गांव किनारे स्थित जंगल में रविवार शाम अचानक आग लग गई। राहगीरों ने आग लगने की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया।

जंगल में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। यहां से निकल रहे राहगीरों ने जंगल में आग जलती देखी तो साढ़ पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। भीतरगांव पुलिस ने फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। इस दौरान मौके पर भारी भीड़ मौजूद रही।

साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि आग लगने की जानकारी मिली थी। आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



कार्यक्रम में शामिल व्यापारी। अमृत विचार

## कृषि उत्पाद के व्यापारियों को एमएसपी कानून स्वीकार नहीं: ज्ञानेश मिश्र

**कानपुर।** व्यापारियों ने एमएसपी कानून बनाने की मांग का विरोध शुरू कर दिया है। भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में व्यापारियों ने लखनऊ के दारुलसफा मोड़ पर प्रदर्शन किया। जीपीओ पार्क में धरना दिया। ज्ञानेश ने कहा कि एमएसपी कानून मंजूर नहीं है। श्याम सिंघल , अखिलेश अवस्थी ,मनीष गुप्ता सलोने,महानगर महामंत्री महेश सोनी, संगठन महामंत्री चंद्राकर दीक्षित और कानपुर महानगर युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र व युवा वरिष्ठ महामंत्री सचिन त्रिवेदी ,सचिन त्रिवेदी,कोषाध्यक्ष अतुल ओमर,गोपाल शुक्ला, अब्दुल वहीद और काशी, बुंदेलखंड व अन्य जिलों से अरविंद गुप्ता रहे।



घटनास्थल पर मौजूद लोग। अमृत विचार

## फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**घाटमपुर।** कोतवाली के जाजपुर गांव निवासी एक युवक ने गांव के बाहर पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर जान दे दी। युवक घर से शादी समारोह में जाने की बात कहकर निकला था।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के जाजपुर गांव निवासी जितेंद्र उर्फ रमाकांत नौकरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। पांच माह पहले वह गांव वापस आया था। शनिवार रात दोस्त के शादी समारोह में शामिल होने की बात कहकर निकला था। दोपहर में ग्रामीणों ने उसका शव गांव के बाहर स्थित पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर लटकता देखा। पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई।

जाजपुर चौकी पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जांच पड़ताल कराई। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों के मुताबिक युवक पहले भी जान देने की कोशिश कर चुका था। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# हाईवे पर अंडरपास के लिए ग्रामीणों ने दिया धरना

संवाददाता, चौबेपुर

- ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य ने आश्वासन दिया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने नेशनल हाईवे पर अंडरपास व कट की मांग को लेकर चल रहे बेमियादी धरना- प्रदर्शन में रविवार को भी कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा। इस दौरान यहां पहुंचे ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य ने ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया ।

मरियानी गांव के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 91 पर अंडरपास व कट की मांग पिछले कई महीनों से हो रही है। ग्रामीण हाईवे निर्माण के शुरुआती दिनों से वे मांग करते आ रहे हैं। अधिकारियों को ग्रामीणों ने बताया था कि गांव की 80 फीसदी उपजाऊ भूमि हाईवे के दूसरी ओर दक्षिण दिशा में है। इसके अतिरिक्त गांव का पूर्व माध्यमिक विद्यालय, उप स्वास्थ्य केंद्र, बैंक ऑफ बड़ौदा, स्वरोजगार ट्रेनिंग सेंटर आदि मार्ग के दूसरी ओर हैं। ऐसे में अतिरिक्त चक्कर काटकर आना-जाना पड़ेगा। बावजूद समस्या का कोई समाधान नहीं कराया गया। परिणामस्वरूप ग्रामीणों ने गांव के सामने हाईवे की सर्विस लेने के किनारे तख्त, बेंच व कुर्सियां आदि लगाकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। शनिवार को एसडीएम बिल्हौर रश्मि लाम्बा ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उच्चाधिकारियों से बात करने और तकनीकी टीम को मौके पर बुलाकर कोई न कोई रास्ता निकालने की बात कही थी, लेकिन रविवार को कोई अधिकारी नहीं आया। ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला, क्षेत्र पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ल ने ग्रामीणों की समस्या सुनी और यथासंभव इसका निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर ग्राम प्रधान श्याम जी कुशवाहा, प्रमोद सिंह, सतीश तिवारी ,श्याम बिहारी ,विजय सिंह ,कमलेश राठौर, दुर्गेश पांडे व अजहर अली आदि मौजूद रहे।



धरना स्थल पर मौजूद ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला व ग्रामीण। अमृत विचार

## सार-संक्षेप




विनयांजलि में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

### विद्या सागर महाराज को दी विनयांजलि

**घाटमपुर।** दिवंगत आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज को श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर की ओर से विनयांजलि दी गई। इस दौरान जैन समाज के बच्चे , महिलाएं व पुरुष हाथों में तख्तियां लेकर नगर भ्रमण पर निकले। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष विनय जैन व महामंत्री राकेश कुमार जैन ने किया। संजीव जैन व विकास जैन ने संचालन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष विनय जैन व महामंत्री रमेश कुमार जैन, आनंद जैन, नूतन जैन, श्वेता जैन, आरती जैन, आस्था जैन, आचार्य श्री अंश जैन, स्वाति जैन, छाया जैन, पृथक जैन, अनीता जैन, रविता जैन आचार्य श्री को विनय अंजलि दी।



झोपड़ी में लगी आग से गृहस्थी खाक। अमृत विचार

### घर में आग लगने से किसान की गृहस्थी जली

**सरसौल।** डोमनपुर ग्रामसभा स्थित मजरा गौशाला में रविवार शाम एक घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते गरीब किसान की गृहस्थी जलकर राख हो गई। मजरा गौशाला निवासी छेद्दू निषाद के यहां रविवार शाम लगभग साढ़े छः बजे के आसपास आग लग गई। जैसे- तैसे परिवार ने आग बुझाने का प्रयास किया पर सफल नहीं हो सका। ग्रामीणों ने हैंडपंप आदि से पानी लाकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। फायर ब्रिगेड को पहुंचने में आधे घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया। तब तक लगभग एक लाख से अधिक मूल्य का घर और गृहस्थी का सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। इस संदर्भ में चौकी प्रभारी पुरवामीर अमित यादव ने बताया कि आग के कारणों का पता नहीं चल सका है।



विद्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि दिनेश कुशवाहा ।अमृत विचार

### तक्षशिला एजुकेशन सेंटर के उत्सव ने मोहा मन

**घाटमपुर।** तक्षशिला एजुकेशन सेंटर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। वार्षिक उत्सव में फैशन शो में झांसी की रानी, राधा- कृष्ण के रूप में मन मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक शिवकांत त्रिवेदी शिक्षकों को सम्मानित किया। विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार वितरण किया। संचालन सौरभ त्रिवेदी ने किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य अमृता तिवारी, उप प्रधानाचार्य प्रभा त्रिवेदी सहित शिक्षकों में देवेंद्र,हिमानी, हिमांशु, वीरेंद्र, सरिया,राधा मौजूद रहीं।

### 21 यूनिट हुआ रक्तदान, 145 ने कराई जांच

**कानपुर।** किदवई नगर स्थित स्नेह पैथोलॉजी एंड ब्लड बैंक में रविवार को भारत विकास परिषद किदवई नगर ने स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रामा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो .बृजेंद्र निगम ने बताया कि समय-समय पर सभी व्यक्तियों को जांच जरूर करानी चाहिए। ताकि शरीर में होने वाली किसी भी बीमारी की पहचान कर उसका इलाज शुरू किया जाए सके। शाखा अध्यक्ष मनोज कुमार विश्नोई व कार्यक्रम प्रभारी अरुण कुमार जय ने बताया कि शिविर में 21 यूनिट रक्तदान हुआ है। स्वास्थ्य शिविर में 145 लोगों ने पंजीकरण कराया। शिविर में आए लोगों की निशुल्क जांच व दवा वितरण की गई। इस दौरान डॉ .के भाष्कर शर्मा, डॉ .शिवांशु मिश्रा, डॉ .आरबी जायसवाल, डॉ .रेशू अग्रवाल, डॉ .सौम्या पांडेय, डॉ .एसएन पांडेय, डॉ .केके मिश्रा, डॉ .प्रशंत पांडेय, एमएल अग्रवाल, प्रमोद दादू, आत्म प्रकाश दीक्षित, शिखा दादू, अर्चना गोयल आदि रहे।

### गर्मी में न हो परेशानी, क्या है तैयारी

**कानपुर।** सांसद सत्यदेव पचौरी ने रविवार को सर्किट हाउस में केस्को के चीफ इंजीनियर एसके गुप्ता समेत अन्य अभियंताओं के साथ बैठक की। सांसद ने पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के तहत पैनल कैसे और कब तक लगाए जाएंगे, इसकी जानकारी ली। गर्मी में लोगों को बिजली संकट से न जूझना पड़े, इसकी तैयारी आदि की भी जानकारी ली।

**इबादत** | शब-ए-बरात पर फातिहा पढ़ी, गुनाहों की माफी मांगी

# कब्रिस्तानों को झालरों-मोमबत्तियों से किया रोशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शब-ए-बारात पर शहर के सभी कब्रिस्तानों को झालरों और मोमबत्तियों से रोशन किया गया। कब्रों को फूलों से सजाया गया। दुनिया को अलविदा कहने वालों को परिजनों ने कब्र पर जाकर याद किया। अपने गुनाहों की माफी मांगने का सिलसिला पूरी रात चलता रहा।

शब-ए-बरात पर लोगों ने अपने पुरखों की कब्रों पर फातिहा पढ़ी और उनके लिए दुआ की। दुआ और माफी के बीच घरों में हलवा बनाकर नजर दिलाई गई। जिसें गरीबों में बांटा गया। कब्रिस्तान, मजारों से लौटने के बाद लोग मस्जिदों व घरों में रातभर इबादत किए। वहीं शिया मुस्लिमों ने पुराने गंगा पुल व गंगा बैराज के नीचे महफिल की। मन्नतें मांगी गईं। इमाम जमाना को मुरादों की अर्जी लिखकर गंगा में प्रवाहित किया। मान्यता है कि यह अर्जी इमाम जमाना के पास पहुंचती है। जो मुरादें लिखी जाती है, वह पूरी होती हैं। मुराद पूरी होने के बाद शब-ए-बरात पर नजर दिलाई जाती है। शब-ए-बरात पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए मजारों, मस्जिदों, कब्रिस्तानों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।



पूर्वजों की कब्र पर फातिहा पढ़ते लोग। अमृत विचार



सजाई गई कब्र के पास बैठे परिवार के लोग। अमृत विचार

## 27 को हो सकती है बारिश

**कानपुर।** मौसम विभाग की ओर से 27 को बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि सोमवार से मौसम में बदलाव दिखाई देगा। बादलों की आवाजाही से हल्की धूप भी निकल सकती है।

सीएसए विवि के मौसम विभाग के अनुसार बर्फीली हवाओं की वजह से रविवार को न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री पहुंच गया। इसने रात में सर्दी बढ़ा दी। यह सामान्य से 4.2 डिग्री कम दर्ज किया गया है। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश भर में पछुआ हवाएं चल रही हैं। दिन में धूप खिल रही है लेकिन उतनी राहत नहीं मिल रही है। दिन और शाम के समय हल्की ठंड पड़ रही है। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि बुधवार तक शहर के मौसम में जल्दी-जल्दी बदलाव होता रहेगा।

# मांग पूरी न होने पर सरकार को सबक सिखाएंगे पेंशनर्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राष्ट्रीय संघर्ष समिति कानपुर मंडल पेंशनरों की हुई बैठक

**अमृत विचार।** रावतपुर स्थित बस स्टैंड में रविवार को ऑल इंडिया ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति कानपुर मंडल पेंशनरों की बैठक हुई। राष्ट्रीय सलाहकार राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि सात वर्षों में पूरे देश में पेंशन के संबंध में विभिन्न प्रकार के आंदोलन किए गए और सरकार के आश्वासन के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया। यदि मांगे शीघ्र मंजूर नहीं कि गई तो इस उदासीन हठधर्मी सरकार को इसका खामयाजा भुगतना पड़ेगा। प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक रावत व राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह राजावत के नेतृत्व में केंद्रीय टीम के साथ 15 व 16 फरवरी को सीपीएफसी श्रम मंत्री, वित्त मंत्री व सीबीटी को मांग पत्र का प्रपोजल देकर चर्चा की गई। जिससे चुनाव के पहले सफलता मिलने की पूरी उम्मीद है। यदि मांगे शीघ्र पूरी नहीं हुई तो चुनाव में सरकार को सबक सिखाने का कार्य करेंगे। कार्यवाहक मंडल अध्यक्ष श्री अशोक कुमार यादव ने कहा कि मांगे मंजूर कराने के लिए हम सभी तन,मन व धन से आखरी दम तक लड़ते रहेंगे। इस दौरान सुंदरलाल पांडे, जयरूप सिंह परिहार, कृपा शंकर शुक्ला, सुधा निगम, जय सिंह सचान, उदयवीर सिंह यादव, बसंत लाल, सुधीर कुमार मिश्रा, रामदयाल शर्मा, बृजेंद्र बाबू, अरुण कुमार, राम हरि कुशवाहा, ओम नारायण बाजपेई, डीएन शुक्ला, एचपी शुक्ला रहे।

# डिवाइडर से टकराई कार, एक युवक की मौती व 3 लोग घायल

## लखनऊ से सफीपुर आते समय हुआ हादसा, अन्य घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव



एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर की जाली तोड़कर घुसी कार।



लखनऊ-कानपुर हाईवे पर लोडर में घुसी कार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। इसमें कार सवार चार लोग घायल हो गए। जिसमें एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। कार सवार लखनऊ से घर जा रहे थे।

सफीपुर कोतवाली अंतर्गत दरौली गांव निवासी फारुख (30) पुत्र हसनुद्दीन, जैद (18) वर्ष पुत्र कय्यूम खां, खालिद (21) पुत्र तौहीद व फैज खान लखनऊ में रहकर गमले बनाकर बेचते हैं। सभी रविवार को शब-ए-बरात त्योहार पर कार से लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के रास्ते दरौली गांव आ रहे थे। दोपहर करीब तीन बजे बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के जोगी कोट गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे चारो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम सभी को इलाज के लिए सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने खालिद को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायल जैद खां, फारुख व फैज को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची बेहटा मुजावर पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### लोडर में पीछे से घुसी कार, चार लोग हुए घायल

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के पक्षीविहार के पास लोडर की स्टेयरिंग फेल होने से चालक गाड़ी को किनारे खड़ी करने लगा। तभी पीछे से आ रही एक कार उसमें घुस गई। जिससे कार सवार दीपक पुत्र विजय निवासी बर्रा कानपुर, सीमा पत्नी दीपक और उनके पुत्र राहुल व नितेश को चोटें आ गईं। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो लोडर चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। घायलों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से इलाज के बाद वे घर चले गये। इस दौरान करीब एक किमी लंबा जाम लग गया। पुलिस ने वाहनों को किनारे खड़ा कराया। तब जाकर जाम खुल सका।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग जख्मी

**पुरवा।** रायबरेली के थाना डलमऊ के गांव नेवाजगंज निवासी राम स्वरूप (30) बाइक से कोतवाली क्षेत्र के अटवा गांव स्थित अपनी ससुराल आया था। जहां बाइक से साली दीक्षा व भाभी दीपा को लेकर पुरवा ब्यूटी पार्लर से दीक्षा को मेहंदी लगवाकर लौट रहा था। तभी पुरवा-अचलगंज मार्ग पर नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज के पास पीछे से टैक्टर की टक्कर लगने से तीनों जमीन पर गिरने से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों ने टैक्टर व चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है।

### मवेशी के हमले से घायल किसान की हुई मौत

**उन्नाव।** माखी थानांतर्गत मवेशी के हमले से घायल हुए किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई।

माखी थानाक्षेत्र के गांव प्यारेपुर निवासी लक्ष्मी नारायण (35) खेती कर अपनी जीविका चलाता था। बीती 20 फरवरी को खेत में खड़ी फसल की रखवाली करने गया था। इसी दौरान खेत में घुसे मवेशी को भगाते समय अचानक उसने किसान पर हमला बोल दिया। पेट में सींग की टक्कर से उसे गंभीर चोटें आई थीं। परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसका इलाज चल रहा था। हालत में सुधार नहीं हुआ और आर्थिक हालत को देखते हुए परिजन उसे रविवार सुबह घर लाए थे। जहां अचानक उसकी हालत फिर बिगड़ी तो परिजन उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे तभी लक्ष्मी नारायण ने दम तोड़ दिया। बेटे धीरू की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उसमें पेट में चोट मिलने के साथ आंत भी फटी मिली है। मृतक के बच्चों में धीरू के साथ धीरज और बेटी कीर्ति भी हैं। पति की मौत से पत्नी मंजू व अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि मवेशी के हमले से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।



विजेता टीम के साथ मौजूद आयोजक व मुख्य अतिथि। अमृत विचार

## पीकेसी को हराकर यूथ क्लब बना विजेता

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने दिये पुरस्कार

**अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन उन्नाव द्वारा आयोजित 15वीं डा. सुखदेव प्रसाद गुप्ता अंडर-16 क्रिकेट लीग का पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने किया।

इससे पहले सुबह हुए फाइनल मैच में पहले यूथ क्लब ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। बैटिंग करते हुए टीम ने 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 161 रन बनाये। इसमें सुयश सिंह ने 59 का योगदान दिया। वैभव यादव 47 रन बनाये। बालिंग करते हुए प्रदुम व असद ने तीन-तीन विकेट लिये। बाद में बैटिंग करते हुए पीके क्लब की टीम 20.4 ओवर में 110 रन ही बना सकी। जिसमें साहिल ने 19, शिवम ने 16 व अक्षत ने 18 रन का योगदान दिया। बालिंग करते हुए ओम शर्मा ने 3 विकेट, देवांश, वैभव व अल्तमश ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि ने सुखदेव प्रसाद गुप्ता की फोटो पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि का स्वागत डीसीए के सचिव पीके मिश्रा ने किया। विशिष्ट अतिथि अरविंद श्रीवास्तव का स्वागत विकास सिन्हा ने किया। कार्यवाहक अध्यक्ष संजय राठी का स्वागत नवीन सिन्हा ने किया। इस मौके पर धनवंतरि देव गुप्ता, मंजू लता अवस्थी, ओपी तिवारी, शंकर श्रीवास्तव, अभिनव, ओम मिश्रा आदि रहे। संजय श्रीवास्तव ने आये हुए लोगों का आभार व्यक्त किया। संचालन वीपी तिवारी ने किया।

## समझौते के बाद 30 जोड़े फिर हुए एक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



वार्ता करते परामर्शदाता। अमृत विचार

● महिला हेल्प डेस्क और परिवार परामर्श केंद्र का सराहनीय प्रयास जारी

**अमृत विचार।** आपसी मनमुटाव के बाद थाने कोतवालियों तक पहुंचे पति पत्नियों के विवाद को सुलह समझौता से निस्तारित कराने के लिए जारी मुहिम के तहत रविवार को परिवार पारामर्श केंद्र व महिला हेल्प डेस्को में विवादित जोड़ों को बुलाया गया। दंपतियों सहित उनके परिजनों की काउंसलिंग के बाद 30 जोड़े गिले शिकवे भूल कर फिर साथ -साथ रहने को राजी हुए।

पति-पत्नी के बीच के आई दरार पाटने के लिए एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवार परामर्श केंद्र व थाना-कोतवालियों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क में दोनों पक्षों की वार्ता कराई। इसके बाद 30 दंपति अपने विवाद भूलकर साथ रहने का वादा लेकर विदा हुए। इनमें परामर्श केंद्र से छह, थाना मौरावां व सोहरामऊ से पांच-पांच, दही से चार, पुरवा कोतवाली से तीन, औरास, आसीवन, हसनगंज कोतवाली, बिहार, अचलगंज, बांगरमऊ व बारासगवर थाने से एक-एक जोड़े को खुशी-खुशी विदा किया गया। इसमें परिवार परामर्श समिति प्रभारी आशीष श्रीवास्तव व सलाहकारों साबिहा उमर, मनीष सिंह सेंगर, शशि रंजना अग्निहोत्री, एसके पांडेय, सगीर सहित पुलिस टीम से परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, दरोगा मधु श्रीवास्तव आदि रहे।

### रेल किराया कम होने से यात्री संघ ने जताया हर्ष

**उन्नाव।** कोरोना काल के बाद से रेल मंत्रालय ने उन्नाव से लखनऊ और कानपुर से रायबरेली व बालामऊ जाने वाली सभी पैसेंजर व मेमो ट्रेनों का किराया एक्सप्रेस ट्रेनों के बराबर कर दिया गया था। जिससे तमाम यात्रियों को बढ़े हुए किराया देकर आने-जाने में परेशानी होती थी। इसे लेकर ज़िला दैनिक यात्री संघ उन्नाव के ज़िलाध्यक्ष मुर्तजा हैदर रिज़वी ने कड़ा विरोध जताते हुए रेल मंत्री से मेमो व पैसेंजर ट्रेनों का बढ़ा किराया वापस लेने की मांग की थी। इसके बाद रेल मंत्रालय द्वारा बढ़ा हुआ किराया वापस लेने के निर्णय पर संघ के ज़िलाध्यक्ष ने हर्ष व्यक्त कर इसका स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि अब यात्रियों से कोरोना काल से पहले का किराया लिया जाएगा।

## पुलिस ने परखीं अपनी तैयारियां

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



बलवायियों से निपटने का मॉकड्रिल करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

● एसपी की मौजूदगी में 350 कर्मियों को दी गई दंगा नियंत्रण की ट्रेनिंग

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस फोर्स को भीड़ को तितर-बितर करने सहित दंगाइयों से निपटने के लिए अभ्यास कराया गया। एसपी ने पुलिस कर्मियों को आंसू गैस व हैंड ग्रेनेड का सही तरीके से प्रयोग करने की जानकारी दी। चांदमारी में हुए अभ्यास के दौरान करीब 350 पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा गड़बड़ी फैलाने के प्रयास को विफल करने और दंगाइयों से सख्ती से निपटने के लिए प्रयोग किए जाने हथियारों की जानकारी पुलिस कर्मियों को एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना की मौजूदगी में दी गई। सदर कोतवाली क्षेत्र के चांदमारी में सभी सर्किल के सीओ के साथ अभ्यास किया गया। इस दौरान रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही पुलिस कर्मियों को एएसपी अखिलेश सिंह ने बलवाइयों को लेकर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। बेकाबू भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जानकारी साझा की गई। ड्रिल में 350 पुलिस कर्मियों सहित सभी एसएचओ व एसओ व आरआई मौजूद रहे।

### खेत में बने मचान में अराजकतत्वों ने लगाई आग

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊ सुल्तानपुर निवासी किसान संतलाल द्वारा खेत में फसल की रखवाली के लिए बनाए गए मचान में अराजकतत्व द्वारा आग लगा दी गई।

जिससे मचान में रखे गांव के दो अन्य किसान अर्जुन व अमृतलाल के रजाई, गद्दे सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। खेत पहुंचे किसान संतलाल ने मचाने में लपटें उठतीं लगी देख अन्य ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरवी व थाना पुलिस ने जांच की। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

## दबंगों ने चाचा-भतीजा को पीटकर किया घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● शादी समारोह में खाना परोसने के दौरान हुआ था विवाद

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत शादी समारोह के दौरान आधा दर्जन लोगों ने युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे बचाने आए भतीजे को भी धुन दिया।

अनिल पुत्र स्व. छेदीलाल नरबीजपुर गंगाघाट ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 23 फरवरी को वह अपनी रिश्तेदारी में शिव सिंह खेड़ा शेषपुर नरी गया था। जहां रात करीब 9 बजे वह और उसका भतीजा सुमित खाना परोस रहे थे। तभी व गांव के शिवम, रिंकू, शिवा पुत्र प्रभू व बाबू वहां आए और उससे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर वहां मौजूद मंगल पुत्र शिवचरन निवासी शिव सिंह खेड़ा और उसके चार साथियों ने उससे मारपीट शुरू कर दी। चाचा को बचाने दौड़े भतीजे पर भी सभी हमलावर हो गए। इतने में मंगल, शिवम, रिंकू ने उसके भतीजे पर धारदार हथियार व लोहे की राड से हमला कर दिया। जिसमें उसे और भतीजे को चोट आई हैं।

### तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर दिखा किशोर दबोचा गया

**नवाबगंज।** तमंचे के साथ एक युवक का वीडियो शनिवार को शोसल मीडिया पर वायरल हो रहा था। पुलिस ने जांच कर युवक को नवई गांव से पकड़ा और पूछताछ कर उससे तंमचा बरामद किया। हालांकि उसकी उम्र कम होने पर पुलिस ने उच्चाधिकारी को इसकी जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि शोसल मीडिया पर फोटो देखकर युवक को पकड़ा गया है। उसके नाबालिग होने से कार्यवाही के लिये उच्चाधिकारियों से परामर्श किया जा रहा है।

## रोजगार मेले में 42 युवाओं को मिली नौकरी

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव



मेले में विधायक को सम्मानित करते आयोजक।



रोजगार मेले में फार्म भरते अभ्यर्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उप्र कौशल विकास मिशन व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत विकासखंड फतेहपुर चौरासी स्थित अयोध्या प्रसाद मिश्रा महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन कराया गया।

मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत सिंह व वहां के कर्मचारियों के सहयोग से मेले का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उन्नाव, पुणे, लखनऊ, औरंगाबाद, दिल्ली व गुजरात आदि राज्यों की प्रमुख कम्पनियां आईं। जिनमें वेलस्पन इंडिया लिमिटेड, पीपल ट्री, टाटा मोटर्स, पुखराज, ब्राइट फ्यूचर लिमिटेड, प्रथम एजुकेशन सहित 9 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों द्वारा लिये गए साक्षात्कार में 364 से अधिक अभ्यर्थी उपस्थित हुए। जिसमें से 42 को चयनित किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक अखिलेश मिश्रा, अतुल मिश्रा व स्वामी शंकर यादव आदि भी पहुंचे थे।

**हद हो गई** पर्यटन मंत्री, सांसद व विधायक ने सन-2017 में किया था शिलान्यास

## सात साल पहले किया शिलान्यास, फिर भूले

संवाददाता परियर उन्नाव

● कार्य योजना बनने और कार्यदायी संस्था तय होने के बाद सभी भूल गए




सन-2017 में शिलान्यास के दौरान लगाया गया शिलापट।

**अमृत विचार।** परियर स्थित ब्रह्मावर्त गंगातट को विकसित करने की मंशा से सात साल पहले जनवरी-2017 में करोड़ों की योजना बनाते हुए लॉलीपॉप दिखाया गया था। इसमें पर्यटन मंत्री से लेकर सांसद व विधायक तक शामिल हुए थे। लेकिन, शिलान्यास के बाद आज तक इस ओर किसी ने मुड़कर नहीं देखा। अब क्षेत्र के विकसित होने की राह स्थानीय तीर्थ पुरोहित व ग्रामीण वर्षो से देख रहे हैं।

हर बार चुनाव में लोग अपने क्षेत्र के विकास की बात जनप्रतिनिधियों से करते हैं। जन प्रतिनिधि भी उसी अंदाज में उनसे हां भी कर देते हैं और फिर भूल जाते हैं। सन-2017 के विधानसभा चुनाव से पहले चार करोड़ से परियर स्थित घाट, लाइट, आने जाने के लिए रास्ते आदि बनाने के लिए कार्य योजना बनी थी। इसके लिये कार्यदायी संस्था भी तय हो गई थी। भव्य आयोजन कर शिलापट का शिलान्यास भी किया गया। जिसमें तत्कालीन पर्यटन मंत्री डा. महेश शर्मा, सांसद साक्षी महाराज व सदर विधायक पंकज गुप्ता ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। इसके बाद भी आज तक कोई काम नहीं हुआ। जिससे परियर क्षेत्र का यह पौराणिक गंगातट अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जब सन-2017 में राज्य में विधानसभा के चुनाव होने थे। उस दौरान यह आयोजन करवाते हुए इसमें लाखों रुपए पानी की तरह बहाए गए और गंगा मां की कसमें खाकर क्षेत्र को विकसित करने की बातें भी की गईं। किन्तु अभी तक एक रुपए का भी काम इस घाट पर नहीं हुआ है। अब लोकसभा चुनाव फिर से होने जा रहे हैं। जिसकी तैयारी में सभी राजनैतिक दल लग गए हैं। परियर का यह गंगातट पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के आध्यात्मिक परिपथ के अंतर्गत इस घाट को विकसित करने का सपना ग्रामीणों की मांग पर फिर से जन प्रतिनिधि दिखाने लगे हैं।

### 51 कुंडीय रुद्र गायत्री महायज्ञ हुआ शुरू

**औरास।** विकासखंड के मिर्जापुर अजिगांव में कलश यात्रा के साथ 51 कुंडीय रुद्र गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। यात्रा कार्यक्रम स्थल से निकलकर आसपास के गावों के विभिन्न मंदिरों से होती हुई कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई। आयोजक वीरेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि सोमवार को यात्रा के बाद पोथी पूजन व कथा का शुभारंभ होगा। दूसरे दिन 8 से 11 तक यक्ष व शाम छह से नौ बजे तक संगीतमयी कथा, तीसरे दिन सुबह यज्ञ, विभिन्न संस्कार और शाम को पावन श्रीराम कथा, चतुर्थ दिवस पर सुबह यज्ञ संस्कार और सायं विराट दीप यज्ञ के बाद पांचवें दिन पूर्णाहुति और भंडारे के साथ हरिद्वार से पधारी टोली की विदाई होगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। यात्रा में शिवराम सिंह, हीरा सिंह, वीरु सोनी, अमर सिंह आदि रहे।

## अकीदत व एहतराम से मनाया गया सब-ए-बरात

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** शब-ए-बरात का पर्व अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। शाम होते ही लोग कब्रिस्तान पहुंचे और बुजुर्गों की कब्रों पर मोमबत्ती अगरबत्ती लगाकर उनकी मगफिरत के लिए दुआ की।

इसके बाद मस्जिदों में जाकर सारी रात इबादत की। इस्लाम धर्म को मानने वालों के लिए शब-ए-बारात फजीलत और इबादत की रात है। इस रात में मुसलमान अल्लाह से अपने गुनाहों की मांफी मांगते हैं। ऐसी मान्यता है कि शब-ए-बारात की रात सच्चे दिल से इबादत और तौबा करने पर अल्लाह गुनाह माफ कर देता है। इस्लामिक कैलेंडर के आठवें महीने शाबान की चौदहवीं तारीख को सूर्यास्त के बाद शब-ए-बरात शुरू हो जाती है। शब-ए-बारात अर्थात गुनाहों से तौबा करने की रात। एक सप्ताह पहले से लोग अपने-अपने कब्रिस्तानों की साफ-सफाई तथा पक्की कब्रों पर रंगरोगन करने में जुट गए थे। रविवार सूर्यास्त के बाद सभी अपने-अपने कब्रिस्तानों में पहुंचे और अपने पूर्वजों व दूसरों की कब्रों पर फातिहा पढ़ी, अगरबत्ती जलाई और रोशनी की। लोगों ने अपनी क्षमता के अनुसार खैरात भी की। घरों में मीठे पकवान विभिन्न प्रकार के हलवे बनाए गए और फ़ातिहा के बाद एक दूसरे को तकसीम किये गए। रात में लोगों ने मस्जिद या घर में इकट्ठा होकर नमाज अदा की। कुरआन-ए-पाक की तिलावत कर अल्लाह तआला से अपने गुनाहों की माफी मांगी और भविष्य में कोई गलत काम न करने का वादा किया। ऐसी मान्यता है कि इस रात हर शख्स की तकदीर भी लिखी जाती है।

## सार-संक्षेप



लोगों को संबोधित करते विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार

### विधायक ने लाभार्थियों को बांटे योजनाओं के प्रमाणपत्र

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। संकल्प यात्रा के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लाभार्थियों तक पहुंचे।

यह बात रविवार को फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत क्षेत्र पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार ने कही। उन्होंने आयुष्मान, आवास, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला व पीएम सम्मान निधि सहित सरकार की चल रही तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। विधायक ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अब देश का हर नागरिक जागरूक है। उसे कोई गुमराह नहीं कर सकता। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि आप सब के सहयोग से नरेंद्र मोदी जी दोबारा देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और देश के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यात्रा में जिला नगरी विकास अभिकरण (डूडा), स्वास्थ्य विभाग समाज कल्याण विभाग खाद्य व आपूर्ति विभाग द्वारा कैंप लगाकर लोगों को योजनाओ की जानकारी दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष मिथिलेश जयसवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ईओ नगर पंचायत अरविन्द सिंह ने महिला सभासदों के प्रतिनिधि, गौरक्षा दल के उपाध्यक्ष पवन पांडेय नातेदार, मुकुंद मिश्रा, दिनेश मिश्र, नितिन जयसवाल, कार्यालय कर्मी प्रियंका शुक्ला, कृष्णपाल, विनीत बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

## ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


हॉस्पिटल के बाहर गमगीन खड़े परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गजिया खेड़ा निवासी एक अधेड़ रविवार शाम सरैयां क्रासिंग के पास ट्रैक पार करते समय लखनऊ से कानपुर जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे वह उछलकर झाड़ियों में जा गिरा। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।


सीताराम।

गजिया खेड़ा गांव निवासी सीताराम निषाद (50) पुत्र प्यारेलाल शाम करीब सवा चार बजे बैराज मार्ग स्थित सरैयां क्रासिंग के पास टहलता हुआ जा रहा था, तभी अप लाइन पर लखनऊ से कानपुर की ओर जा रही एक ट्रेन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह उछल कर झाड़ियों में जा गिरा। गेटमैन ने इसकी जानकारी डायल पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जिसके बाद घायल को इलाज के लिये मरहला चौराहा स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीताराम के मौत की जानकारी उसके परिजनों को दी गई। मौत की सूचना मिलने पर पत्नी नन्ही देवी, बेटा अजय, आर्यन, सरिता, सविता, अंजलि, रेश्मा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं भाई की मौत पर छोटे भाई कैलाश भी बेहाल रहा। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

### ट्रैक्टर चालक के सिर पर गिरा पेड़, गंभीर

**सफीपुर उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के नीमीगाड़ा गांव में यूके लिप्टस के पेड़ की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क़स्बे के मंगल बाजार निवासी राकेश (50) पुत्र मंगल प्रसाद ट्रैक्टर चालक है। रविवार को वह कोतवाली क्षेत्र के नीबीगाड़ा गांव में कमलेश पासी के बाग में कट रहे यूके लिप्टस के पेड़ लादने गया था। पेड़ों की कटाई के दौरान वह पास में ही खड़ा होकर लकड़ी लोड करने का इंतजार करने लगा। तभी अचानक एक पेड़ उसके ऊपर जा गिरा। सिर पर पेड़ गिरने से वह लहूलुहान हो गया। यह देख मजदूर उसे आनन-फानन सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### विवाहिता ने प्रताड़ना का लगाया आरोप

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मनोहर नगर में रहने वाली एक युवती की शादी लखनऊ में हुई थी। आरोप है कि ससुरालीजन उससे दहेज की मांग करने के साथ ही मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

मनोहर नगर में निवासी रशीद की बेटी इसरा फातिमा का विवाह वर्ष 2023 में लखनऊ के दौलतगंज ठाकुरगंज के रहने वाले मो. तुफैत उर्फ राजा के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद ससुरालीजन उससे अन्य दहेज की मांग करने लगे न देने पर उसे मारा पीटा। जिस पर उसने अपने मायके में जानकारी दी। इस पर कई बार सुलह समझौता भी हो चुका है। इसके बावजूद ससुरालीजन उसे मारते पीटते चले आ रहे हैं। हाल ही में मारपीट कर उसे घर से भगा दिया। जिसके बाद फोन कर बराबर धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर जांच कर कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया है।

# गंगाघाट रेलवे स्टेशन का पीएम आज करेंगे वर्चुअल शिलान्यास

- स्टेशन परिसरों में रेलवे विभाग की ओर से तैयारियां पूरी
- टीवी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जायेगा प्रसारण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


स्टेशन परिसर में बनाया गया पंडाला व लगाई गई बड़ी स्क्रीन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सोमवार को शिलान्यास किया जायेगा। इसके तहत देश के कई स्टेशनों का री डेवलपमेंट और करीब कई आरओबी व अंडरपास मार्ग की कार्ययोजना शामिल है। आज गंगाघाट रेलवे स्टेशन का शिलान्यास होगा। शिलान्यास के लाइव प्रसारण को लेकर रेलवे ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना का शिलान्यास पीएम मोदी द्वारा वर्चुअल तरीके से किया जायेगा। उसी को देखते हुये स्टेशन परिसरों में रेलवे विभाग की ओर से तेजी से तैयारियां करायी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान स्टेशन पर रेलवे विभाग के कई अधिकारियों के अलावा सांसद, विधायक, पालिकाध्यक्ष भी पहुंचेंगी। जिस कारण स्टेशन पर पूरे दिन पंडाल बनाने का काम किया गया। वहीं आने वाले आगंतुकों को बैठाने के लिये मंच भी तैयार किया जा रहा है। जिसका कार्य पूरा लिया गया है। आज पीएम कानपुर पुल बांया किनारा रेलवे स्टेशन और सहजनी ओवरब्रिज का वर्चुअल शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के व्यवस्थापक मो. सैफ ने बताया कि सोमवार को स्टेशन परिसर में बड़ी टीवी स्क्रीन के माध्यम से पीएम मोदी द्वारा किये जाने वाले शिलान्यास का प्रसारण किया जायेगा।

# शब-ए-बरात पर कब्रिस्तान हुये रोशन

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव


कब्रिस्तान में फातिहा पढ़ते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इबादत व मगफिरत की रात शब-ए-बरात का पर्व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रविवार को मनाया। जहां पूरी रात वे इबादत में मशगूल रहे। जहां बच्चों से लेकर हर वर्ग के लोगों में उत्साह देखा गया। कंचन नगर छह खंभा स्थित कब्रिस्तान पहुंच कर लोगों ने फातिहा पढ़ी और इबादत की।

इबादत व मगफिरत का यह पर्व शब-ए-बारात इस्लामी कैलेंडर के शाबान महीना को मनाया जाता है। शब-ए-बारात पर्व को लेकर सुबह मस्जिदों में विशेष तैयारी की जाती है। मस्जिदों में इबादत के लिए आने वाले धर्मावलंबियों के लिए विशेष रूप से व्यवस्था की जाती है। मस्जिदों एवं कब्रिस्तानों में लाइट की वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है। रविवार को शाम ढलते ही मस्जिदों में इबादत करने वाले लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। शाम से लेकर सुबह के फजर की नमाज तक लोगों की भीड़ जुटी रहती है। इस क्रम में लोग कब्रिस्तान भी जाते हैं और फातिहा पढ़ते हैं। पर्व को लेकर बच्चे उत्साहित रहते है। शब-ए-बरात के ठीक पंद्रह दिनों के बाद रमजान शुरू हो जाएगा। शाबान और रमजान का महीना मुसलमानों के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। यही वजह है कि शब-ए-बारात पर्व का काफी महत्व दिया जाता है। जहां शाम से ही रहमत नगर, अहमद नगर, करीमुल्ला कॉलोनी, रशीद कॉलोनी, गोताखोर, चंपापुरवा, मनोहर नगर, अली नगर, कर्बला, हुसैन नगर, ईदगाह कॉलोनी, मदनी नगर के अलावा अन्य मुस्लिम मोहल्लों से लोग कब्रिस्तान पहुंचे कर फातिहा पढ़ी और इबादत में जुटे रहे।

### दबंगों ने मारपीट कर जमीन पर किया कब्जा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र गडरियन पीपरखेड़ा में रहने वाले भाइयों की पुस्तैनी जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर ट्रैक्टर से जुतवा दिया। विरोध करने पर दबंगों ने मारा पीटा। जिस पर उन्होंने डीएम और एसडीएम को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

गड़रियन पीपर खेड़ा गांव के निवासी विशंभर और उसके भाई मछरीलाल ने रविवार को डीएम और एसडीएम को प्रार्थना पत्र देते हुये बताया कि उनकी पुस्तैनी जमीन मझरा पीपर खेड़ा गैर एहतमाली में है। जिसका खसरा संख्या 933 ख है। जमीन करीब छह बिस्वा है। जिस पर कुछ दबंगों ने कब्जा कर लिया। इतना ही नहीं जमीन पर ट्रैक्टर भी चलवा दिया। जब इस बात का विरोध जताया तो उन लोगों ने गाली गलौज कर मारपीट की।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 62 मरीजों का हुआ परीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


मरीजों का परीक्षण करते डाक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। सुबह के समय डाक्टरों के न होने पर मरीज घंटों उनका इंतजार करते रहे। 11 बजे डॉक्टर पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टर ग्यारह बजे तक नदारद रही। जिस कारण सुबह के समय दवाइयां लेने आये मरीजों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। ग्यारह बजे डॉक्टर पहुंचे। जहां उन्होंने मरीजों का परीक्षण किया और दवाइयां बांटी। इसके अलावा डा. शिप्रा झा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 62 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित, सिद्धार्थ बाजपेई, अंजलि बाजपेई, अखिलेश समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### जहरीले के कीड़े के काटने से युवक गंभीर, भर्ती

**उन्नाव।** खेत में काम करते समय युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मियागंज सीएचसी लाए। जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

आसीवन थानांतर्गत कुलहा अटौरा गांव निवासी 28 वर्षीय राहुल रविवार को खेत पर काम करने गया था। इसी दौरान उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। थोड़ी देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी। पड़ोस के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन उसे मियागंज सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# खाटू श्याम की निशान यात्रा में झूमे श्याम प्रेमी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


ध्वज के साथ निशान यात्रा में शामिल श्याम प्रेमी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को श्री खाटू श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में खाटू श्याम का महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जहां गोपीनाथपुरम स्थित श्याम मंदिर में बाबा की पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद भक्तों ने निशान यात्रा निकाली। जहां श्याम प्रेमी बाबा के भजनों पर झूमते हुये पैदल कानपुर की ओर रवाना हुये।

रविवार को गोपीनाथपुरम स्थित श्री श्याम मंदिर में विधि विधान से खाटू श्याम की पूजा की गई। जिसके बाद सैकड़ो की संख्या में श्याम भक्तों ने निशान यात्रा निकाली। श्याम भक्त पैदल चलकर श्री श्याम प्रभु को निशान अर्पित करने के लिये राजधानी मार्ग होते हुये कानपुर फीलखाना के लिये रवाना हुये। इस दौरान श्रद्धालु झूमते हुये मंदिर पहुंचे। जगह-जगह पुष्प वर्षा भी की गई। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने निशान यात्रा का स्वागत कर भक्तों के बीच फल, बिस्कुट, पानी आदि खाद्य पदार्थ का वितरण कराया। यात्रा में अवधेश कुमार बाजपेयी, गौरव, मनोज त्रिवेदी, राम प्रकाश दीक्षित, छोटू बाजपेयी, दीपू बाजपेयी, गोपाल शर्मा आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

### नंद के आनंद भयो पर झूमे श्रोता

**शुक्लागंज उन्नाव।** गोपीनाथपुरम में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जहां रविवार को व्यास ने मौजूद श्रोताओं को श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। जिसे सुन श्रोता झूमने लगे। आचार्य श्रवण द्विवेदी ने कथा को आगे बढ़ाते हुये कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने भक्तों का उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग व उनके जन्म लेने के गूढ़ रहस्यों को कथा व्यास ने बेहद संजीदगी के साथ सुनाया। इसके साथ ही राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गई। वहीं व्यास ने नंद के आनंद भयो गीत गाया। जिस पर पंडाल में मौजूद सभी श्रोता झूमने लगे।

# आग लगने से धू धूकर जला कबाड़

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव


पोनी गांव में आग से धू-धूकर जलता कबाड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के आजाद मार्ग स्थित पोनी गांव के पास एक प्लास्टिक कारखाने के बाहर रखे कबाड़ में रविवार शाम आग लग गई। आग की लपटें देख आस पास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। आग का विकराल रूप देख दमकल को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया।

कानपुर ट्रांसपोर्ट नगर निवासी सईद का गंगाघाट क्षेत्र के आजाद मार्ग स्थित पोनी गांव के पास प्लास्टिक के दाना बनाने का नेशनल इंटरप्राइजेज के नाम से कारखाना है। कारखाने का कबाड़ आस पास रखा हुआ था। जिसमें रविवार शाम करीब पौने पांच बजे अचानक आग लग गई। आग की लपटें दूर तक फैल गई। यह देख ग्रामीण दौड़े और सईद को सूचना दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन धू धू कर जल रही प्लास्टिक की बोरियां और कबाड़ जलने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

धुआं उठने से गांवों में रहने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ी। कारखाने में काम कर रहे लोगों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। सूचना पर पहुंची दमकल ने किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तबतक काफी नुकसान हो गया।

**पहल** | औरास व हसनगंज के सेवादारों ने अभियान में किया प्रतिभाग, 250 निरंकारी अनुयायियों ने सेवा में भाग लिया

# संत निरंकारी मिशन के सेवादारों ने अभियान चलाकर की साफ-सफाई

संवाददाता औरास उन्नाव


अभियान के दौरान झाड़ू लगाते सेवादार। अमृत विचार


घाटों की साफ-सफाई करते निरंकारी मिशन के सेवादार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पंचायत मोहान में संत निरंकारी मिशन शाखा औरास व हसनगंज के सेवादारों द्वारा सईं नदी किनारे जलेश्वरनाथ मंदिर घाट के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें 250 निरंकारी अनुयायियों ने सेवा में भाग लिया।

हसनगंज शाखा के डा. छेदीलाल सिंह ने बताया कि संत निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक आंदोलन है। जो एकता में सद्भाव की विचारधारा का पालन करते हुए मानवीय मूल्यों, सहिष्णुता, विनम्रता व प्रेम में विश्वास करता है। मिशन का आध्यात्मिक आधार है और यह जात रंगपंथ और धर्म में विश्वास नहीं करता है। मिशन समाज के उत्थान के लिए काम करता है और नियमित रूप से धर्मार्थ प्रक्रति की गतिविधियों का आयोजन करता है। सामाजिक आध्यात्मिक गतिविधियों की गति जारी रखते हुए मिशन ने निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से आज पूरे देश में जल निकायों की सफाई के साथ प्रोजक्ट अमृत के दूसरे चरण का निर्णय लिया। इसी क्रम में यह सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर पंचायत मोहान के चेयरमैन समरजीत यादव ने निरंकारी अनुयायियों का उत्साहवर्धन किया। सेवादल यूनिट हसनगंज के संचालक रवि शंकर मौर्य द्वारा सेवादल जवानों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गयी। साफ-सफाई कार्यक्रम में हरिश्चंद्र व संदीप की अगुवाई में औरास साधु संगत के समस्त सेवादार व हसनगंज की युवा संगत व सेवादल के भाई बहनों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

### सेवादारों ने चलाया गंगा सफाई का अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में अमृत महोत्सव के दूसरे चरण में रविवार को शुक्लागंज के गंगा घाटों पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया। जहां मिशन के सैकड़ों सेवादार गंगा तट पर पहुंचे और मिश्रा कॉलोनी से लेकर नवीन गंगा पुल के बीच सभी घाटों पर झाड़ू लगाने के साथ इधर-उधर फैली गंदगी को एकत्र कर भूविसर्जित किया। संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित प्रोजेक्ट अमृत के तहत रविवार की सुबह गंगा तटों पर स्वच्छता को लेकर सफाई अभियान शुरू किया गया। जहां सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे के बीच मिश्रा कालोनी गंगा विशुन घाट, पक्का घाट, शिव बाबा घाट, रेलवे पुल घाट, मोनू पंडा घाट, पर्यावरण घाट, आनंद घाट पर मिशन के करीब 300 संगत व सेवा दल यूनिट नंबर 371 के सेवादलों ने घाट पर फैली पॉलीथिन, फूल, दोना, प्लास्टिक की बोतल, कपड़ों के अलावा अन्य गंदगी को एकत्र किया। जिसके बाद सभी भूविसर्जित किया गया।

# दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर खर्च होते हैं 20 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

> जिले के परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रति बच्चे 35 सौ रुपये का बजट दिया जाता है। जिससे दिव्यांग बच्चों की शिक्षा सम्बंधी गतिविधियां कराई जाती हैं।
>
> -अरुण मिश्रा, डीसी

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों की बुनियाद को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए केन्द्र सरकार बकायदा बजट जारी करती है।

दिव्यांग बच्चों की बुनियादी शिक्षा अच्छी हो और दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई बेहतर हो, इसके लिए 19 लाख 95 हजार रुपए का बजट प्रतिवर्ष खर्च किया जाता है। जिले में 2122 परिषदीय विद्यालय है। इन विद्यालयों में 5700 दिव्यांग बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

शासन स्तर से दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर पहले से जोर दिया जा रहा है और कई प्रशिक्षण और कार्यक्रमों से दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ाया जा रहा है। लेकिन अब शासन ने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा बेहतर बनाने को जिले के विद्यालयों को प्रति विद्यालयों को बजट उपलब्ध कराया है। इस बजट से विद्यालय के नोडल दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता के अनुसार टीएलएम किट आदि की खरीद करेंगे। जो बच्चे आंख से दिव्यांग हैं उन बच्चों के लिए स्पर्शीय नक्शा, स्पर्शीय नंबर कार्ड, स्पर्शीय वर्णमाला कार्ड, आवश्यकता अनुसार अन्य पठन संबंधी सामग्री आदि से पढ़ाई कराई जाएगी। इसके साथ हाथ से दिव्यांग बच्चों के लिए अलग और बोलने में असमर्थ बच्चों के लिए अलग अलग सामग्री से पढ़ाई कराई जायेगी।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम : ॥

बिना बुलाए ही किसी भी स्थान पर चले जाना और बिना कुछ पूछें बोलना, जिन पर विश्वास नहीं किया जा सकता, ऐसे लोगो पर विश्वास करना यह सभी मूर्ख और बुरे लोगों के लक्षण हैं।

## संपादकीय

# एआई की नैतिकता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ही नहीं बल्कि किसी भी तकनीकी का इस्तेमाल विकास या विनाश फैलाने के लिए किया जा सकता है। एआई अक्सर विवाद का शिकार बनती है। प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के बारे में दुनिया भर में कई बातचीत हो रही हैं। प्रौद्योगिकी से किस तरह सार्वजनिक कल्याण में वृद्धि हो सकती है, वो भी महत्वपूर्ण मानवीय संपर्क को हटाए बिना, जो कि सरकारों व नागरिकों के बीच संवाद के लिए बेहद अहम है। एआई, जलवायु परिवर्तन से निपटने और एसडीजी हासिल करने में योगदान दे सकती है। उदाहरण के लिए, एआई को किन भूमिकाओं में इंसानों की जगह लेनी चाहिए? व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और मानवाधिकारों के संभावित उल्लंघन के लिए क्या किया जा रहा है? उस डेटा का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना चाहिए? एआई टूल का उपयोग कैसे किया जा सकता है और कैसे किया जाना चाहिए, इसके लिए स्पष्ट और संक्षिप्त दिशानिर्देशों के बिना, दुरुपयोग और कानूनी परेशानी की संभावना है। हालांकि यूरोपीय संघ ने भी हाल ही में दुनिया का पहला व्यापक एआई कानून, एआई अधिनियम पारित करके एक मिसाल कायम की है। चीन ने एआई नियमों का अपना सेट विकसित किया है जो लगातार विकसित हो रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका अभी एआई विनियमन के शुरुआती चरण में है और पारित किए गए अधिकांश कानून केवल राज्य स्तर पर लागू होते हैं। एआई नैतिकता को अभी भी एक लंबी यात्रा तय करनी है कई विशेषज्ञों का तर्क है कि नैतिक एआई एक जिम्मेदार भविष्य के लिए आवश्यक है जहां हम सामाजिक भलाई, स्थिरता और समावेशन जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। यूनेस्को ने पहली बार 2021 में, एआई की नैतिकता पर अपनी सिफारिशें पेश की थीं, जब दुनिया का अधिकांश हिस्सा एक और अन्तर्राष्ट्रीय संकट, कोविड-19 महामारी से घिरा था। एआई के दोहरे इस्तेमाल को लेकर असमंजस की स्थिति इसलिए भी है क्योंकि अभी तक कोई ये समझ नहीं पाया है कि आम जीवन में इसका क्या असर होगा, फिर भी सभी एआई क्षेत्र के लीडर बनने की दौड़ में हैं। एआई टूल्स को विकसित करने वाली कंपनियों में पिछले 4-5 साल में निजी पूंजी निवेश में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है कि एआई पर अविश्वास करना एक अच्छा संकेत है। जिस तरह एआई टूल्स विकसित किए जाते हैं उसे देखते हुए इन पर पूरी तरह भरोसा करना ठीक नहीं है लेकिन साथ ही ये भी याद रखना जरूरी है कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में एआई का बेहतरीन इस्तेमाल हो सकता है। यूनेस्को की सिफारिशों ने वास्तव में हमें एआई और नियमों के बारे में आलोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद की है।

# खेती कागज पर नहीं भूमि पर होती है



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा।**

डॉ.एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने के बाद भी वे लोग इनके नाम से अपरिचित हैं जिनके जीवन काल में हरित क्रांति का दौर रहा था। ग्राम्यांचलों में रह कर खेती करने वाले अधिकतर ऐसे किसान अब 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। हरित क्रांति हुई तो मेरी उम्र भी करीब 13 वर्ष की थी। खेत कार्य कौन करता था, कैसे होता था और सरकारी मदद कितनी और कैसे मिलती थी, मुझे सब याद है। हमारे खेत में हरित क्रांति का दौर तो नहीं आया, लेकिन जमीन की कीलेबंदी (कंसोलिडेशन ऑफ़ लैंड होल्डिंग्स) सन 1964 तक हो चुकी थी। करीब आधी से अधिक हमारे खेती की जमीन में नहरी सिंचाई संभव थी। हरित क्रांति के शुरूआती दौर में भी हम पशुओं के गोबर और घरेलू कूड़ा-करकट से बनाई गई हरी खाद ही खेतों में डालते थे। ईख काटने के बाद गेहूं की फसल उन्हें कीलों में, अर्थात 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की क्यारियों में बोई जाती तो अच्छी हुआ करती। एक कीले में तीन साल में एक बार हरी खाद डाली जाती थी। घर में 30-35 पशु हुआ करते। फसल का बीज अपना खुद का होता था अर्थात 'फार्मर्स वैरायटी'। बीज को किसान लोग आपस में अदला-बदली किया करते थे।

हमारे खेत में उपज के बतौर 200 मण गेहूं और करीब 300 मण से ज्यादा चना पैदा हुआ करता था। घर में 10-12 बैल होते थे, चार हळ थे जिन्हें घर के ही चार जन जोतते थे। बहुत समय तक आधी जमीन में ही बुवाई हुआ करती क्योंकि बरसात न होने या साधन नहीं होने से यह छूट जाती थी। कुछेक बार खरीफ की फसल नहीं बोई जाती ताकि जमीन अपनी उपजाऊ शक्ति पुनर्प्राप्त कर ले। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक़ हमारे संयुक्त परिवार के पास खेती की जमीन 90 एकड़ के आसपास है। अब इसमें सिर्फ धान, गेहूं, बरसीम,ज्वार ही बोई जाती है। संयुक्त परिवार टूट जाने से अब ईख नहीं बोई जाती क्योंकि यह आदमी से काफी मेहनत करवाती है। इसके लिए मानव श्रम की बहुत जरूरत होती है जो एकल-परिवार जुटा नहीं पाते। पहले 'बाड़ी' भी बोई जाया करती। इसके मेच्योर पौधे से कपास प्राप्त होती है। पहले देसी या काली बाड़ी बोई जाती थी। आजकल

**हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है।**

हमारे इलाके में न चना होता है न बाड़ी क्योंकि यह 'उगल' जाते हैं अर्थात धरती में नमी की अधिकता के कारण या मिट्टी में कुछ पोषक तत्वों की कमी के कारण उगते ही नहीं। कभी-कभार मेथी भी बो ली जाती है। पहले बारानी खेती के बतौर आषाढ़ में खरीफ की फसल बोते समय बाजरा बोया जाता था। हमारे कुनबे के अब तो शायद 20 हिस्से हो चुके हैं। ग्यारह हिस्सों में से भी सिर्फ चार हिस्सों वाले खुदकाश्त हैं बाकी की जमीन परिवार में ही ये चार हिस्सों वाले बोते हैं और मालिक को रेंट देते हैं अर्थात सालाना कैश, जो कि प्रति एकड़ रु.25-30 हज़ार है। पूरे पश्चिमोत्तर भारत में जो किसानी और जो संयुक्त परवार सन 1960 तक थे, अब वे स्ट्रक्चरल तौर से वैसे नहीं रहे हैं। तहसील में जमीन को हस्तांतरित करवाने वालों की अब भीड़ लगी रहती है। लेकिन उस समय ऐसा नहीं था। खाता नंबर बदलवाने का जिक्र भी अगर अलग हुआ परिवार करता तो उसे बुरा-भला कहा जाता और उसे धमका कर कहा जाता कि यह बुजुर्गों के सम्मान के अनुकूल नहीं। लेकिन देखा गया कि इसका नतीजा बुरा हुआ। हमारा गांव और खेत हरित क्रांति के प्रभाव से अछूता ही रहा और किसानी करने वाले हम लोग भी। बाद में, शायद हरित क्रांति (सन 1967-1978) का दौर ख़त्म होने के बाद ही, हमारे खेतों में फसलों से अधिक उपज लेने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल होने लगा था। सन 1795 के बाद से फार्मर्स वेरायटीज ख़त्म हो गई और बीज लेने के लिए बीज वितरकों के यहां लाइन लगने लगी। ये बीज सरकार देती थी और वितरण या तो अनाज मंडी में दूकानदार लोग किया करते या सरकारी वितरण केंद्र से मिला करते। गांव में कोआपरेटिव सोसाइटी के दफ्तर से भी ये दोनों अर्थात बीज और रासायनिक उर्वरक मिलता था। परन्तु कोआपरेटिव सोसाइटी के सदस्यों को ही। लेकिन अब कमी के चलते इसके लिए भी मार-काट मचती है। लेने के लिए या तो शहर आना होता है या फिर बोने के लिए कुछ नहीं होगा तो खेत खाली पड़ा रहेगा। इनके वितरण में कुप्रबंधन हावी है। गांव में हल की खेती बिलकुल ख़त्म हो चुकी है। कभी 300 से अधिक हल होते थे अब करीब सौ की संख्या में ट्रेक्टर हैं। गांव की खेती की जमीन 28 हजार बीघा है यानी कि करीब 4000 हेक्टेयर। आबादी है 12 हज़ार। गांव के 30 प्रतिशत लोग नौकरी पेशा है और गांव के जो लोग बाहर चले गए हैं और अभी नाता रखे हैं उनकी संख्या भी 3 हजार से कम न होगी। गांव के लोग अपने ही घर के नौकरी पेशा लोगों को पसंद नहीं करते, क्योंकि खेती की जितनी जमीन का टाइटल इनके नाम है और इसे सगे-संबंधी बोते हैं वे इन्हें मन से उपज का पूरा हिस्सा या किराया नहीं देना चाहते, लेकिन कानूनी रूप से बाध्य हैं। कारण यह कि खेती बहुत हाड़-तोड़ काम है और बचत शायद 5 प्रतिशत भी नहीं जबकि हिस्सा करीब 40-50 प्रतिशत तो देना ही होता है।

ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा। सन 1900 के अंग्रेजों ने उत्तर प्रदेश और पंजाब में नहरों का जाल बिछा दिया और सिंचाई में बेशक हिन्दुस्तानी लोग काम करते रहे, लेकिन अंग्रेज़ अफसरों की तीखी निगाह इनके काम काज पर रहती थे। इरीगेशन चैनल्स की निगरानी खुद करने के लिए इन्होंनें नहरों के किनारे और हेड-वर्क्स पर शानदार इंस्पेक्शन बंगलों का निर्माण किया। नहरों के किनारे कैनाल इंस्पेक्शन रोड्स बनवाए जिनकी देखभाल सन 1960 तक भी शानदार तरीके से हुई। अब सब चौपट है। मौसम की मार और अब की मंहगाई ने खेती को भी चौपट कर दिया है। जिस घर में नौकरी और खेती दोनों हैं, तब यह मान कर चलें कि खेत की कमाई तो खेत में ही खप जाती है और नौकरी से मिलने वाले वेतन से घर चलाया जाता है। जिनके यहां पक्की या कच्ची नौकरी भी नहीं है, वे पशु का दूध बेचकर गुज़ारा करते हैं। मुझे पक्का विश्वास है कि एमएसपी से खेती को सस्टेन करना मुश्किल हो रहा है। यह अलग बात है कि आदतन एक किसान अपने खेत को खाली नहीं छोड़ता और अपने अलावा दूसरों के लिए भी अन्न उगाता है। अपने लिए जो पशु दूध के लिए रखे हैं उनके दूध को भी दूसरों से शेयर करता है।

मेरा दावा है कि एमएसपी पर बात करने वाले लोग एक किसान के दो दुधारू पशुओं की देखभाल का पूरा काम खुद एक सप्ताह भी नहीं कर पाएंगे, खेती करना तो दूर रहा। आठवें दिन ये लोग एम्स में भर्ती होकर कराहते मिलेंगे। खेती में लगने वाली लागत का मूल्य तो एग्रीकल्चरल प्राइस कमेटी आंक लेती है लेकिन मनुष्यों का दुःख-दर्द, इनके अभाव, समय और खेत-कार्य का अलावा लगने वाला श्रम और तकलीफों का आकलन क्यों नहीं करती? मेरा मानना है है कि यह सब करने वाला सरकारी अमला अगर एक साल तक खुद खेती करके खुद तजुर्बा हासिल करे तो उसे मालूम हो जाएगा कि सब्सिडी और एमएसपी, जख्म पर मरहम मात्र लगाने वाला उपक्रम है। उन्हें मालूम हो जाएगा खेती कॉमर्स नहीं है बल्कि मुल्क के लोगों को जीवित और स्वस्थ रखने का एकमात्र उपाय है। खेती पर लिखने वाले इधर-उधर से लेकर या सरकारी वेबसाइट से डाटा लेकर लिख रहे हैं। इनके अपने वास्तविक अनुभव शून्य हैं। हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है। मेरे गांव के अधिकतर किसान क़र्ज़ के बोझ से दबे हुए हैं और इसे उतार पाएंगे, ऐसी उम्मीद भी नज़र नहीं आती।

## प्रसंगवश

# अपरिवर्तनीय सत्य



मोहन सिंह बिष्ट
पत्रकार

भारतीय हिंदू समाज में प्रचलित रूप चार वर्णों में विभाजित किया गया है जिसे मूलतः जन्म आधारित माना जाता है। सनातन संस्कृति के प्रारंभिक काल में ये वर्ण व्यवस्था जन्म आधारित न होकर कर्म आधारित थी।

वैश्विक रूप से जातियां एक समुदाय विशेष से ताल्लुक रखती हैं तथा उनका वर्ण विभाजन जन्म आधारित नहीं होता। उनके उद्गम में एक क्षेत्र विशेष आता है। वह विश्व का कोई कोना गांव का नाम अथवा किसी वरिष्ठ पारिवारिक सदस्य का नाम उसको प्राप्त सम्मान या उपाधि हो सकता है। इसके अलावा विभिन्न जातियों का स्रोत उनका पारंपरिक पेशा इत्यादि भी होता है।

भारतीय सनातन संस्कृति को मानने वाले अथवा हिंदू समुदाय के लोगों की जाति और उपनाम में एक बड़ा और अंतर है वे उपनाम या सरनेम तो बदल सकते हैं परंतु अपना वर्ण नहीं बदल सकते। दूसरी ओर धर्म आधारित व्यवस्था के मूल में प्रत्येक व्यक्ति की आस्था होती है जोकि स्वभाव से देश काल परिस्थिति के अनुसार परिवर्तनशील हो सकती हैं व्यक्ति मूल रूप से चाहे जिस वर्ण, जाति,क्षेत्र अथवा पेशे से हो उसका धर्म उसकी स्वयं की आस्था से निर्धारित होता है। इसका कारण कुछ भी हो सकता है।

आस्था में परिवर्तन कर दूसरे धर्म में आस्थावान हो सकता है अर्थात कोई भी व्यक्ति कभी भी कहीं भी अपनी धार्मिक आस्था में परिवर्तन कर सकता है। परंतु उसके बाद भी अपनी मूल जाति या उद्गम के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं कर सकता। अपनी संस्कृति में परिवर्तन नहीं कर सकता धर्म और जाति में इस बड़े भेद को समझने से काफी हद तक वर्तमान में आपसी वैमनस्यता,धर्म संप्रदाय और जातिगत शत्रुता समाप्त हो सकती है कि वास्तव में धर्म और जाति के नाम पर मनुष्य और मनुष्यता में भेद करना मात्र आधुनिक समाज की अज्ञानता है। आज विज्ञान कहता है, प्राणी मात्र का उदगम एक है तो मात्र आस्था परिवर्तन तथा वर्ण अथवा जाति विभाजन से हम अलग कैसे हो सकते हैं। यही वास्तविक सत्य है और इसी सत्य को सनातन संस्कृति कहती है। मानव जाति एक ही है यह सत्य अपरिवर्तनीय हैं।

# मौसम मस्त चुनाव का : नेताओं के रंग



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

**चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है।**

अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है मगर समय नजदीक आते ही वातावरण में नर्मी गर्मी की शुरुआत हो गई है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है। इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले; चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। मौसम मस्त चुनाव का, नेताओं के रंग!/ भौंचक होकर देखती,जनता भी हुड़दंग!!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और नहीं समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है?

नेताजी की जन विश्वास यात्रा शुरू हो गई है। 5 सालों तक गायब रहने वाले अब हाथ जोड़कर उन्माद मचाते हुए जनता के बीच में दांत निपोड़ रहे हैं। अपनी-अपनी बिरादरी के लोगों के बीच नेताओं ने आना-जाना शुरू कर दिया है। जातीयता का नशा भी कैसा अनोखा होता है कि वह सबसे ज्यादा अपना ही अहित करता है। किसी भी नशे का चरित्र और प्रभाव यही तो है कि वह उसके सेवन करने वाले को ही नष्ट करता है। जातीय उन्माद सबसे पहले उसी जाति का विनाश करता है जो इसमें सम्मिलित हैं, फिर वह समाज को तोड़ता है। ऐसे में तय है कि देश कमजोर होगा ही। चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है ठीक वैसे ही जैसे जनता नेता की जीत के बाद धूल चाटती रहती है। नेता भी पूरे जोशो-खरोश में अपने भड़ास, उबाल और छल-फरेब को जनता की भावना भांप कर निकालते रहते हैं। हर दल ने अपनी जन विश्वास यात्रा निकालनी शुरू कर दी है। किसी ने भारत जोड़ो, तो किसी ने सुशासन संवाद, तो किसी ने जन विश्वास, तो किसी ने दुआ-सलाम, तो किसी ने कुछ और और नाम भले ही रख दिया है लेकिन काम और उद्देश्य सबके एक ही हैं कि आसन्न चुनाव में जनता कैसे उनके पक्ष में आ जाए। बड़े ऊंचे ऊंचे बोल, झूठ फरेब, नारे-वादे, घोषणा, आश्वासन और भाषण का दौर शुरू है। जनता भी पहली बार इस तरह के आचरण और व्यवहार को नहीं देखेगी, वह भी अभ्यस्त हो चुकी है।

विचित्र होता है चुनावी मौसम भी, और यह मौसम पूरे वातावरण में ऐसा नशा घोल देता है कि अच्छे-अच्छे लोग भी उन्माद में आ जाते हैं। सबके बोल बिगड़ जाते हैं। चौक-चौराहों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ता ही क्या आम-आवाम भी चुनावी हिसाब किताब और गणित में लग जाता है। ऐसे में दलों और नेताओं की आवाजाही तेज हो जाती है। वे आग बुझाने नहीं बल्कि उसमें घी डालकर उसे और तेज करने तथा अपनी रोटी सेंकने के लिए आते हैं।

चुनावी उन्माद का दौर शुरू है। रंग-बिरंगी पगड़ी बांधे, रंग जमाते शहर, गांव, कस्बों और गली-गली में फैल रहे हैं राजनीति के नए पुराने शोहदे। तमाम प्राणियों के गुण और आचरण को ओढ़कर आ रहे हैं ये। ऑक्टोपस की तरह अपने पंजे की गिरफ्त में लेते चले जा रहे हैं भोले-भाले लोगों को। अब तो चुनावी अभियान में भाषा का भदेस रूप स्थानीय गालियों के साथ प्रस्तुत हो रहा है। जाने किस-किस तरह का गठबंधन बनेगा। इंडिया बना तो उसका हाल बेहाल है, क्योंकि उससे प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वाले जदयू सुप्रीमो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाहर हो गए हैं। उन्होंने पाला बदल दिया और फिर ऊंट पहाड़ के नीचे आ गया है। नरेंद्र मोदी से खार खाए हुए नीतीश कुमार बार-बार उन्हीं की शरण में आ रहे हैं। बड़ी विवशता और छटपटाहट में हैं नीतीश जी।

बसपा सुप्रीमो मायावती जाने कहां हैं?और ठीक-ठाक पता नहीं कि सपा नेता अखिलेश यादव की साइकिल की स्थिति क्या है? कांग्रेस के राजकुमार राहुल गांधी की देश-नापो चहलकदमी और मटरगश्ती का हाल क्या है? तृणमूल की आंधी ममता दीदी की नई पैंतरेबाजी कैसी है? बहुत सारी बातें हैं! उत्तर और दक्षिण भारत के अलग-अलग प्रांतों के स्थानीय क्षत्रपों का भी हाल बेहाल है। वे डांवाडोल हैं। इधर जाएं या उधर जाएं - बात नेताजी की समझ में नहीं आ रही है।

## सोशल फोरम

# स्मार्टनेस पर जोर

**इसी कारण देखिए ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978– 79 में ही खोल दी।**



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

अब हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे है जहां स्मार्टनेस पर जोर है। हर चीज दुबली पतली छरहरी। मोटे का ज़माना गया। आदमी भी स्मार्ट, मोबाइल भी स्मार्ट। आ गया माइक्रो चिप्स का ज़माना। ट्रांजिस्टर का उपयोग करके, हमने रेडियो को छोटा बना दिया है। बाल-पतली फाइबर-ऑप्टिक केबल ने भारी तांबे के तार की जगह ले ली है। माइक्रोचिप्सों ने तो कमाल कर दिया, पता नहीं क्या-क्या अप्रचलित कर दिया।

एक और डाटा आ रहा है कि खुली अर्थव्यवस्थाएं बंद अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रति वर्ष 1.2 प्रतिशत अंक तेजी से बढ़ीं, क्योंकि आप जितने अधिक खुले होंगे, आप विचारों, बाजारों, प्रौद्योगिकियों और प्रबंधन नवाचारों के आज के विश्व नेटवर्क में उतने ही अधिक एकीकृत होंगे, समय के साथ दौड़ सकते हैं।

इसी कारण देखिये ना, चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978- 79 में ही खोल दी। अपने ही देश में 1991 में विदेशी मुद्रा के लिए चंद्रशेखर सरकार ने सोना गिरवी रखा और उसके बाद आयी नरसिम्ह राव सरकार / मनमोहन सिंह को अर्थव्यवस्था खोलने पर मजबूर होना पड़ा।

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के धुर विरोधी मार्क्स महान वैज्ञानिक चिंतक थे, साम्यवाद के प्रवर्तक थे, विज्ञान की तरह बताया कि यह होगा फिर यह होगा और फिर क्रांति होगी, कहीं-कहीं हुई भी पर आज यहां तो सब उलट हो रहा है। हमारे देश के मार्क्सवादियों ने अपने देश से लिहाज़ से सिद्धांत खोजे नहीं, वे आज हर सवाल के जवाब के लिए मार्क्स को ताक रहे हैं और मार्क्स कब्र में हैं, निकलने को तैयार नही। समय और देश की मांग के मद्देनज़र उन्हें नए सिद्धांत गढ़ने होंगे, धुर वाम से केंद्र की तरफ़ चलकर अपनी नई जगह बनानी और उसे मज़बूत करनी होगी।

**-फेसबुक वॉल से**

# जान है तो जहान है



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

**क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन न परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर , डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा ,पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं ।**

जान है तो जहान है अर्थात जान बची रहेगी तो बाद में संसार का सारा आनन्द पुनः उठाया जा सकता है। मृत्यु के बाद सब कुछ व्यर्थ है। इसलिए जीवन सुरक्षित रखना सेहत दुरुस्त रखना हर व्यक्ति का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। हर आदमी को अपना खानपान ,रहन-सहन ऐसा रखना चाहिए जिससे उसकी सेहत ठीक–ठाक रहे। सेहत अच्छी रहे ।

**दृष्टांत :** कोविड महामारी के समय अधिकांश लोगों ने अपनी समस्त सार्वजनिक गतिविधियों को सीमित कर, यहां तक कि घर के बाहर निकलना, भीड़ भाड़ से बचना, स्वच्छता के नियमों का सख्ती से पालन करना, मास्क लगाना, परस्पर दूरी बनाए रखना आदि नियमों का पालन किया और उस संकट को पार किया। अपने को कोविड संक्रमण से बचाए रखने का पूरा प्रयास किया। टीका लगवाया। इन सबका प्रतिफल यह हुआ कि हमारे देश में कोविड की भयानकता अन्य देशों की अपेक्षा कम रही। कितने लोगों की जान बच गई।

इस संदर्भ में एक दूसरा अच्छा उदाहरण है उत्तरकाशी के सिलक्लायारा सुरंग दुर्घटना में फंसे 41 खनन मजदूरों का अपने जीवन को बचाने का सामूहिक प्रयास। उन सभी मजदूरों ने पत्थर की शिलाओं से रिसते जल से अपनी प्यास बुझाई, चिवड़े से भूख मिटाई तथा योगाभ्यास किया । यह सब तब तक करते रहे जब तक राहत प्रयास उन्हें बाहर निकालने में सफल हों सके। अपना जीवन बचाने का ऐसा साहसपूर्ण प्रयास विश्व इतिहास में एक कीर्तिमान स्तंभ है और ' जान है तो जहान है' का ज्वलंत उदाहरण है। जंक जहर है, जिगर कहर है। न खाये इसे/ न आएगी नैश की नौबत,न होगी हृदयाघात की आफत।

**व्याख्या :** नैश (NASH) अल्कोहल के अतिरिक्त जैसे जंक भोज्य पदार्थों के कारण जिगर में होने वाली सूजन / प्रदाह जो आगे चलकर भविष्य में सिरोसिस या यकृत कैंसर का रूप ले सकता है। जंक पदार्थों का दिल के ऊपर भी बुरा असर पड़ सकता है। आजकल युवकों में पाया जाने वाला दिल के दौरे का यह भी एक प्रमुख कारण है ।

**मांसाहार अनेक दोष / हृदय कैंसर जैव कुदोष।**

## स्वास्थ्य सुभाषित

**व्याख्या:** मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना, बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है । स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है ।

**मोबाईल न असन, दिल घातक कुव्यसन**

(संकेत-असन-भोजन/खाना, दिलघातक- दिल को चोट पहुंचाने वाला/दिल को बीमार बनाने वाला, कुव्यसन- बुरी लत )

**व्याख्या :** मोबाईल को भोजन न समझे। उससे दिन -रात लिपटे न रहे। उसकी लत न लगाएं। लत की हद तक मोबाईल का प्रयोग आंखों की रोशनी पर असर डालेगा। गर्दन और कमर की हड्डियां झुक जाएंगी। सैर , व्यायाम या योग के लिए समय नहीं निकाल पाएंगें। इन सबका सम्मिलित कुफल यह होगा आपका पेट निकल आएगा। वजन बढ़ जाएगा। दिल पर बहुत बुरा असर पड़ेगा और कम उम्र में हृदयाघात (दिल के दौरे) की संभावना बढ़ जाएगी। किशोर-बच्चों को मोबाईल, लैपटॉप या टीवी सब मिलाकर दिन में दो घंटे से अधिक नहीं देखना चाहिए।

**साक्ष्य :** एसजीपीजीआई लखनऊ में किए गए एक शोध के अनुसार जो लोग दिन भर में 3 घंटे से अधिक मोबाईल का उपयोग करते हे उन्हें तोंद, बीपी, तथा शुगर की समस्या कम उम्र में सता सकती है।

**प्रकृतिस्थता:** क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। आजकल संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर,डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा, पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं उसके पीछे प्रकृतिस्थता का अभाव ही प्रमुख कारण है। जिसने अपने अंदर प्रकृतिस्थता का गुण विकसित कर लिया उसने इन तमाम बीमारियों पर सहज ही नियंत्रण प्राप्त कर लिया। इस संदर्भ में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन का एक प्रसंग बहुत ही अनुकरणीय है जिसकी चर्चा महाकवि तुलसी इस श्लोक में बहुत सुंदर तरीके से करते हैं: प्रसन्नतां या न गताभिषेकस्तथा/ न मम्ले वनवास दुःखतः। मुखाम्बुज श्रीरघुनंदनस्य में,सदास्तुसा मंजुल मंगलप्रदा।। (अयोध्याकांड श्लोक-२,श्रीरामचरितमानस) श्रीराम जनकपुर में विवाह के पश्चात अयोध्या लौट आते हैं और महाराज दशरथ गुरु वशिष्ठ से मंत्रणा के बाद उन्हें राज्याधिकार देने का सुनिश्चय करते हैं। राज्याभिषेक के तिथि की घोषणा हो जाती है। दूसरे दिन सवेरा होते-होते महारानी कैकेयी की कुमति और दुराग्रह के चलते उन्हे चौदह वर्ष वनवास की आज्ञा होती है जिसे राम 'कानन राजू ' समझ कर सहर्ष स्वीकार करते हैं। उनके चेहरे पर विषाद की एक रेखा भी नहीं उभरती। प्रस्तावित राज्याभिषेक के ठीक पहले वह हर्षोन्मत्त भी नहीं थे। ऐसा अद्भुत मानसिक संयम और संतुलन ही व्यक्ति को स्वस्थ और दीर्घायु दे सकता है। इसके विपरीति आजकल का धमाचौकड़ी पूर्ण जीवन केवल असंतोष और तनाव देता है जो अनेक असंक्रामक रोगों का सहज कारण बंनता है ।

**अभिवादनशीलता:** 'अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः। चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम्।। ' स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना करने वाले हर व्यक्ति को अपने से आयु में श्रेष्ठ हर प्राणी का उचित अभिवादन, उसका यथा संभव सेवा -सत्कार अवश्य करना चाहिए। ऐसे अभिवादनशील व्यक्ति की आयु, विद्या, कीर्ति और बल इन चारों में वृद्धि होती है। स्वस्थ और सफल जीवन जीने वाले अनेक लोगों का जीवन हमें हमेशा अभिवादनशील बने रहने की शिक्षा देता है ।

**हम दो हमारे दो :** 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।'मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने त्रेता युग के उस काल में सीमित परिवार– 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।' का ऐसा आदर्श रखा जो अब संपूर्ण विश्व को जनसंख्या विस्फोट से बचाने के लिए एक अनुकरणीय अपरिहार्यता बन गई है। ध्यातव्य है कि भारत सरकार ने बहुत वर्षों पहले अपरिमित बढ़ती हुई आबादी पर नियंत्रण पाने के लिए इस नारे की बहुत जोर शोर के साथ घोषणा की थी- 'हम दो हमारे दो'। पर हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम तो इस बात का जीवंत उदाहरण हमारे सामने हजारों वर्ष पूर्व रख दिया था। स्वस्थ सामाजिक संरचना के लिए ऐसी संतति – संकल्पना शायद ही किसी अन्य ने प्रस्तुत किया हो।

# तकनीकी खराबी से सहकारी चीनी मिल बंद

## तौल की उम्मीद के सहारे वाहनों में गन्ना लादे डटे हैं किसान

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद



बंद मिल में तौल के लिए पड़ा गन्ना। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** किसान सहकारी चीनी मिल कायमगंज रात लगभग 11 बजे से पूरी तरह बंद हो गई। मिल बंद होने से किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गन्ना लेकर आए किसानों के ट्रैक्टर चीनी मिल यार्ड में खड़े हुए हैं ।

तौल की फिलहाल उम्मीद भी नजर नहीं आ रही है । हालात यही रहे तो किसान आंदोलन करने पर मजबूर हो सकते हैं । किसानों ने बताया कि रात लगभग 11बजे के करीब चीनी मिल की मशीन का पहिया अचानक जाम हो गया । इसके बाद चीनी मिल की पेराई का काम बंद हो गया । गन्ना की तौल कब शुरू हो सकेगी । इस समबंध में तब से अब तक ना तो चीनी मिल जीएम और ना ही कोई अन्य अधिकारी संतोष पूर्ण जवाब दे रहे हैं -कि चीनी मिल कब तक चालू हो सकेगा।

रानरेश, दशरथ,हरिनन्दन सहित दर्जनों का यह भी कहना कहना था कि किसानों के लिए ना तो कोई सुविधा है । शौचालय खराब पड़े हुए हैं । पानी पीने के हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं । शौच क्रिया के लिए रेलवे लाइन पार करके खेतों में जाना पड़ा रहा है और ना ही किसानों के रुकने की ही कोई व्यवस्था है। जिसके चलते किसान आखिर जाएं तो जाएं कहां। बताते चले अभी कुछ दिन पूर्व चीनी मिल की मशीन खराब होने के चलते लगभग तीन-चार दिन मिल बंद पड़ी रही । इससे पूर्व भी तकनीकी खराबी के चलते कई बार मिल बंद हो चुकी है । किसानों का कहना है कि जर्जर मशीनों तथा मिल प्रशासन एवं गन्ना विभाग की उदासीनता के चलते आखिर कैसे पूरा पेराई सत्र कायदे से चल पायेगा? यह सब कुछ पूरी तरह संदेह के घेरे में आ चुका है ।

### पेराई बंद होने पर किसानों ने किया हंगामा

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** पेराई बंद हो जाने से गन्ना किसानों ने चीनी मिल में जमकर हंगामा किया। इससे किसान काफी परेशान है। सहकारी चीनी मिल में पुरानी मशीनों के सहारे गन्ना पेराई के दौरान बार बार तकनीकी खराबी हो रही है। किसान तौल के इंतजार में कई कई दिन तक खडे.रहते है। शनिवार रात मिल के रोले में तकनीकी खराबी आ गई। इससे पेराई कार्य ठप हो गया। मामले की जानकारी मिल प्रशासन को दी है। इस पर मिल प्रशासन के अधिकारी ने मौके पर पहुंच कर खराबी को सही कराने में जुटे रहे। इधर गन्ना पेराई बंद हो गई। तौल बंद होने से बाहर किसान परेशान हो गए। किसान मिल प्रशासन से मिले। जहां उन्हे जल्द खराबी सही करने का आश्वासन मिला। रविवार सुबह किसानों का धैर्य टूट गया। किसान सत्यवीर , सुधीरचक्रपाल, राघव आदि ने विरोध प्रदर्शन कर हंगामा किया। किसानों के हंगामे पर मिल प्रशासन से समझाया। किसानों का कहना था कई कई दिन हो जाते है। वह किराए के ट्रेक्टर लाते है। इससे उनका नुकसान होता है। तौल में देरी होती है तो गन्ना सूख जाता है तो मिल प्रशासन भी गन्ना सूखा होने की बात कहकर लौटा देता है। ऐसे में वह क्या करे। सब दोष किसान का ही होता है। वह अपनी कमिया नहीं देखते। उन्होंने कहा कि आखिरकार पुरानी मशीनो को कब नया किया जाएगा। मिल प्रशासन ने भरोसा दिया कि आज ही मिल चालू करा दी जाएगी।

# रेलवे स्टेशनों के विकास की आधारशिला रखेंगे मोदी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 13.50 करोड़ रुपये से होगा कायाकल्प
- सांसद, विधायक समेत सभी जनप्रतिनिधि रहेंगे मौजूद होगा वर्चुअल उद्घाटन



कन्नौज रेलवे स्टेशन।

**अमृत विचार।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कन्नौज व गुरसहायगंज स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। इन दोनों स्टेशनों को हाईटेक बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नई दिल्ली से वर्चुअल उद्घाटन करेंगे लेकिन स्टेशन पर सांसद व विधायक समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। रेलवे ने कार्यक्रम के लिए तैयारियां पूरी कर लीं हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर के मंडल वाणिज्य निरीक्षक राजकुमार वर्मा ने बताया कि सोमवार को सुबह 10.45 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवरब्रिज व अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन व लोकार्पण करेंगे। इसमें जिले के कन्नौज व गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं।

कन्नौज रेलवे स्टेशन का कायाकल्प 13.50 करोड़ रुपये से होगा। अगले छह माह के अंदर दोनों स्टेशनों के भौतिक स्वरूप में परिवर्तन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को स्टेशन परिसर में एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री का संबोधन सुनाया जाएगा, जिसमें सांसद सुब्रत पाठक, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय सहित सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

# पटाखा गोदाम में आग लाखों का माल जला

संवाददाता, कदौरा-जालौन



आग बुझाती दमकल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार रात को कस्बे के नाका रोड स्तिथ पटाखा गोदाम में आग लगने से लाखो का माल जल कर राख हो गया। हालांकि आग से कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन धमाकों की आवाज दूर तक सुनाई दी। सूचना पर सुबह जब फायर बिग्रेड की गाड़ी घटना स्थल पर पहुंची तब तक सारा समान जल गया था। पटाखा विक्रेता ने तीन लोगो के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

कस्बा के बाजार निवासी संजय पुरवार पुत्र राम स्वरूप पुरवार पटाखा बेचने का कार्य करता है। उसने बस्ती से दूर नाका रोड पर एक गोदाम बना रखा था। बीती रात लगभग 10 बजे गोदाम में आग लग गई लेकिन पड़ोसियों ने सुबह संजय को घटना की सूचना दी घटना की जानकारी पा कर फायर बिग्रेड की भी गाड़ी मौके पर पहुंची। तब तक पूरा गोदाम राख हो गया। संजय ने बताया कि राम जी पुरवार, जगदीश पुरवार व अंचल पुरवार ने रंजिशन गोदाम में आग लगाई है।

# यज्ञ से लौट रही किशोरी से गैंगरेप

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

- क्षेत्राधिकारी सदर ने गांव पहुंच कर घटना की जानकारी ली



> घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र आरोपियों के गिरफ्तार करने के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया है।
>
> – राजेश कमल, सीओ सदर

**अमृत विचार।** शेर माता मंदिर में यज्ञ से घर लौट रही किशोरी को जंगल में ले जाकर तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। किसी तरह वह उनके चंगुल से छूटकर रात तीन बजे घर पहुंची और परिजनों के आपबीती बताई। पीड़िता के पिता ने ललपुरा थाने में दी तहरीर देकर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। सीओ ने मौके पर पहुंची कर पीड़िता और उसके परिजनों से पूछताछ की। आरोपियों को गिरफ्तार जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया।

ललपुरा थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत के मजरा निवासी पीड़ित पिता ने ललपुरा थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके मजरे के निकट जंगल में स्थित शेर माता मंदिर में यज्ञ चल रहा है। शनिवार को उसकी 14 वर्षीय पुत्री दिन में करीब दो बजे घर से यज्ञ देखने गई हुई थी। वहां से शाम करीब पांच बजे वापस घर लौट रही थी तभी गांव निवासी हरपाल सिंह पुत्र रामसेवक व उसके रिश्तेदार कुरौरा थाना के ग्राम बरौली निवासी दीपक व सुनील ने पुत्री का रास्ता रोक लिया । बेटी ने विरोध तो किया पर वे उसका हाथ पकड़कर जंगल में घसीट ले गए और वहां तीनों ने बारी- बारी से बलात्कार किया। जब बेटी घर नहीं लौटी तो वह अपने परिजनों और ग्रामीणों के साथ उसे खोजते रहे। यज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने भी खोजबीन का प्रयास किया। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। तभी किसी तरह लड़की आरोपियों के चंगुल से छूट कर रात तीन बजे घर पहुंची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की जानकारी होने पर सीओ सदर राजेश कमल पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर घटना जानकारी ली। पीड़ित बच्ची और परिजनों से पूछताछ की गई। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# रामनगरिया में फिर लगी आग, मची भगदड़

संवाददाता, फर्रुखाबाद



झोपड़ी में लगी आग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगातट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में 72 घंटे के अंदर दूसरी बार फिर आग लग गई, जिससे मेले में भगदड़ मच गई।

कल्पवासी जिस समय एक माह कल्पवास करने के बाद अपने अपने घर को जा रहे थे। उसी समय सीढ़ी नंबर छह पर बने संत मनमोहन स्वरूप के क्षेत्र में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से राउटी में बैठे बाबा मनमोहन स्वरूप झुलस गए। उन्हें आनन-फानन में लोगों ने खीचकर राउटी से वाहर निकाला। आग पर काबू पाने को आस पास के लोग बालू फेकने लगे। चंद मिनटों में पहुंची फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया।

धुएं का गुबार देख बड़ी संख्या में लोग व मेला संत समिति अध्यक्ष सत्यगिरी महाराज व अन्य लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि कल्पवासियों व संतों के जाने के बाद राउटियो पुआल व अधजली लड़कियों को लोग इकट्ठा कर रहे हैं। उसी से आग लगी है।

# गीजर से बनी गैस से महिला की मौत

**कंचौसी, औरैया।** कंचौसी गांव निवासी चित्रा पत्नी अश्वनी गुप्ता रविवार सुबह करीब नौ बजे बाथरूम में नहाने के लिए गईं थीं। काफी देर तक वह बाथरूम से बाहर नहीं आईं तो स्वजनों को चिंता हो गई। चित्रा को आवाज भी लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। बाथरूम में चित्रा बेहोश जमीन पर पड़ी थी। परिजन उनको निजी चिकित्सक के यहां ले गए। यहां चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी, जिला अस्पताल में चित्रा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने नव विवाहिता की मौत की खबर मायका पक्ष को दी। चित्रा का विवाह बीते 14 फरवरी को कंचौसी गांव निवासी अश्वनी गुप्ता के साथ हुआ था।

# महोबा में खेत में सो रहे किसान की हत्या

**महोबा।** ग्राम सौरा निवासी हाकिम सिंह (40) पुत्र मेहरबान सिंह छह बीघा भूमि बलकट पर लेकर खेती करते थे। प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात वह बेल घाट के समीप खेत पर सोने के लिए गए थे, लेकिन अज्ञात लोगों ने सोते समय धारदार हथियान से प्रहार कर उसे मौत की नींद सुला दिया।

सुबह जब पास के खेत पर काम करने आया किसान अच्छेलाल अहिरवार ने हाकिम सिंह को देर तक सोता देखा तो वह उसके पास गया और खून से लथपथ शव को देख उसके होश उड़ गए। शव देखकर वह चिल्लाने लगा। आवास सुन आसपास के खेतों पर काम कर रहे किसान भी वहां पहुंच गए। शव की जानकारी परिजनों और पुलिस को दी। हत्या की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक, महोबकंठ थाना प्रभारी, सौरा चौकी प्रभारी सहित तमाम पुलिस टीम घटना स्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि चारपाई पर सो रहे किसान के सिर पर धारदार हथियान से हमला किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई है।

# हथियारबंद आधा दर्जन बदमाशों ने बोला धावा

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- आवाज सुन जागे परिजन सीसीटीवी में घटना कैद
- सिकंदरपुर के आंबेडकर नगर में हुई वारदात, लोगों में दहशत



सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे बदमाश।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसे मोहल्ले में रात के अंधेरे में हथियारबंद आधा दर्जन बदमाशों ने एक मकान पर धावा बोल दिया और लूटपाट के इरादे से मकान की कुंडी तोड़ दी। खटपट की आवाज सुनकर परिवार के लोग जाग गए। ललकारने पर बदमाश भाग गए। इस घटना से मोहल्ले के लोग दहशत में हैं। मकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह घटना कैद हो गई है।

कस्बा सिकंदरपुर के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि वह लोक निर्माण विभाग में कार्यरत है। शनिवार की रात 12.10 बजे एक कार आकर हाईवे पर रुकी और उसमें से हथियारों से लैस पांच बदमाश उतरकर उनके मकान के पास आए। मकान की कुंडी काटकर अंदर घुसने का प्रयास करने लगे। खटपट की आवाज सुनकर छोटे भाई की आंख खुल गई। उन्होंने शोर मचाया तो सभी बदमाश भागकर कार में सवार होकर भाग गए। पूरा घटनाक्रम मकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसके बाद वहां मोहल्ले वासियों की भीड़ लग गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिस पर काफी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से जानकारी कर चली गई। बदमाशों की चहल-कदमी से मोहल्ले में दहशत फैली है। लोगों ने बताया कि इससे पहले भी मोहल्ले में बदमाशों को घूमते हुए देखा गया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना की जांच की जा रही है।

# अब भी आस्थावानों की सवारी बनी है ट्रैक्टर-ट्राली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज




रोक के बाद भी ट्रैक्टर-ट्राली से गंगा स्नान को जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हादसों के बाद भी लोग और जिम्मेदार सबक नहीं ले रहे हैं। तभी तो विभागीय लापरवाही से लापरवाही से भारवाहक वाहनों पर लोगों बिठाकर आवागमन किया जा रहा है। दो दिन पहले कासगंज में हुए भीषण हादसे के बाद भी जिले की सड़कों पर ट्रैक्टर ट्रालियों व लोडर में लोगों को सफर करते देखा जा सकता है। उधर, जिम्मेदार भी कुछ नहीं कह पाते कि देहात इलाके में इनका प्रयोग ही सवारी वाहन के रूप में होता है।

करीब 16 महीने पहले अक्टूबर 2022 में कानपुर देहात क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 26 लोगों की जान चली गई थी। तब प्रदेश सरकार ने भार वाहनों पर सवारी ढोने पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। ऐसा करने वालों पर 10 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान किया था। इसके बाद जिलों में भी पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस भी सक्रिय हो गई थी। लोगों को चेतावनी के साथ कार्रवाई का क्रम चला और समय बीतने के साथ यह समझाने तक सीमित हो गया। अब तो जिले में किसी भी समय ट्रैक्टर ट्रालियों, लोडर पर लोगों को सफर करते देखा जा सकता है। इनके चालक लापरवाही से वाहन चलाते हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। गंगा स्नान जैसे महापर्वों पर देहात क्षेत्र के श्रद्धालु ज्यादातर ट्रैक्टर ट्रालियों या लोडर से ही आते हैं। मामला आस्था का होने से पुलिस भी समझाकर कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। मजबूरी यह के इनको टोके या रोके भी तो कैसे? दो दिन पहले माघी पूर्णिमा पर कासगंज क्षेत्र में मुंडन संस्कार के लिए जा रहे परिवार व नाते-रिश्तेदारों से भरी ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलट गई। इसमें 23 लोगों की जान चली गई जिसमें वह बच्चा जिसका मुंडन होना था भी शामिल था। इस हृदयविदारक हादसे से एक बार फिर से शासन हरकत में आ गया है। आननफानन निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि बसों में भी सीटबेल्ट की व्यवस्था की जाए ताकि हादसा होने की सूरत में बड़ी जनहानि न हो।

उल्लेखनीय बात तो यह है कि शासन की यह सक्रियता कितने समय तक रहेगी। क्योंकि कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है तो विभाग के अधिकारी खुद को बचाने का प्रयास करने लगते हैं। उच्च अधिकारी भी जूनियर को बचाने के लिये उसे ही दुर्घटना की जांच सौंप देते हैं। जांच अधिकारी संबंधित वाहन के मालिक व चालक पर कार्रवाई कर पल्ला झाड़ लेते हैं। इसके बाद फिर से भार वाहन सवारी लेकर चलने लगते हैं।

यातायात प्रभारी आफाक खां का कहना है कि लोगों को भार वाहनों पर न बैठने के लिये समझाया जा रहा है। स्कूलों में भी बच्चों को इस संबंध में जानकारी दी जा रही है।

### ग्रामीणों के पास सवारी वाहनों की कमी

**कन्नौज।** ग्रामीण पुष्पेंद्र कुमार का कहना है कि गांव के लोगों के पास सवारी वाहनों की कमी होती है। ट्रैक्टर ट्राली व लोडर सस्ते में मिल जाता है। किसी की मौत पर अंतिम संस्कार या बच्चे के मुंडन और अन्नप्रासन कार्यक्रमों में मंदिर या गंगा तट पर परिवार व सगे संबंधी को ले जाने के लिये ट्रैक्टर आसानी से मिल जाते हैं। दुर्घटना होने पर चालक के खिलाफ कुछ लोग रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं तो कुछ परिवार का वाहन होने से कोई कार्रवाई नहीं करते।

### धमकाकर ही काम चलाते जिम्मेदार

**कन्नौज।** परिवहन विभाग यात्री लेकर जा रहे ट्रैक्टर पर कार्रवाई नहीं करते। इसकी वजह यह है कि अधिकांश ट्रैक्टर चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस ही नहीं होता है। कागजों का भी अभाव रहता है। कृषि कार्य के लिये होने से इन पर कार्रवाई करने से वाहन स्वामी मुक्त नहीं करा पाते। इसलिये ट्रैक्टर ट्राली पर बैठे यात्री दिखने पर चालक को समझाने व धमकाने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

**सियासी हलचल** राष्ट्रीय पार्टी संग लड़ने से हो सकता वोटों का डायवर्जन, सत्ताधारी दल के नेताओं में टकराव का मिल सकता लाभ

# सपा-कांग्रेस गठजोड़ से बढ़ सकतीं भाजपा की मुश्किलें

इरा अवस्थी, कन्नौज

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव कई मायने में खास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार सरकार बनाने का अटल विश्वास एक तरफ है तो दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अंततः कांग्रेस से गठबंधन कर लिया है। कन्नौज की बात करें तो यहां इस राष्ट्रीय पार्टी की स्थिति पिछले कई चुनावों से न के बराबर वाली है। प्रत्याशी तो उतरते हैं लेकिन वोट नाममात्र के ही जुटते हैं। गठबंधन के बाद यह वोट सपा के खाते में जाने के पूरे आसार हैं। उधर, भाजपा नेताओं में आपसी टकराव भी फायदा पहुंचा सकता है।

कन्नौज सीट हमेशा से चर्चा का केंद्र रहती है। गत विधानसभा चुनाव में भी चर्चित रही थी क्योंकि तब सपा के कब्जे वाली सदर सीट पर भाजपा नेतृत्व ने तुरुप का पत्ता चला था। तब आईपीएस अधिकारी असीम अरुण को पैराशूट से उतारकर प्रत्याशी बनाया था। उनकी ईमानदार छवि के दम पर सपा की यह अजेय सीट अपने नाम कर ली थी। खास बात यह कि 2019 के लोकसभा चुनाव में स्थानीय प्रत्याशी सुब्रत पाठक को भाजपा ने तीसरी बार टिकट देकर मैदान में उतारा और वे सांसद रहीं सपा की डिंपल यादव को शिकस्त देने में कामयाब हो गए। इससे सुब्रत का कद पार्टी में खासा बड़ा हो गया। हालांकि पार्टी ने इससे पहले 2009 और 2014 में भी सुब्रत पर ही दांव लगाया था लेकिन वे जीत नहीं सके थे। वर्ष 2019 में मिली जीत के बाद सांसद समय-समय पर सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शीतयुद्ध (मौखिक आक्रमण) के चलते चर्चा में रहने लगे। मोदी और योगी द्वारा किये कार्यों के भरोसे वे एक बार फिर से सपा से दो-दो हाथ करने को तैयार हैं।

इधर, कई बार स्वयं अखिलेश यादव कन्नौज (जहां से राजनीति शुरू की थी) से चुनाव लड़ने के स्पष्ट संकेत दे चुके हैं। पूर्व में सांसद द्वारा कई बार उनको यहां से चुनाव लड़कर जीतने की चुनौती दी जा चुकी है। नए परिदृश्य में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों पर समझौता हो चुका है। कन्नौज में कांग्रेस का जनाधार बहुत मजबूत स्थिति में नहीं कहा जा सकता है लेकिन पार्टी का पुख्ता वोटबैंक अब भी उसके ही पास है। पुराने लोग अब भी कांग्रेस के ही हिमायती हैं तो अल्पसंख्यकों का जुड़ाव भी है। तो ऐसे में माना जा रहा है कि कांग्रेस के साथ आ जाने से सपा को मजबूती मिलेगी। अगर वाकई अखिलेश यादव यहां से मैदान में कूदते हैं और सामना मौजूदा सांसद से होता है तो वे कड़ी टक्कर दे सकते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह तो यह कि उनके सांसद और फिर मुख्यमंत्री रहते क्षेत्र में काफी विकास कार्य हुए। वहीं इन पांच वर्षों में जनता को आंखों से दिखाई दे ऐसा कोई विकास कार्य नहीं हुआ। दूसरी वजह यह कि इस समय सत्ता की मलाई के लिए टिकट के लिए दौड़भाग शुरू हो गई है। इसको लेकर सांसद और अन्य भाजपा नेताओं के बीच तीखी बातचीत से तरह-तरह की चर्चाएं आम हैं। लोगों का कहना है कि सत्ताधारी दल के भीतर ही सिर फुटौव्वल की स्थिति है। तीसरा कारण यह कि जो भी वोट कांग्रेस का है वह सपा प्रत्याशी को ही जाएगा। इन सारी बातों के बीच गत दिनों रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के साथ तेजी से चल रही भाजपा की 'धर्मनीति' को नकारा नहीं जा सकता है। राजनीति के जानकारों की मानें तो अयोध्या का राम मंदिर केंद्र की भाजपा सरकार को तीसरे मौके की गारंटी हो सकता है। हालांकि यह आने वाला समय ही बताएगा कि कन्नौज में गठजोड़ और भाजपा में कौन भारी पड़ेगा।

# दरोगा ने कैंटीन संचालक को पीटा

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- बंद देसी शराब ठेका में पहुंच मारपीट करने का आरोप
- वीडियो दो-तीन दिन पुराना एसपी ने सीओ को सौंपी जांच



कैंटीन संचालक को डंडा दिखाते दरोगा का सीसीटीवी फुटेज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** देसी शराब ठेके के अंदर जाकर दरोगा ने कैंटीन संचालक की डंडे से पिटाई की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। यह वीडियो दो-तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। पिटाई करने वाला दरोगा कस्बा इंचार्ज है। वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। मामले में एसपी ने सीओ तिर्वा को जांच सौंपी है।

कस्बे के सरकारी बस स्टाप के सामने अंग्रेजी व देसी शराब की दुकानें हैं। यहां लोग शराब की खरीदने के साथ कैंटीन में बैठकर पीते भी हैं। कस्बे की देसी शराब दुकान का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। वायरल वीडियो दो से तीन दिन पहले का बताया जा रहा है। इसमें साफ दिखाई दे रहा कि ठेका कैंटीन के दरवाजे बंद होने के बाद भी दरोगा अपने हमराह के साथ अंदर जाते हैं। अंदर बैठे कैंटीन संचालक को खरी खोटी सुनाने के साथ पहले हाथ चलाते हैं। इसके बाद वह हमराह से लाठी लेकर उसे पीटते हैं। लोगों में चर्चा है कि जब ठेका बंद हो गया था तो पुलिस अंदर क्यो गई। सीसीटीवी में जो दरोगा संचालक से मारपीट कर रहे वह कोई और नहीं कस्बे के चौकी प्रभारी प्रशांत गौतम बताए जा रहे हैं। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि इस विषय में कंट्रोल रूम से रिपोर्ट मांगी गई थी जो भेज दी है।

इस संबंध में एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि शराब की दुकान बंद होने का समय रात 10 बजे का है लेकिन साढ़े 12 बजे के करीब भी दुकान खुली थी। इसे बंद कराने दरोगा गए थे।

# रामराज्य के रूप में पारित होंगी देश की सभी योजनाएं : विजय

## कारसेवकपुर में शुरू हुई विहिप की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल की तीन दिवसीय बैठक

अयोध्या कार्यालय



केंद्रीय प्रन्यासी मंडल की बैठक मौजूद विहिप पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल की तीन दिवसीय बैठक रविवार को कारसेवकपुर में शुरू हुई। बैठक में धर्मांतरण व लव जिहाद पर अंकुश लगाने को लेकर मंथन किया गया। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश रामराज्य की दिशा में किस तरह आगे बढ़े, इसको लेकर भी चर्चा हुई।

विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय शंकर तिवारी ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद देश में एक माहौल बना है। रामराज्य के रूप में सभी कार्य योजना पारित होगी। कहा कि चुनाव हमारा विषय नहीं लेकिन मतदान शत-प्रतिशत हो इसका आग्रह हम हिंदू समाज से हर बार करते हैं, इस बार भी करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रन्यासी मंडल की बैठक

- विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता बोले बैठक में धर्मांतरण पर अंकुश लगाने पर हुआ मंथन

हर वर्ष होती है। जिसमें संगठन की योजना संगठन की रचना, काम का विस्तार योजना का विस्तार इन सब विषयों पर चर्चा होती है। सभी कार्यकर्ता योजना को लेकर अपने क्षेत्र में जाते हैं और क्षेत्र में सारी योजना लागू की जाती है। इस दृष्टि से आगे कार्य योजना बनती है और कार्य होता है।

बैठक में विहिप के पालक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह भैया जी जोशी, विहिप संरक्षक दिनेश चंद्र, अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह, कार्याध्यक्ष आलोक कुमार, उपाध्यक्ष चंपत राय, धर्मनारायण शर्मा, जीवेश्वर मिश्र, संगठन महामंत्री विनायक राव देश पांडेय, महामंत्री मिलिंद परांडे, संयुक्त महामंत्री कोटेश्वर शर्मा, डॉ.सुरेंद्र जैन, अंबरीश सिंह, गजेंद्र सिंह समेत विश्व भर से आए करीब 400 पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राष्ट्रवादी सरकार विहिप के संघर्ष का परिणाम

अध्यक्षता कर रहे महंत डॉ.रामानंद दास ने कहा कि विहिप के संघर्ष का परिणाम है कि केंद्र व राज्य में राष्ट्रवादी सरकार हैं। राष्ट्रवाद का जो बीज अंकुरित होकर वृक्ष के रूप में प्रकट हुआ है, उसकी जड़ों को और मजबूत करने की आवश्यकता है। हमें राष्ट्रवाद की अलख जगाए रखनी होगी। ऐसा रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हम अखंड भारत को प्राप्त कर लेंगे।

## मोदी काल गरीब कल्याणकारी योजना का स्वर्ण युगः सिंह

**रायबरेली।** भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री एसपी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक नया भारत बन रहा है। हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य की गारंटी मिल रही है। विकास की बड़ी-बड़ी परियोजनाओं को उतारने की क्षमता है। हर युवा के हाथ को आजीविका से जोड़ने के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर मिल रही है। अब तक 33 करोड़ आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। उत्तर प्रदेश पिछले चार महीने में काफी बेहतर कर रहा है। मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था का स्वर्ण युग है। उन्होंने कहा कि आज मेरी बेटी आगरा से लखनऊ आती है पैरा मेडिकल कालेज तो मैं एक बार भी नहीं पूछता हूं। अब बेटियां योगी राज में सुरक्षित हैं। इससे पहले उन्होंने जिले की जनता को बधाई देते हुए कहा कि आपकी दशकों पूर्व मांग पूरी हो रही है। इससे पहले प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने अपना उद्गार व्यक्त किया।

# चीनी उत्पादों की बाढ़ से लघु-कुटीर उद्योग बुरी तरह प्रभावित

संवाददाता, अलीगढ़


कार्यक्रम में शामिल राहुल व प्रियंका गांधी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारतीय बाजारों में चीन निर्मित वस्तुओं की बाढ़ से स्वदेशी लघु, कुटीर उद्योग और कारीगर बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पूर्वाह्न मुरादाबाद से संभल होते हुए अलीगढ़ पहुंची, जहां उनके साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी नजर आईं।

कांग्रेस नेता ने ताला उद्योग के गढ़ अलीगढ़ में चीन निर्मित सामानों की बिक्री का मसला उठाया और स्थानीय कारीगरों के समक्ष पेश आ रही परेशानियों का जिक्र किया। कांग्रेस की राज्य इकाई ने अपने आधिकारिक हैंडल पर राहुल और प्रियंका की यात्रा का वीडियो साझा किया। इसमें कहा गया, ''जननायक (राहुल गांधी) और लोक नेत्री (प्रियंका गांधी वाद्रा) के साथ एकता, भाईचारा और सद्भाव का संदेश देती 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'। यह जनसैलाब आने वाली

- अलीगढ़ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान केंद्र को आड़े हाथों लिया राहुल गांधी ने

पीढ़ियों को संदेश देगा कि जब कोई तानाशाह देश की अखंडता, संप्रभुता और संविधान को खत्म करने पर आमादा था तो हमने उसे इस यात्रा के माध्यम से रोकने का काम किया था।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आपने संबोधन में कहा, ''देश में बढ़ती नफरत का कारण अन्याय है। हिंदुस्तान में गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। इसी अन्याय के खिलाफ हमने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की है।'' उन्होंने सवालिया लहजे में कहा ''देश में नफरत फैल रही है, क्यों फैल रही है, इसका कारण क्या है, मैंने यह सवाल हजारों लोगों से पूछा इस बीच भीड़ से जवाब आया -वोट बैंक।'' राहुल ने कहा ''भाइयो-बहनों यह वोट बैंक नहीं है, गलतफहमी में मत रहो, हिंदुस्तान की जनता, किसानों और मजदूरों ने मुझे बताया कि राहुल जी हिंसा और नफरत का कारण अन्याय है। हिंदुस्तान के गरीबों के साथ 24 घंटे इस देश में अन्याय होता है।

# एक रात में पलट गया था राम जन्मभूमि का इतिहास

अयोध्या कार्यालय


मोरारी बापू। अमृत विचार


**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के संयोजन में तीर्थ क्षेत्र पुरम बाग बिजेसी में आयोजित रामकथा में रविवार को दूसरे दिन कथावाचक मोरारी बापू ने कहा कि माता कैकई ने जब प्रभु राम के लिए वनवास मांगा तो माता कौशल्या ने कहा कि भरत को राजगद्दी तो राम को 14 वर्ष का वनवास क्यों? एक रात में बाजी पलट जाती है। ऐसी ही एक घटना अयोध्या में भी हुई थी जब प्रभु राम की जन्मभूमि पर रामलला का प्रकट हुआ था। और वहां का इतिहास बदल गया था। कहा कि अयोध्या का राममंदिर राष्ट्र का मंदिर है। उन्होंने कहा कि मैं अयोध्या में प्रभु श्रीराम को रामकथा सुनाने आया हूं।

मोरारी बापू ने कहा कि अयोध्या का मंदिर भव्य बन रहा है। नियम के अनुरूप बन रहा है। मंदिर निर्माण में सभी की आहुतियां लगी होंगी, लेकिन यह प्रयत्नशील लोग हैं, जिन्होंने कम समय में मंदिर निर्माण कर दिया। हनुमान चाहिए तो राम को पकड़ो। शुद्ध रहना है तो राम को पकड़ो। पतित, वंचित, तिरस्कृत सबको राम ने सम्मान दिलाया। कलियुग में केवल एक ही नाम है वह है राम का नाम। भाव में जपो या अभाव में जपो, चाहे जैसे जपो...राम बेड़ा पार कर ही देते हैं। कथा के दौरान मुरारी बापू ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को क्रोध नहीं करना चाहिए। कथा अवसर पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय मौजूद थे।

# गांधी परिवार पर स्मृति ने कसा तंज

संवाददाता, रायबरेली

- केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी पर किए प्रहार, बोलीं-अमेठी में कमल खिल चुका अब रायबरेली में भी खिलेगा



**अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने एम्स उद्घाटन पर गांधी परिवार को आड़े हाथों लेते हुए कई प्रहार किए। उन्होंने कहा कि कामगारों के कारण एम्स रायबरेली में है। नामदार और कामगार में फर्क क्या होता है। यह एम्स रायबरेली उत्तम उदाहरण है। एम्स रायबरेली की घोषणा से लेकर शिलान्यास तक लगभग आठ साल की यात्रा करनी पड़ी। इस एम्स रायबरेली को प्रधानमंत्री मोदी के पुण्य हाथों द्वारा 16 दिसंबर 2018 राष्ट्र को समर्पित किया गया। उन्होंने एम्स प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप के प्रयासों की वजह से हर वर्ष एम्स रायबरेली में एक लाख 30 हजार टेस्ट होते हैं। गांधी परिवार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मैं उस क्षेत्र से हूं, जहां पर पहले कभी नामदार हुआ करते थे। अमेठी साक्षी है, जहां पर वर्षों वर्ष एक नामदार ने जनता का वोट लिया लेकिन सेवाएं नहीं दी। 30 साल पहले अमेठी में नामदारों ने मेडिकल कालेज बनाने की बात कहकर जमीन ली। नामदारों ने उस जमीन पर अपने लिए गेस्ट हाउस बना लिया, लेकिन मेडिकल कालेज नहीं बना। जो 30 साल में नहीं हो सका। मेरे कार्यकाल में तीन माह में पेपर वर्क करते आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कारण मेडिकल कालेज खोल दिया गया। अमेठी क्षेत्र से डायलिसिस सेंटर खुल गया। पहले लोग लखनऊ तक दौड़ते थे। सीटी स्कैन मशीन की सुविधा लखनऊ या दिल्ली में थी, जो आज अमेठी में है। आज 200 बेड अस्पताल, ट्रामा सेंटर, ब्लड बैंक सबकुछ मिला।

केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जब कांग्रेस सरकार थी तो 380 मेडिकल कालेज बने थे। वहीं महज 10 साल में 706 बना दिए गए। 10 साल में बने जनऔषधि केंद्र 10 हजार से ज्यादा है। इसका लाभ गरीबों को मिल रहा है। उनका अब तक 30 हजार करोड़ रुपया सरकार बचा चुकी है। 25 करोड़ नागरिकों को गरीबी से उभार कर विकास के पथ पर लाने का कार्य आदरणीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि मंच कामगारों का है। भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते इस बार रायबरेली में भी वह होगा जो 19 में अमेठी में हुआ। उन्होंने कहा कि विनम्रता भाव से कह रही हूं, जनता चाहती है कि विकास हो। अमेठी में चार लाख परिवारों को नल से जल मिला। स्मृति ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अमेठी में कमल खिल चुका है अबकी बार रायबरेली में भी कमल खिलेगा।


महामण्डलेश्वर स्वामी प्रखर जी महाराज से भेंट करते बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री।

# लक्षचंडी महायज्ञ में शामिल हुए आचार्य धीरेंद्र शास्त्री

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** महामण्डलेश्वर स्वामी प्रखर जी महाराज के सानिध्य में सरयू तट पर आयोजित हो रहे लक्षचंडी महायज्ञ में रविवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रखर महाराज जैसे संतों के कारण ही हमारी वैदिक परंपरा, धर्म-शास्त्र सुरक्षित हैं। मेरा सौभाग्य कि विराट महायज्ञ का साक्षात दर्शन कर पा रहा हूं।

संत सम्मेलन में डॉ. स्वामी राघवाचार्य ने कहा कि यज्ञों की महिमा का कोई अंत नहीं है। यज्ञ भारतीय संस्कृति के अनुसार ऋषि-मुनियों की ओर से जगत को दी गई ऐसी अनुपम देन है, जिसे सर्वाधिक फलदायी माना जा सकता है।

इस अवसर पर राजेश अग्रवाल, दर्शन गुप्ता, कमल किशोर चौधरी, प्रवीन नेमानी, मनीष गर्ग, नरेन्द्र शर्मा, सुषमा अग्रवाल, विजय कानोडिया, डूंगर सिंह राठौर, रघुनाथ सिंह, राम मोहन बेड़िया आदि मौजूद रहे।

## नामदार और कामदार में अंतर है रायबरेली एम्स

**रायबरेली :** एम्स को लेकर रायबरेली ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों में हर्ष की लहर है। जिले की जनता अब जान चुकी है कि विकास का पहिया नामदार नहीं बल्कि कामदार के आने से चलता है।

ये बातें भाजपा के पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने कही। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। कहा कि वर्तमान सरकार बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। अमेठी के बाद इस बार रायबरेली में भी कमल खिलना तय है। पिछले दस सालों में जो काम हुए वह 70 सालों में नहीं हो सके। रायबरेली क्षेत्र का प्रत्येक परिवार आज मोदी जी को आशीर्वाद दे रहा है। उन्होंने कहा कि एक परिवार ने वर्षों तक अपने फायदे के लिए रायबरेली को केवल इस्तेमाल किया। उद्घाटन और शिलान्यास में वर्षों लगा दिए। सिर्फ अपना हित देखते रहे।

# दस वर्ष में हुए क्रांतिकारी परिवर्तन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** एम्स रायबरेली के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एम्स की दशकों पूर्व जो मांग हुई थी। अब उसका विधिवत कार्यक्रम आज सामने आया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष से प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। एक नया भारत बन रहा है, जिस भारत में हर नागरिक को सुरक्षा की गारंटी भी है। जहां पर विकास की बड़ी-बड़ी परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की क्षमता भी है। अब हर युवा के हाथ को आजीविका के साथ जोड़ने और आम नागरिक की आस्था को सम्मान देने का सरकार

- एम्स रायबरेली के वर्चुअल लोकार्पण पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की तारीफ की

के पास जज्बा है। यह नया भारत जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत तमाम प्रकार की बीमारियों से बचाव सुझाता है तो वही यह नया भारत बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा के नाम से हर जनपद पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का काम कर रहा है। सौभाग्य है कि एम्स रायबरेली के साथ यूपी देश का उन राज्यों में अग्रणी होने जा रहा है, जिनमें दो-दो एम्स है। अब रायबरेली एम्स पूर्ण रूप से प्रदेश की जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध करवाएगा। मुख्यमंत्री ने इशारों में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि देश में 70 सालो में जितना काम हुआ उतना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षो में हमारी सरकार ने किया है। 2017 से जब डबल इंजन की सरकार आई तो उस समय स्वास्थ्य एक चुनौती थी। प्रदेश में तरह तरह की बीमारियां देखी जाती थी। मेडिकल के क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाए बहुत खराब थी।



### मुख्यमंत्री को सुनने तीन किमी चलकर पहुंची वृद्धा

**रायबरेली :** रविवार को एम्स के वर्चुअल लोकार्पण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रायबरेली पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से रायबरेली एम्स का लोकार्पण किया गया। इसमें कई केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री भी मौजूद रहे। इसी में मुख्यमंत्री की जनसभा का भी कार्यक्रम किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए 65 वर्षीय रामकुमारी एम्स आई। बताया कि एम्स के मेन गेट से पंडाल की दूरी लगभग तीन किलोमीटर की थी लेकिन उन्होंने हार नही माना और एक डंडे के सहारे वो जनसभा में पहुंचकर मुख्यमंत्री को सुना और फिर उतना ही चलकर वापस आई। राही ब्लॉक के बरवारीपुर से फूलदुलारी बोली कि हम सब साधन से मुख्यमंत्री जी को देखने और सुनने आये है। लालगंज के ऐहार से आये बुजुर्ग रामकुमार व रामदेव त्रिपाठी ने बताया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बदलाव बहुत जरूरी है।

### 1947 से 2017 तक प्रदेश में थे 12 मेडिकल कालेज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों पर सधी जुबान से प्रहार करते हुए कहा कि यूपी के 75 जनपदों में केवल 12 सरकारी मेडिकल कालेज बने थे। आज प्रदेश में 45 जनपदों में पहले से ही मेडिकल कालेज है। शासन और निजी क्षेत्र में दोनों को मिलाकर 65 मेडिकल संचालित है। 14 मेडिकल कालेज निर्माणधीन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर काम कर रही है। जिस तेजी से प्रदेश में मेडिकल कालेज बनाने का काम हो रहा है, उससे वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कालेज का सपना भी साकार हो सकता है।

# दिग्गजों ने एम्स से खूब भरी हुंकार

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** मौका एम्स उद्घाटन का। यह वही एम्स है, जिसकी शिलान्यास कभी संप्रग सरकार में सांसद सोनिया गांधी ने अपनी बेटी प्रियंका वाड्रा गांधी के साथ की थी। उस दौरान चारों ओर सिर्फ कांग्रेस का झंडा लहरा था। हर कोई गांधी परिवार से अगाध प्रेम को दर्शा रहा था।

चारों तरफ भीड़ उमड़ी हुई थी। समय का चक्र ऐसा घूमा कि उसी एम्स में रविवार को भाजपा की जबरदस्त किलेबंदी देखने को मिली। हर तरफ भगवा लहरा रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि गढ़ अब सुरक्षित नहीं है। जी हां, एम्स उद्घाटन पर आयोजित कार्यक्रम

- कांग्रेस को गढ़ में घेरने की नहीं छोड़ी कोई कसर

में कुछ ऐसा ही देखने को मिला। हजारों की संख्या में दूरदराज से पहुंचे लोग एम्स की सुविधाओं को देख चकाचौंध नजर आए। वहीं जब दिग्गजों ने बोलना शुरू किया और वहां पर मौजूद जनसमुदाय का साथ मिला तो भाजपाई खुशी से फूले नहीं समा रहे थे।

एम्स का पहले पीएम नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके बाद भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल हो या फिर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी सभी के निशाने पर सिर्फ गांधी परिवार रहा। हर किसी ने कांग्रेस को गढ़ में घेरने की कोई कसर नहीं छोड़ी। एक से बढ़कर एक तीखे बाण चलाए। सबसे अधिक आक्रामक केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी रहीं। कहीं ना कहीं इसका दूरगामी असर आगामी लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगा। वैसे तो रायबरेली और अमेठी दोनों ही कांग्रेस के गढ़ माने जाते हैं।

पिछले लोकसभा चुनाव में जिस तरह से राहुल गांधी को शिकस्त देकर भाजपा ने यह साबित कर दिया कि गढ़ अब सुरक्षित नहीं है। यह अलग बात है कि उस समय जैसे-तैसे रायबरेली की सीट को बचाने में कांग्रेस कामयाब हो गई। सांसद बनने के बाद सोनिया गांधी की जिले से दूरी और संगठन की निष्क्रियता का भाजपा ने भी खूब फायदा उठाया।

**शुरू होगी कार्रवाई** परिवहन विभाग ने प्रदेश में बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट दौड़ रहे वाहनों पर कसेगा शिकंजा

# बिना एचएसआरपी दौड़ रहे 2 .33 करोड़ वाहन

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगवाने की अंतिम तारीख 15 फरवरी, 2023 को एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। इससे पहले भी दो बार तारीखें बढ़ाई गई हैं। लेकिन वाहन स्वामियों पर कोई फर्क नहीं पड़ा। प्रवर्तन एजेंसियां भी इसे ठंडे बस्ते में डाल भूल गईं। नतीजा सामने है प्रदेश में अब तक मात्र 23.85 प्रतिशत वाहनों में ही एचएसआरपी लग पाई है। कुल पंजीकृत वाहनों में 02 करोड़ 33 लाख 40 हजार 532 वाहन ऐसे हैं जिसमें अभी एचएसआरपी लगना शेष है। आधुनिक नंबर प्लेट न लग पाने की वजह से ये वाहन सारथी पोर्टल में दर्ज नहीं हो पा रहे हैं।

- अब तक मात्र 23.85 प्रतिशत वाहनों में ही लग पाई नई सुरक्षा प्लेट



**प्रवर्तन दलों ने कार्रवाई शुरू कर दी है :** दरअसल, एक अप्रैल, 2019 से पहले खरीदे गए वाहनों में एचएसआरपी लगवाए जाने को लेकर गाड़ी के अंतिम नंबर के हिसाब से तिथियां तय की गईं थीं। तय तारीखों तक नंबर प्लेट हर हाल में लग जानी थी। वाहन स्वामियों की दिक्कतों को देखते हुए चेतावनी के साथ दो बार तिथि बढ़ाई गई। तारीख निकलती रहीं लेकिन वाहन स्वामियों ने इसे लगवाया नहीं। अब अभियान शुरू हो गया है। ऐसे में लापरवाह लोगों की जेब कटना तय है।

### तीन चालान के बाद जुर्माना राशि और बढ़ेगी

चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर 5,000 रुपये का जुर्माना पहली बार में वाहन स्वामी पर लगाया जाएगा। जांच में निरंतर तीन बार पकड़े जाने पर यही राशि देय होगी। अफसरों के मुताबिक तीन चालान के बाद भी अगर नंबर प्लेट न लगवाई गई तो 10,000 रुपये की आर्थिक चोट जेब पर पडे़गी।

| | |
|---|---|
| प्रदेश में पंजीकृत कुल वाहन | 03,06,52,158 |
| एचएसआरपी लगी गाड़ियों की संख्या | 073,11,626 |
| वाहनों का प्रतिशत | 23.85 |

### लखनऊ में 15.61 लाख तो बरेली 5.68 लाख गाड़ियां बिना एचएसआरपी

राजधानी लखनऊ में ही प्रवर्तन टीम कटघरे में खड़ी हो जाती है। एक अप्रैल 2019 के पहले कुल 21,48,179 वाहन पंजीकृत हुए हैं। इनमें से 5,86,378 में ही एचएसआरपी लग पाई है। यानी 15,61,801 वाहन अभी बिना नई नंबर प्लेट के, इसी तरह बरेली में 7,54,602 वाहनों का पंजीकरण। इनमें से 1,85,846 गाड़ियों में ही नवीन नंबर प्लेट। यानी 5,68,756 गाड़ियों में अभी एचएसआरपी लगवाए जाने का इंतजार।

> लोगों की सहूलियतों को देखते हुए विभाग की ओर से प्रदेश में पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगवाए जाने की तारीखें कई बार बढ़ाई गईं। लेकिन वाहन स्वामी लगातार लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में वाहनों पर सुरक्षा नंबर प्लेट नहीं लग पाई है। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई के लिए गाइड लाइन पूरे प्रदेश के अधिकारियों को जारी कर दी गई है। परिवहन आयुक्त स्वयं इसे लेकर काफी गंभीर हैं। गाड़ी मालिक इसे नंबर प्लेट न समझे यह गाड़ी की एक सुरक्षा प्लेट भी है। चेकिंग में पकडे़ जाने पर वाहन मालिकों को नई दरों के हिसाब से जुर्माना भरना ही पड़ेगा। इसकी मॉनीटरिंग भी की जा रही है।
>
> –पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त, प्रवर्तन और सड़क सुरक्षा

## भेंट किया 13.5 किलो चांदी का दीपक


दीपक देते मुंबई के उद्योगपति दंपति।

**अयोध्या :** राम मंदिर में विराजमान रामलला के गर्भगृह में अखंड ज्योति के लिए मुंबई के उद्योगपति नागेंद्र आचार्य और अरुणा आचार्य ने चांदी से बने दो विशाल दीपक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया है। 13.50 किलो वजनी दीपक की ऊंचाई 3.30 फीट है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से 48 दिवसीय मंडपोत्सव के अनुष्ठान में रविवार को मुंबई से आए उद्योगपति नागेंद्र आचार्य पत्नी समेत शामिल हुए। रामलला के समक्ष पूजन अर्चन करने के बाद राम लाल की समक्ष अखंड ज्योति जलाए जाने की इच्छा बताई।

# किसान संगठन के खिलाफ उतरे कृषि उत्पाद व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कृषि उत्पाद से जुडे. व्यापारियों ने किसान संगठनों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए रविवार को जीपीओ पार्क में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। नाराज व्यापारियों ने एमएसपी कानून की मांग को लेकर प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़ आक्रोश जताया। इसमें बड़ी संख्या में खाद्यान्न व्यापारियों ने हिस्सा लिया। व्यापारियों का कहना है कि किसानों द्वारा कृषि उत्पादों की एमएसपी पर कानून बनाने की मांग के प्रस्तावित स्वरूप पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि कृषि उत्पाद को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम कीमत पर खरीदने पर खरीदार कृषि उत्पाद व्यापारियों पर कानूनी कार्यवाही हो। इसके तहत कोई धारा, सजा व मुकदमे का प्रावधान हो। यह मांग पूरी तरह से बेजा है।

किसानों की दूसरी मांग को भी खारिज करते हुए व्यापारियों ने कहा कि इस कानून से डब्ल्यूटीओ का समझौता खत्म होगा यह समझौता तोड़ने का मतलब कृषि उत्पादों का आयात-निर्यात बंद होना और देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना। यह कतई मानने योग्य बातें नहीं हैं। इससे देश में कृषि उत्पाद व्यापार में परेशानियां बढ़ेंगी।

भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में व्यापारी प्रदर्शन के लिए जुटे। संगठन अध्यक्ष ने बताया किसान संगठनों द्वारा प्रस्तावित एमएसपी कानून के ब्यौरे की प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़कर विरोध दर्ज कराया गया। प्रधानमंत्री मोदी को सम्बोधित ज्ञापन कमिश्नरेट पुलिस को सौंपा गया।

## एक नजर

### दो आईपीएस का तबादला

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने शनिवार की देर रात दो आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम एन कोलांची को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज बनाया गया है, जबकि पवन कुमार को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से हटाकर पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम के पद पर तैनाती दी गई है।

### मास्टर ट्रेनर्स ने दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशन में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान गोमती नगर लखनऊ में रविवार को एक ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इरफान अहमद, विशेष कार्याधिकारी, न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, संतोष कुमार- ।। द्वारा किया गया।

# सत्यापन में फंसा बेटियों का शादी अनुदान

## समाप्ति की ओर वित्तीय वर्ष, 6531 आवेदन लंबित, बजट का आधा भी नहीं हुआ खर्च

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना से कई बेटियां वंचित हो सकती हैं। इनके समय पर किए गए आवेदन जिलों पर एसडीएम और बीडीओ स्तर से सत्यापित नहीं हो पाए हैं। प्रदेश में वर्ष 2023-24 के 66,032 आवेदनों के सापेक्ष 6531 लंबित हैं।

आवेदन अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर अन्य वर्ग के हैं। इसमें 21 फरवरी तक बीडीओ के 5556 व एसडीएम स्तर से 975 आवेदनों का सत्यापन और आगे की प्रक्रिया लंबित रही। इधर, वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है।




- **वर्ष 2023-24 में हुए 66,032 आवेदन**
- **अनुदान के लिए 150 करोड़ रुपये मिला था बजट**

यदि आवेदन सत्यापन कर संबंधित अधिकारियों के पोर्टल पर न बढ़ाए गए तो बजट वापस होने पर कई लाभार्थी बाहर हो जाएंगे। इस प्रक्रिया की जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति गठित है। इसके अध्यक्ष जिलाधिकारी हैं फिर भी यह स्थिति है।

### इन जिलों में ज्यादा आवेदन लंबित

प्रतापगढ़ 393, जौनपुर 298, बलिया 219, गोरखपुर 215, रायबरेली 198, गोंडा 179

"आवेदनों का सत्यापन और आगे की प्रक्रिया की जा रही है। जल्द पात्रों को योजना से लाभान्वित करेंगे। इस संबंध में सभी जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

**-डॉ. वंदना वर्मा,** निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण

### आधा बजट भी नहीं हुआ खर्च

वित्तीय वर्ष 2023-24 में शादी अनुदान के लिए 150 करोड़ रुपये बजट मिला था। इसमें फरवरी तक आधा भी खर्च नहीं हो पाया है। क्योंकि आवेदन समय पर सत्यापित नहीं हुए न आगे प्रक्रिया के लिए बढ़े। चर्चा यह भी है कि पूर्वांचल के जिलों ने बजट पहले ही सरेंडर कर दिया है। इस योजना में 20 हजार रुपये लड़की को मिलते हैं। इसके आवेदन शादी होने से 90 दिन पहले या शादी होने के 90 दिन बाद तक किए जाते हैं। इस प्रक्रिया में पेंच फंसेगा।



एंटी डेमो फ्लीट हादसे में घायल हुए लोगों का राजधानी स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में हाल-चाल लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

# 17 जिलों में एक जगह मिलेंगी आयुर्वेद होम्योपैथ व यूनानी चिकित्सकीय सेवाएं

## जिलों में बनेंगे 25, 15 और चार बिस्तर युक्त नए आयुर्वेदिक चिकित्सालय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र. की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं में ऐलोपैथिक अस्पतालों ही नहीं, आयुष विभाग के आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व यूनानी चिकित्सालय भी अहम भूमिका होगी। आयुर्वेदिक अस्पतालों में ओपीडी के साथ-साथ मरीजों के लिए इंडोर सेवाएं बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा। इसके लिए हर पद्धति के इलाज के लिए नए अस्पताल बनाए जायेंगे, इन अस्पतालों के लिए केन्द्र ही नहीं, जिलायोजना अंतर्गत राज्य सरकार ने भी भारी भरकम बजट जारी कर दिया है।

आयुर्वेद निदेशक डॉ.प्रकाश चंद्र सक्सेना ने बताया कि उप्र. राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा मिले 414 करोड़ में 42 करोड़ की प्रथम किस्त मिल चुकी है। इसके अलावा जिलायोजना अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा राजकीय चिकित्सालयों के निर्माण के लिए ढ़ाई करोड़ रूपये मिले हैं। आयुष सोसाइटी के बजट से जौनपुर में 30 बिस्तर का अस्पताल निर्माणाधीन है, 11 जिलों में 50 बेडेड एकीकृत आयुष अस्पताल बनाये जायेंगे। जबकि छह जिलों में निर्मित हो चुके हैं, इनमें चिकित्सकीय सेवाएं शुरू होनी हैं। इसके अलावा राज्य सरकार में मिले 3.5 करोड़ के बजट में 25 बेड, 15 व चार बेड के नए आयुर्वेदिक अस्पताल भी बनाए जायेंगे।

- **आयुर्वेदिक चिकित्सा के 250 अस्पताल निर्माणाधीन**

आयुर्वेदिक चिकित्सा के तहत चार बेड के 250 अस्पताल निर्माणाधीन हैं, 177 अतिरिक्त प्रस्तावित हैं। इसके अलवा 15 बेड के दो अस्पताल प्रस्तावित हैं।

### 25 यूनानी अस्पतालों को मिली अपनी जमीन

यूनानी विभाग के निदेशक डॉ. अब्दुल वहीद ने बताया कि सोसाइटी द्वारा साढ़े पांच करोड़ की किस्त मिल चुकी है, 25 यूनानी अस्पतालों के भूमि मिल चुकी है, जिन पर भवन निर्माण कराया जायेगा। इसके अलावा 11 एकीकृत आयुष अस्पताल व 49 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित किये जायेंगे। लखनऊ व प्रयागराज स्थित कॉलेज के संबन्ध अस्पतालों में इंडोर सेवाएं जारी हैं। होम्योपैथी निदेशक डॉ.अरविंद वर्मा ने बताया कि कई जिलों में इंडोर सेवाएं उपलब्ध हैं, निर्माणाधीन आयुष अस्पताल बनने से मरीजों को इलाज मिलना आसान हो जायेगा। हर जिले होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बनने के बाद होम्योपैथिक चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता ही नहीं, नए अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाएं भी बढ़ेंगी।

### निर्माणाधीन एकीकत आयुष अस्पताल

परंपरागत चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लखनऊ, वाराणसी, कानपुर नगर, कानपुर देहात, बरेली, कौशाम्बी, ललितपुर, संत कबीर नगर, सोनभद्र, अमेठी व देवरिया में 50 बिस्तर के एकीकृत आयुष अस्पताल निर्माणाधीन हैं, जबकि रायबरेली, बस्ती, जालौन, बागपत, बुलंदशहर व बलिया में अस्पताल बन चुके हैं।

## डॉ. आंबेडकर का मिशन भी है बसपाः मायावती

**अमृत विचार, लखनऊः** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि पार्टी केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि बाबा साहब डॉ भीमराव आंडेकर का मिशन भी है।

बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि बसपा आंबेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के मिशन को समर्पित मूवमेंट भी है, इस कारण इस पार्टी की नीति व कार्यशैली देश की पूंजीवादी पार्टियों से अलग है। इसे ध्यान में रखकर ही चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार भी उतारती है। उन्होंने आगे लिखा कि अब बीएसपी के सांसदों को इस कसौटी पर खरा उतरने के साथ ही स्वयं जांचना है कि क्या उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता का सही ध्यान रखा? क्या क्षेत्र में पूरा समय दिया? साथ ही, क्या उन्होंने पार्टी व मूवमेंट के हित में समय-समय पर दिये गये दिशा-निर्देशों का सही से पालन किया है? बसपा सुप्रीमो ने कहा कि ऐसे में अधिकतर लोकसभा सांसदों का टिकट दिया जाना क्या संभव है।

# एसटीएफ ने नकलचियों के मददगारों की बनाई सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **गैंग लीडर मोनू और कपिल की तलाश तेज**
- **मथुरा का उपाध्याय बना एसटीएफ के लिए चुनौती**

**अमृत विचारः** एसटीएफ ने पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक करने वाले मास्टरमाइंड तक पहुंचने की दिशा में सक्रियता तेज कर दी है। इस क्रम में परीक्षा के दौरान नकल करने वाले अभ्यर्थियों के मददगारों की सूची बनाई है। पकड़े गए सभी आरोपियों के पास पेपर किस नेटवर्क से और कहां से पहुंचा, उसका ब्रीफ तैयार कर सभी नेटवर्क को फिर से खंगालना शुरू कर दिया है। ताकि इस पूरे मामले के असल गुनहगारों तक पहुंच सके।

एसटीएफ के प्रभारी एसपी विशाल विक्रम सिंह के नेतृत्व में जांच कर रही एसटीएफ की टीम ने यू-ट्यूब पर पढ़ाने वाले शिक्षक विवेक कुमार को पूछताछ के लिए सारे सबूतों के साथ सोमवार को बुलाया है। बताया जाता है कि विवेक ही ने सबसे पहले पेपर लीक होने की सूचना पुलिस महकमें को दी थी। एसटीएफ टीम गाजियाबाद से गिरफ्तार महिला अभ्यर्थी को नकल कराने वाले गुरबचन के गैंग लीडर मोनू और कपिल की भी तलाश तेज कर दी है। पकड़ी गई महिला अभ्यर्थी रिया चौधरी को ब्लूटूथ के जरिए नकल कराने की कोशिश की जा रही थी। एसटीएफ सूत्रों के अनुसार मोनू और कपिल पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पेपर लीक करने वाले गैंग के सरगना हैं। गुरबचन के जरिए ही अभ्यर्थी का मोनू और कपिल से संपर्क हुआ था।

वहीं दूसरी तरफ एसटीएफ नीरज नाम के शख्स का भी नेटवर्क खंगाल रही है। लखनऊ के कृष्णा नगर में 18 फरवरी को अभ्यर्थी सत्य अमन को नीरज यादव ने ही वाट्सएप पर सॉल्व्ड पेपर भेजा था। लखनऊ पुलिस ने अभ्यर्थी सत्य अमन और उसके साथी नीरज को 19 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया था। नीरज ने पूछताछ में बताया था कि उसे सॉल्व्ड पेपर मुहैया कराने वाले मथुरा का ''उपाध्याय'' नाम का एक शख्स है, लेकिन मथुरा का उपाध्याय कौन है? कहां रहता है? इस बात से उसने अनभिज्ञता भी जाहिर की है। ऐसे में एसटीएफ टीम मथुरा के 'उपाध्याय' की गिरफ्तारी बड़ी चुनौती बनी हुई है। एसटीएफ और पुलिस की टीमें उसकी तलाश में मथुरा में दबिश दे रही है।



राजभवन में सम्मान कार्यक्रम के दौरान पूर्व राज्यपाल राम नाईक को पुष्प गुच्छ भेंट करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व अन्य। अमृत विचार

### पद्म भूषण के लिए मनोनीत होने पर पूर्व राज्यपाल राम नाईक सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** पद्म भूषण के लिए मनोनीत होने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को पूर्व राज्यपाल राम नाईक को राजभवन में सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि राम नाईक का जीवन 'चरैवेति-चरैवेति' का उत्कृष्ट उदाहरण है। पूर्व राज्यपाल का अभिनंदन करते हुए राज्यपाल ने उन्हें बेबाक नेता व कर्मठ समाजसेवी बताया। इस मौके पर पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने कहा कि उन्हें पद्मभूषण सम्मान के लिए मनोनीत किये जाने में उत्तर प्रदेश की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, महाराष्ट्र मंडल के सदस्य, विशेष सचिव बीएन सिंह, डॉ. निशिगंधा नाईक आदि लोग शामिल हुए।

# हारी सीटें सहयोगियों को दे सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा अगले सप्ताह तक संभव**
- **बसपा छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले रितेश पांडेय का नाम भी है शामिल**

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी इस लोकसभा चुनाव में साल 2019 के लोस चुनाव में हारी हुई 14 सीटों में से कुछ सीटें रालोद, सुभासपा और निषाद पार्टी को दे सकती है। वहीं कुछ सीटों पर बसपा के मौजूदा सांसदों को भी भाजपा में शामिल कराकर चुनाव लड़ाने पर विचार चल रहा है। रविवार को बसपा छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले रितेश पांडेय का नाम भी इसमें शामिल है।

दरअसल, लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को 80 में से 16 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। इनमें से उप चुनाव में भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ में तो जीत हासिल की। वहीं, गाजीपुर, घोसी, नगीना, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, श्रावस्ती, अंबेडकर नगर, लालगंज और जौनपुर में अभी बसपा के सांसद हैं। जबकि, मैनपुरी, मुरादाबाद और संभल में सपा के सांसद है। रायबरेली से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी सांसद हैं।

भाजपा इन हारी हुई 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा अगले सप्ताह तक हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में सभी 14 सीटों पर प्रत्याशियों के पैनल को अंतिम रूप दिया गया। 28-29 फरवरी को प्रस्तावित भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में इस पैनल पर चर्चा के बाद प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे। वहीं संगठन का प्रयास यह भी है कि समय रहते प्रत्याशियों की घोषणा हो जाए ताकि प्रत्याशी जनता से जुड़ कर अपनी स्थिति को मजबूत करे ले।


## वर्ग पहेली-354

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।
4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।
5. 1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।
6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।
9. 1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा 3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।
2. 1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।
3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।
7. 1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।
8. 1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।



### वर्ग पहेली - 353 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | ■ | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | ■ | ■ | खं | ■ | छो |
| ■ | 4 को | ■ | ड | ■ | ह |
| ■ | 5 हि | म | पा | त | ■ |
| ■ | नू | ■ | ठ | ■ | 6 मुँ |
| 7 भै | र | वी | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | 8 खि | ल | ना |

# ज्योतिष गणना में तीसरी बार सरकार बना रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष संगोष्ठी के दूसरे दिन ज्योतिषाचार्यों ने रखी अपनी बात**

**अमृत विचार :** ग्रहों के चाल पर ही भविष्यवाणी होती है। लोकसभा चुनाव के परिणाम की बात करें तो ग्रहों की चाल और उनकी गणना साफ बता रही है कि भाजपा देश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भाजपा इस बार के चुनाव में पश्चिम बंगाल में भी बड़ी सफलता हासिल करेगी। गणना के मुताबिक 23 से 26 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा का भाग्येष प्रबल है। पार्टी जब तक धर्म से जुड़ी रहेगी, तब तक सफलता की संभावना ज्यादा रहेगी। धर्म के प्रभाव से प्रसिद्धि का योग बन रहा है। ये बातें ज्योतिषाचार्य सुमेधा शर्मा ने कही।

वे त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार के दूसरे दिन व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रहों के अनुसार कांग्रेस को सफलता 27 अप्रैल के बाद वोटिंग में मिलेगी। कांग्रेस नेताओं को अपनी वाणी में नियंत्रण रखना होगा। भाषा के स्तर को ठीक करना होगा। समाजवादी पार्टी को भी 5 मई के बाद होने वाली वोटिंग में सफलता मिलेगी। इससे पहले होने वाली वोटिंग में पार्टी को नुकसान होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी चुनाव की तिथि ज्ञात नहीं है। इसमें फेर बदल हो सकता है।

# अस्पतालों को मिले साढ़े तीन करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** वाराणसी के पं.दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल व राजधानी के बलरामपुर अस्पताल में चिकित्सकीय सेवाओं को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने साढ़े तीन करोड़ जारी किये हैं। वाराणसी के अस्पताल में चिकित्सकीय उपकरणों के साथ ही ओपीडी में मरीजों की सुविधा के लिए संसाधन जुटाए जायेंगे, वहीं बलरामपुर अस्पताल में नई अल्ट्रासाउंड स्थापित की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल से चिकित्सकीय उपकरण व अन्य संसाधन की मांग के सापेक्ष उन्हें तीन करोड़ 33 लाख 34 हजार रूपये स्वीकृत किये गये हैं, इसके अलावा बलरामपुर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन की मांग की गई थी। जिसके लिए 18 लाख रूपये दिये गये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि हर सोमवार केयर एप पर प्रदेश भर के अस्पताल अपनी जरूरतों को अपडेट करते हैं, केयर एप में सभी उपकरणों के संचालन की स्थिति की जानकारी देनी होती है। अगर खराब हैं तो उल्लेख करना होता है, अस्पतालों की जरूरत को पूरा करने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन में भेजा जाता है, उक्त क्रम में ही

## सुडोकू-71

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 6 | | | 8 |
| | | 9 | 5 | | | | 1 | |
| | 2 | | | 1 | | 6 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| | | 5 | | | | 1 | | 9 |
| | | | | 9 | | 2 | | 7 |
| | | 3 | | 2 | | | 4 | |
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | 1 | | 9 | 5 | | 8 | | |

### सुडोकू - 70 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 23.15 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तरा फाल्गुनी 27 फरवरी 04.31 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष:** आज किसी काम को लेकर उलझन की स्थिति है तो उसमें परिवार का सहयोग मिलेगा। रिश्तों में मजबूती आएगी और आप खुलकर अपनी बात रख पाएंगे। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। संतान पक्ष की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है

**वृष:** आज व्यापारी वर्ग को विशेष लाभ मिलेगा। कहीं से अच्छे समझौतों पर हस्ताक्षर भी हो सकते हैं जो भविष्य की दृष्टि से लाभान्वित रहेंगे। आपकी नए कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी या खुद की अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन:** आज के दिन काम का बोझ ज्यादा होगा तो वहीं घर से भी बहुत काम मिलेगा। आपको संयम बनाकर चलना होगा तभी सभी काम निपटा पाएंगे। स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। वैवाहिक जीवन में भी कुछ हद तक अशांति बनी रहेगी।

**कर्क:** आज पेट दर्द की समस्या रह सकती है। मानसिक तनाव भी हो सकता है। किसी से मिलने का मन नहीं करेगा और पूरे दिन सुस्ती छाई रहेगी। आत्मविश्वास की कमी बनेगी। आपके प्रेम संबंधों में कसा-कसी बनी रहेगी।

**सिंह:** आज पिता या भाई में से किसी एक के साथ अवरोध उत्पन्न होगा। मन में किसी बात को लेकर आशंका रहेगी जिसका निवारण जल्दी नहीं होगा। आत आप समय को बर्बाद न करें। आपको केवल अपनी समस्याओं पर ही ध्यान देना होगा, दूसरों की समस्याओं में पड़ने से हानि हो सकती है।

**कन्या:** आज जमीन या शेयर में निवेश करने का विचार कर सकते हैं। पैसा पहले से कहीं इन्वेस्ट किया हुआ है तो उसमें लाभ मिलने के संकेत हैं। वैवाहिक और प्रेम संबंधों के लिए समय मिश्रित है। विद्यार्थी समय का सदुपयोग करने में सफल रहेंगे।

**तुला:** आज ज्यादा उत्साह में रहने से बचें क्योंकि आज के दिन उसके कारण परेशानी खड़ी हो सकती है। घर में किसी बात को लेकर मंथन होगा। अटकलें पर ध्यान और जोखिम भरे कार्य न करें। आप आलोचना और अपने शुभचिंतकों के विरोध का सामना कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज प्रेम में किसी प्रकार का धोखा मिल सकता है या किसी तीसरे व्यक्ति के द्वारा तनाव पैदा किया जा सकता है। छात्रों को अपने खर्चों पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। नए कार्य मिलने की संभावना। कार्य के पूर्ण होने में देरी महसूस होगी।

**धनु:** आज के दिन अपनी शिक्षा से संबंधित कोई गंभीर निर्णय ना लें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा। मां बाप के परामर्श को ध्यान से सुने। आपका स्वास्थ्य थोड़ा प्रतिकूल हो सकता है। संपत्ति, गृह, पारिवारिक मामलों में नई शुरुआत कर सकते हैं।

**मकर:** आज किसी प्रकार की पुरानी बीमारी से परेशान हैं तो दिन उससे आराम मिलेगा। शरीर पहले से ज्यादा तरोताजा रहेगा और स्फूर्ति बनी रहेगी। नई योजनाओं का क्रियान्वयन हो सकेगा। उच्च अधिकारियों के साथ आपकी मुलाकात होगी।

**कुंभ:** आज व्यापार में वृद्धि होगी और नई शाखाएं खुलेगी। कहीं जॉब करते हैं तो उसमें भी बॉस आपसे खुश होंगे और इसका ईनाम भी मिल सकता है। जीवन के लिए अपने दृष्टिकोण में व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है।

**मीन:** आज के दिन भगवान हनुमान का ध्यान अवश्य लगाएं क्योंकि मंगल भारी है। घर में ही तीन बार हनुमान चालीसा पढ़ लेंगे तो संकट टल जाएगा। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है। बुद्धिमानी से अपने पैसे का उपयोग करें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- पृथ्वी — सुबह : 11.49
- चाल बाज — शाम : 06.11

**Utsav Gold**
- कोई आप सा — सुबह : 09.45
- धूम 3 — शाम : 04.00

**Sony Max**
- तारा वर्सेस बिलाल — सुबह : 09.00
- लगे रहो मुन्ना भाई — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- मेरा धर्म — सुबह : 10.30
- लूटेरे — रात : 07.00

**Colors Cineplex**
- ओके जानु — सुबह : 10.01
- तनु वेड्स मनु — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम-06.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड मिला।
मिंटू- भाई, बुरा तो लग रहा होगा।
चिंटू- हां यार, तकलीफ तो हो रही है।
मिंटू- जाएगा?
चिंटू-जाऊंगा जरूर ...
मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह।

गप्पू ने बड़े प्यार से शादीशुदा आदमी से पूछा -
रात को ऑनलाइन कब आते हो?
दर्द की दीवारें हिल गईं जब उसने कहा -
बर्तन धोने के बाद ।





## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| गेहूं दड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूं फारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4200-4300 |
| उड़द हरा | 10000-10200 |
| उड़द काला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहर फूल | 14500-14700 |
| अरहर स्पेशल1 | 12200-12400 |
| चना दाल | 7050-7150 |
| मटर दाल | 5050-5150 |
| म्सूर मलका | 6900-6950 |
| मसूर दाल | 7100-7150 |
| उड़द दाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूंग दाल | 8800-10300 |
| मूंग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं1. | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं2. | 6500-7500 |
| **किराना-मेवा (प्रति क्वि.)** | |
| कली मिर्च | 55000-70000 |
| बड़ीइलायची | 85000-120000 |
| सोंठ | 30000-40500 |
| धनिया | 6000-13000 |
| लालमिर्च | 28000-34000 |
| जीरा | 58000-62000 |
| अजवाइन | 20000-28000। |

# अंगूठा लगाने पर मिलेंगे अनुदानित बीज

## उर्वरक की तर्ज पर पीओएस से होगी बिक्री, अनुदान काटकर सिर्फ लिया जाएगा कृषक अंश

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में उर्वरकों की तरह अनुदानित बीजों की बिक्री बायोमैट्रिक प्वांइट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन से की जाएगी। साथ ही बीज खरीदने पर किसानों को पहले से अधिक रुपये नहीं देने पड़ेंगे, जो सरकार बाद में डीबीटी यानी अनुदान के तौर पर उनके खातों में भेजती है।

नई व्यवस्था में अनुदान काटकर सिर्फ कृष अंश ही लिया जाएगा। इससे किसानों को और राहत मिलेगी। बायोमैट्रिक आधार बेस्ड प्रणाली में अंगूठा लगाने पर किसान की पहचान होगी और उनका पूरा विवरण पीओएस मशीन पर दर्शाएगा। इसमें खतौनी, आधार व बैंक खाता विवरण आदि नहीं देना पड़ेगा। जो मैनुअली व्यवस्था में किसान देते आ रहे हैं। सरकार का पीओएस लागू करने का मकसद यह भी है कि इसमें बीजों की खरीद में फर्जीवाड़ा नहीं हो पाएगा। पीओएस का कृषि विभाग एक एजेंसी के साथ मलिहाबाद में परीक्षण कर रहा है। इसे मार्च तक पूरा कर खरीफ 2024-25 में पीओएस मशीन लागू करने की तैयारी है।

- चल रहा परीक्षण, खरीफ 2024-25 में लागू करने की तैयारी



### किसानों को नहीं करनी पड़ेगी खोज, खत्म होगा झंझट

बायोमैट्रिक व्यवस्था में किसानों का पंजीयन, रसीद, टोकन, फीडिंग, बैंक विवरण, डीबीटी भेजना आदि कार्य नहीं होंगे। बीज खरीदने वाले किसानों की तलाश और सत्यापन का भी झंझट खत्म होगा। इन सब प्रक्रिया में विभाग के साथ किसानों का समय बचेगा और फौरन लाभ मिलेगा। वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिलेगा और इनकी पहचान आसान होगी।

### मिनी किट बांटने में मिली थी सफलता

प्रदेश सरकार ने खरीफ और रबी में बीजों की मिनी किट पीओएस मशीन से बांटे थे। इस प्रक्रिया में काफी आसानी हुई और किसानों को भागदौड़ नहीं करनी पड़ी और न ही किसी तरह के अभिलेख देने पड़े। ठीक इसी तर्ज पर धान, गेहूं, मक्का, दलहन, तिलहन, श्री अन्न डेंचा आदि के अनुदानित बीज पीओएस से बिक्री किए जाएंगे।

> पीओएस से अनुदानित बीजों की बिक्री का परीक्षण चल रहा है। इसमें किसानों के साथ विभाग का काम आसान होगा। पारदर्शिता आएगी और सत्यापन आसान होगा। पहले से अधिक रुपये भी नहीं देने होंगे।
>
> -**बलराम वर्मा**, उपनिदेशक कृषि, लखनऊ

## दस वर्षों में 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गईं

**नई दिल्ली।** मृदा स्वास्थ्य में सुधार और खेती में किसानों की लागत को कम करने के लिए 2014-15 से देश भर में लगभग 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, सरकार ने किसानों को 23.58 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी मुफ्त वितरित किए हैं। इस कदम का उद्देश्य उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देना, लागत में कटौती करना और फसल उत्पादकता को बढ़ावा देना है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि किसानों के कल्याण के मूल में मृदा स्वास्थ्य है। सरकार वर्ष 2014-15 से मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता पर राष्ट्रीय परियोजना के तहत मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनाएं लागू कर रही है।

# एफपीआई ने बॉन्ड में किया 18,500 करोड़ रु. का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये से अधिक किए थे निवेश

भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन सूचकांक में शामिल करने के फैसले की वजह से देश के ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का रुझान मजबूत बना हुआ है। इस महीने अबतक एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में 18,500 करोड़ रुपये डाले हैं।

इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये से अधिक डाले थे। यह पिछले छह साल में किसी एक माह में उनके निवेश का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इससे पहले जून 2017 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये का निवेश किया था।फिडेलफोलियो के संस्थापक एवं स्मॉलकेस प्रबंधक किस्लय उपाध्याय ने कहा, 'इस वर्ष वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में भारत के प्रवेश के साथ आगे चलकर भारतीय ऋण बाजार में प्रवाह स्थिर रहेगा। इसके अलावा इस वर्ष जून में जेपी मॉर्गन सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड के शामिल होने से पहले भी गतिविधियों में तेजी देखने को मिल सकती हैं।'

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस महीने अबतक एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 424 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,500 |
| चांदी तैयार | 72,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 714 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

## देश में विलय-अधिग्रहण सौदों की संख्या में 10% की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या

भारत में 2023 के दौरान विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों की संख्या सालाना आधार पर 10 प्रतिशत गिरकर 793 रह गई। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में एमएंडए के लिए कुल घोषित सौदे के मूल्य में 38 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पीई (प्राइवेट इक्विटी) निवेश कुल 36 अरब अमेरिकी डॉलर था। यह राशि 2022 के मुकाबले 36 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाती है। इस गिरावट के बावजूद प्रति सौदा



औसत निवेश 2022 में 4.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 4.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। पीडब्ल्यूसी इंडिया के पार्टनर दिनेश अरोड़ा ने कहा पूरे साल सीमित सौदों के बावजूद आखिरी तिमाही में कुछ गतिविधियां हुईं, जिससे हमें 2024 में तेजी की उम्मीद है।

## आईओसी, ओएनजीसी व गेल पर लगातार तीसरी तिमाही जुर्माना लगा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज तेल और गैस कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), ओएनजीसी और गेल (इंडिया) पर उनके निदेशक मंडल में निदेशकों की अनिवार्य संख्या रखने के मानदंड को पूरा नहीं करने के चलते लगातार तीसरी तिमाही में जुर्माना लगाया गया है। शेयर बाजार पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आईओसी, ओएनजीसी और ओआईएल, गेल व तेल रिफाइनरी एचपीसीएल एवं मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) पर कुल 32.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## एक दशक में दोगुना हुआ परिवारों का मासिक खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय के ताजा अध्ययन में खुलासा

देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है। राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन से यह जानकारी मिली है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे (एचसीईएस) आयोजित किया।

इस सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के लिए



घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) और इसके वितरण का अलग-अलग अनुमान तैयार करना है। सर्वेक्षण के अनुसार, मौजूदा कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से 2022-23 में दोगुना से अधिक होकर 6,459 रुपये हो गया है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 3,773 रुपये हो गया है। अध्ययन के अनुसार, 2011-12 की कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 3,510 रुपये हो गया है।

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 2,008 रुपये हो गया है। इससे पता चला कि शहरी क्षेत्रों में मौजूदा कीमतों पर औसत एमपीसीई (वैकल्पिक आंकड़ों के साथ) भी 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 6,521 रुपये हो गया है।



# भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में छू रहीं नई ऊंचाइयां

## रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 110वीं और अपने मौजूदा काल की आखिरी कड़ी में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'नारी शक्ति' की प्रशंसा की और कहा कि वे हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 110वीं कड़ी में कहा कि आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को सलाम करने का अवसर है।

मोदी ने कहा, 'आज देश में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक अन्य क्षेत्र जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है, वह प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता है।' उन्होंने कहा कि देश की 'मातृशक्ति' धरती मां को बचाने में बड़ी भूमिका निभा रही है, जो रसायनों के कारण पीड़ा और कठिनाइयों का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को देश के हर कोने में पहुंचा रही हैं। आज अगर जल जीवन मिशन के तहत देश में इतना काम हो रहा है तो उसमें जल समितियों की बड़ी भूमिका रही है। इन जल समितियों का नेतृत्व केवल महिलाओं के पास है।'



### 'तीन माह बाद 111वीं कड़ी में नई ऊर्जा के साथ मिलूंगा'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 'मन की बात' का प्रसारण अगले तीन महीने नहीं होगा और इसके बाद आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी में वह नई ऊर्जा के साथ लोगों से मिलेंगे। इस कार्यक्रम की 110वीं कड़ी में मोदी ने मार्च के महीने में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने की संभावना जताई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 'मन की बात' की बहुत बड़ी सफलता है कि इसकी पिछली 110 कड़ियों को 'सरकार की परछाई से भी दूर' रखा गया है।

**सीतापुर की ड्रोन दीदी से की बात:** प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा होगा कि भारत में भी गांवों में रहने वाली महिलाएं ड्रोन उड़ाएंगी। उन्होंने कहा, 'लेकिन आज यह संभव हो रहा है। आज हर गांव में ड्रोन दीदी की कितनी चर्चा है। 'नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी' हर किसी की जुबान पर है।' प्रधानमंत्री ने यूपी के सीतापुर की 'ड्रोन दीदी' सुनीता से भी बात की। सुनीता ने अपने ड्रोन प्रशिक्षण के बारे में बात की और बताया कि यह खेती में कैसे मदद करता है।

उन्होंने कहा, 'महान कवि भरतियार जी ने कहा है कि दुनिया तभी समृद्ध होगी, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। बहनें-बेटियां जल संरक्षण के लिए भरसक प्रयास कर रही हैं।' मोदी ने महाराष्ट्र की कल्याणी प्रफुल्ल पाटिल से भी बात की और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिए उनके काम की सराहना की। उन्होंने कहा, 'चाहे सुनीता जी हों या कल्याणी जी, विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति की सफलता बहुत प्रेरणादायक है। मैं एक बार फिर हमारी नारी शक्ति की इस भावना की हृदय से सराहना करता हूं।'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'मोबाइल फोन और डिजिटल गैजेट्स हर किसी के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। डिजिटल गैजेट्स की मदद से अब हमें जंगली जानवरों के साथ संतुलन बनाने में मदद मिल रही है।'

# संविधान बदलने के किए जा रहे प्रयास

बेंगलुरु, एजेंसी

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने लगाए आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को दावा किया कि संविधान को बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को चेताया कि अगर वे आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती से और एकजुट होकर खड़े नहीं हुए तो भारत में निश्चित रूप से तानाशाही होगी। वह यहां 'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन-2024' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

खरगे ने दावा किया, 'कई लोग संविधान को मिटाने या बदलने की कोशिश कर रहे हैं। यदि आप आगामी चुनाव में मजबूत और एकजुट नहीं होते हैं और यदि संविधान प्रभावित होता है, तो यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में इस देश में तानाशाही होगी। क्या आप तानाशाही चाहते हैं या न्याय के साथ जीवन जीना चाहते हैं, यह



'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन' में खरगे, येचुरी व अन्य नेता।

(तय करना) महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा कि अगर संविधान बचेगा, तो इस देश की एकता बचेगी। अगर लोकतंत्र बचा रहेगा, तो हर कोई समृद्धि के साथ रह सकता है, लेकिन आज केंद्र में ऐसी सरकार नहीं है, जो या तो संविधान की रक्षा करती हो या संविधान को ध्यान में रखकर काम करती हो। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इसीलिए संविधान की रक्षा करना और उसका पालन करना सबसे महत्वपूर्ण है। खरगे ने नागरिकों से एक निश्चित विचारधारा थोपने की कोशिश करके उन्हें गुमराह करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा संविधान को हटाकर नया संविधान बनाने की साजिश की जा रही है।

## एक नजर

### संघ कार्यालय के खाली मैदान में मिला हथगोला

**भिंड।** शहर में स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय परिसर के खाली मैदान में एक निष्क्रिय हथगोला मिला है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह 30 से 35 साल पुराना है। पुलिस अधीक्षक असित यादव ने कहा कि हथगोला संभवत: पास के इलाके से संघ कार्यालय परिसर में पहुंचा, जहां पहले डीडी गांव में पुलिस फायरिंग रेंज थी। उन्होंने बताया कि खोजी कुत्तों के साथ एक बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया और पाया गया कि हथगोला निष्क्रिय था।

### कांग्रेस विधायक वेंकटप्पा नाइक का निधन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के शोरापुर से कांग्रेस विधायक राजा वेंकटप्पा नाइक का रविवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 64 वर्ष के थे और दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ। वेंकटप्पा नाइक के निधन की पुष्टि 'मणिपाल अस्पताल' ने अपराह्न 1 बजकर करीब 50 मिनट पर की। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि उनके परिवार ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। चार बार के विधायक को हाल ही में कर्नाटक राज्य भंडारण निगम के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

## वायुसेना विमान से लाया गया लिवर, पूर्व सैनिक की जान बची

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सेना के एक अस्पताल से चिकित्सकों के एक दल को लिवर लाने के लिए पुणे ले जाने के वास्ते बहुत कम समय में भारतीय वायुसेना के डोर्नियर विमान को तैनात किया गया, जिससे यहां एक पूर्व सैन्य कर्मी की जान बचाई गई। वायुसेना ने रविवार को विमान और चिकित्सकों के दल की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा कीं।

## बीजापुर में आईईडी विस्फोट में जवान शहीद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक 'प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) में रविवार को विस्फोट होने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मिरतुर थाना क्षेत्र के बेचापाल पदमपारा गांव के पास अपराह्न करीब 3.30 बजे घटी। सीएएफ का एक दल इलाके में नियंत्रण हासिल करने के अभियान पर निकला हुआ था। उन्होंने कहा कि बेचापाल पुलिस शिविर से कुतुलपारा गांव की तरफ यह अभियान शुरू किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जब यह दल शिविर के पास पहुंचा, तो सीएएफ की 19वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल राम आशीष यादव का पैर गलती से प्रेशर आईईडी पर पड़ गया और विस्फोट होने से उनकी मृत्यु हो गई।

## अरुणाचल में कांग्रेस-एनपीपी के दो-दो विधायक भाजपा में शामिल

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में चुनाव से पहले कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो-दो विधायक सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री निनोंग ईरिंग (पासीघाट पश्चिम सीट) और वांगलिन लोवांगडांग (बोरदुरिया-बोगापानी निर्वाचन क्षेत्र) और एनपीपी के मुच्चू मीठी (रोइंग विधानसभा) और गोकर बसर (बसर विधानसभा) यहां स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में एक समारोह के दौरान पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए।

## इनेलो नेता की झज्जर में गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़।** हरियाणा के झज्जर जिले में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी की अज्ञात हमलावरों ने रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी।

पूर्व विधायक राठी एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में जा रहे थे। इसी दौरान झज्जर के बहादुरगढ़ शहर में कार सवार हमलावरों ने उन पर हमला किया। इनेलो नेता अभय चौटाला ने को बताया कि राठी की झज्जर जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने सरकार पर राठी की जान को खतरा होने के बावजूद सुरक्षा मुहैया कराने में विफल रहने का आरोप लगाया और राज्य के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# बिहार के कैमूर में भीषण सड़क हादसा, नौ की मौत

पटना, एजेंसी

- दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर लगा लंबा जाम

बिहार के कैमूर जिले में रविवार देर शाम एनएच-2 पर भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना मोहनिया थाना क्षेत्र में देवकली के समीप हुई। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो सवार सासाराम की तरफ से वाराणसी की तरफ जा रहा है। वाहन जैसे ही देवकली गांव के समीप पहुंचा, एक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ



चला गया, जहां सामने से आ रहे कंटेनर में टकरा गया। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार, बाइक चालक सहित कुल नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद एनएच-2 पर गाड़ियों का लंबा जाम लग गया, जहां सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

## दो दशक से फरार सिमी का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के 47 वर्षीय एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। सिमी के सदस्य ने कई भोले-भाले युवाओं को गुमराह करने के अलावा प्रतिबंधित संगठन की एक पत्रिका का संपादन भी किया था। पुलिस के मुताबिक, हनीफ शेख पिछले 22 साल से फरार था। अधिकारियों ने बताया कि उसे 22 फरवरी को महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से पकड़ा गया, जहां वह अपनी पहचान बदलकर एक उर्दू स्कूल में शिक्षक था। वर्ष 2001 में राष्ट्रीय राजधानी के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस थाने में उसके खिलाफ राजद्रोह और यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# कस्टडी में रेप के 275 मामले हुए दर्ज, सर्वाधिक यूपी में

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीआरबी ने वर्ष 2017 से 2022 तक के आंकड़े किए जारी, दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार 2017 से 2022 तक हिरासत में बलात्कार के 270 से अधिक मामले दर्ज किए गए। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य और जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार,



2017 में 89 में मामले दर्ज किए गए थे, जो 2018 में घटकर 60, वर्ष 2019 में 47, वर्ष 2020 में 29, वर्ष 2021 में 26 और 2022 में 24 रह गए। इससे पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसे मामलों में धीरे-धीरे कमी आई है। हिरासत में बलात्कार के मामले भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) के तहत दर्ज किए जाते हैं। वर्ष 2017 के बाद से हिरासत में बलात्कार के दर्ज किए गए 275 मामलों में से, सबसे अधिक 92 मामले यूपी में दर्ज किए गए। इसके बाद 43 मामलों के साथ मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा।

'पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया' की कार्यकारी निदेशक पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "हिरासत व्यवस्था दुर्व्यवहार के लिए ऐसे अवसर प्रदान करती है, जहां सरकारी कर्मचारी अक्सर अपनी शक्ति का इस्तेमाल यौन इच्छा पूरी करने के लिए करते हैं।"

पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां महिलाओं को उनके संरक्षण या उनकी कमजोर स्थिति, जैसे तस्करी या घरेलू हिंसा के कारण हिरासत में लिया गया और उनके साथ यौन हिंसा की गई, जो प्रशासनिक संरक्षण की आड़ में शक्ति के दुरुपयोग को दर्शाता है।"

**यह लोग होते हैं अपराधी:** एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य के अलावा जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी भी शामिल हैं। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।



## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 27 रन से हराया



**ऑकलैंड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 27 रन से हराकर 3 मैच की शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने अपने 100वें टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में बारिश को देखते हुए टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में बारिश ने 3 बार व्यवधान डाला और अंतत: 10 .4 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन के स्कोर पर उसकी पारी को खत्म करना पड़ा। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 126 रन का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में स्पेंसर जॉनसन (दो ओवर में 10 रन पर 1 विकेट), एडम जंपा (दो ओवर में 20 रन पर 1 विकेट), नाथन एलिस (दो ओवर में 11 रन) और मिशेल स्टार्क (दो ओवर में 15 रन) की गेंदबाजी के सामने 10 ओवर में 3 विकेट पर 98 रन ही बना सकी।

### हारिस राऊफ कंधे की चोट से पीएसएल से बाहर

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ कंधे में चोट से पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पीएसएल में लाहौर कलंदर्स के लिए खेलने वाले इस तेज गेंदबाज को शुक्रवार रात कराची किंग्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लग गई थी और वह बाहर चले गए थे। फिटनेस हासिल करने के लिए उन्हें चार से छह सप्ताह का समय लगेगा। लाहौर कलंदर्स के प्रवक्ता ने कहा कि एमआरआई स्कैन और अन्य परीक्षणों से पता चला है कि उनके कंधे में चोट है जिसे ठीक होने में समय लगेगा इसलिए वह पीएसएल से बाहर हो गए हैं।

### थोनाकल ने एलीट पुरुषों की स्पर्धा जीती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व एशियाई चैंपियन गोपी थोनाकल ने रविवार को नई दिल्ली मैराथन का खिताब जीता लेकिन पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग से चूक गए। एशियाई मैराथन 2017 का खिताब जीतने वाले गोपी ने पुरुष एलीट स्पर्धा में 42 .195 किमी दो घंटे 14 मिनट और 40 सेकंड में पूरी की। वह दो घंटे 8 मिनट 10 सेकंड के पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग स्तर से पीछे रहे। 2017 में भी गोपी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी पीछे रहे। 2021 में खिताब जीतने वाले श्रीनू बुगाथा दूसरे स्थान पर जबकि अक्षय सैनी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# अश्विन-कुलदीप ने इंग्लैंड को 145 रन पर समेटा

## चौथे टेस्ट के तीसरे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की अच्छी शुरुआत

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला**

रांची, एजेंसी

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के 9 विकेट से चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को इंग्लैंड की दूसरी पारी को 145 रन पर समेट दिया, जिसके बाद भारत ने 192 रन का पीछा करते हुए बिना विकेट खोए 40 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान रोहित शर्मा 24 जबकि यशस्वी जायसवाल 16 रन पर खेल रहे थे। भारत को जीत के लिए 152 रन की दरकार है। रोहित ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में चार हजार रन पूरे किए। दूसरी पारी में अब तक हुए 8 ओवर में रोहित सकारात्मक नजर आए। वह अब तक 27 गेंद पर 4 चौके मारे चुके हैं। उन्हें जो रूट, टॉम हार्टले और शोएब बशीर का सामना करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अश्विन (51 रन पर 5 विकेट) ने इससे पहले 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाए जबकि कुलदीप (22 रन पर 4 विकेट) ने 4 बल्लेबाजों को आउट किया जिससे जैक क्राउली (91 गेंद में 60 रन, 7 चौके) की पारी के बावजूद इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में सुबह भारत अपनी पहली पारी में 307 रन पर सिमट गया और 46 रन से पिछड़ गया। ध्रुव जुरेल ने 90 रन की जुझारू पारी खेल टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। अश्विन ने रविंद्र जडेजा (56 रन पर 1 विकेट) के साथ दूसरी पारी में नई गेंद से शुरुआत की। उन्होंने पांचवें ओवर में बेन डकेट (15) और ओली पोप (00) को आउट किया। डकेट ने शॉर्ट लेग पर सरफराज खान को कैच थमाया जबकि पोप पगबाधा हुए। अश्विन ने अनिल कुंबले (350 विकेट) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। अश्विन ने जो रूट (11) को पगबाधा करके इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 65 रन किया। मैदानी अंपायर के आउट न देने पर डीआरएस का फैसला भारत के पक्ष में गया। क्राउली ने इस बीच कुछ शॉट खेलकर इंग्लैंड की बढ़त को 150 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने अश्विन और जडेजा के खिलाफ रन बटोरे। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो (30) के साथ 67 गेंद में 45 रन की साझेदारी की। पहली पारी में 12 ओवर फेंकने वाले कुलदीप ने तीसरे ओवर में क्राउली को बोल्ड कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। कुलदीप ने इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स (4) को भी बोल्ड करके इंग्लैंड का स्कोर 5 विकेट पर 120 रन किया। जॉनी बेयरस्टो (30) ने जडेजा की गेंद पर शॉर्ट कवर पर रजत पाटीदार को आसान कैच थमाया। टॉम हार्टले (07) ने जडेजा के ओवर में छक्का जड़ा लेकिन कुलदीप की गेंद पर मिड ऑन पर सरफराज के हाथों लपके गए। इसी ओवर में कुलदीप ने ओली रॉबिन्सन (00) को भी पगबाधा किया। बेन फोक्स (17) और शोएब बशीर (नाबाद 1) ने 12 ओवर तक भारतीय गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा लेकिन अश्विन ने फोक्स को अपनी ही गेंद पर लपककर 12 रन की इस साझेदारी को तोड़ दिया। अश्विन ने दो गेंद बाद जेम्स एंडरसन (0) को भी जुरेल के हाथों कैच कराके इंग्लैंड की पारी का अंत किया और 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाने का कारनामा किया। इससे पहले जुरेल ने जुझारू अर्धशतक बनाया। जुरेल ने दबाव का सामना करते हुए 90 रन की पारी खेली। उन्होंने कुलदीप (28) के साथ आठवें विकेट के लिए 76 और आकाश दीप (9) के साथ नौवें विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 96 गेंद में अर्धशतक पूरा करने के बाद बशीर (119 रन पर 5 विकेट) और टॉम हार्टले (68 रन पर 3 विकेट) की इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी के खिलाफ बड़े शॉट खेले। जुरेल ने हार्टले की गेंद पर एक रन के साथ अर्धशतक पूरा किया। उन्हें 59 रन के स्कोर पर ओली रॉबिन्सन ने जीवनदान दिया जिसके बाद उन्होंने बशीर को चौका और छक्का मारा। हार्टले ने हालांकि उन्हें बोल्ड करके शतक से वंचित किया। वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। इससे पहले बशीर ने आकाश को पगबाधा करके अपने दूसरे टेस्ट में पहली बार 5 विकेट चटकाए।





### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड (पहली पारी-353) दूसरी पारी | 145/10 (53.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली बो कुलदीप | 60 | 91 | 7/0 |
| बेन डकेट का सरफराज बो अश्विन | 15 | 15 | 2/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो अश्विन | 00 | 01 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो अश्विन | 11 | 34 | 0/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का पाटीदार बो जडेजा | 30 | 42 | 3/0 |
| बेन स्टोक्स बो कुलदीप | 04 | 13 | 0/0 |
| बेन फोक्स का एवं बो अश्विन | 17 | 76 | 0/0 |
| टॉम हार्टले का सरफराज बो कुलदीप | 07 | 25 | 0/1 |
| ओली रॉबिन्सन पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 03 | 0/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 01 | 20 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन का जुरेल बो अश्विन | 00 | 03 | 0/0 |

अतिरिक्त: 00, विकेट पतन: 1-19, 2-19, 3-65, 4-110, 5-120, 6-120, 7-133, 8-133, 9-145, 10-145, गेंदबाजी: अश्विन 15 .5-0-51-5, जडेजा 20-5-56-1, सिराज 3-0-16-0, कुलदीप 15-2-22-4

| भारत (पहली पारी) | 307/10 (103.2 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल बो बशीर | 73 | 117 | 8/1 |
| रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन | 02 | 09 | 0/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर | 38 | 65 | 6/0 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर | 17 | 42 | 4/0 |
| रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर | 12 | 12 | 0/2 |
| सरफराज खान का रूट बो हार्टले | 14 | 53 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल बो हार्टले | 90 | 149 | 6/4 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबधा बो हार्टले | 01 | 13 | 0/0 |
| कुलदीप यादव बो एंडरसन | 28 | 131 | 2/0 |
| आकाश दीप पगबाधा बो बशी | 09 | 29 | 0/1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 06 | 0/0 |

अतिरिक्त: 23, विकेट पतन: 1-4, 2-86, 3-112 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, 8-253, 9-293, 10-307, गेंदबाजी: एंडरसन 18-4-48-2, रॉबिन्सन 13-0-54-0, बशीर 44-8-119-5, हार्टले 27 .2-6-68-3, रूट 1-0-1-0

| भारत (दूसरी पारी) | 40/0 (8 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल खेल रहे | 16 | 21 | 1/0 |
| रोहित शर्मा का खेल रहे | 24 | 27 | 4/0 |

अतिरिक्त: 0, विकेट पतन: 00, गेंदबाजी: बशीर 1-0-1-0, हार्टले 3-0-22-0, रूट 4-0-17-0

### सबसे ज्यादा विकेट लेकर अश्विन ने रचा इतिहास



भारत में विकेट **354**

अनिल कुंबले ने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे

**रांची, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच जेएससीए क्रिकेट मैदान में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन आज आर. अश्विन ने सबसे अधिक विकेट लेने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अश्विन ने भारत में खेले अपने 59 टेस्ट मैच में 354 विकेट लेकर यह रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले भारत भूमि पर यह रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम था जिन्होंने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे। अश्विन ने आज 35वीं बार टेस्ट मैच की 1 पारी में 5 विकेट लेकर अनिल कुंबले के सबसे अधिक बार पांच विकेट लेने की बराबरी की। विश्व क्रिकेट में अब अश्विन से ज्यादा एक पारी में 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड रिचर्ड हैडली, शेन वॉर्न और मुथैया मुरलीधर के नाम है। हैडली ने 36 बार, शेन वॉर्न ने 37 बार और मुथैया मुरलीधरन ने 67 बार 1 पारी में 5 विकेट लिए थे। अनिल कुम्बले ने अपने 132 टेस्ट मैच में 619 विकेट लिए थे जबकि अश्विन ने 99 टेस्ट मैच में 507 विकेट हासिल कर चुके हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवा क्रिकेट टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा और यह अश्विन का 100वां टेस्ट मैच होगा।

# रोज 140 ओवर बल्लेबाजी कर टेस्ट के लिए तैयार हुए जुरेल

नई दिल्ली, एजेंसी



इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में प्रभावित करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने रोजाना नेट सत्र में 4 घंटे स्पिन अलावा सैकड़ों थ्रोडाउन और 14 अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ खेलकर टेस्ट के लिए खुद को तैयार किया। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले जुरेल ने रविवार को चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 रन बनाए। आगरा के जुरेल ने 18 महीने मेहनत कर खुद को तैयार किया और 'महेंद्र सिंह धोनी जैसी खेल की समझ' के लिए सुनील गावस्कर भी उनकी सराहना कर चुके हैं। मुंबई के पूर्व बल्लेबाज और राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने बताया, जुरेल ने टेस्ट की शुरुआत से पहले तलेगांव में रॉयल्स की हाई परफॉर्मेंस अकादमी (एचपीसी) में कड़ी ट्रेनिंग की है।

# प्रदेश के दिव्यम और अर्श भारतीय टीम में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के समन्वय से बैडमिंटन अकादमी में शनिवार को भारतीय बैडमिंटन टीम का कैंप संपन्न हुआ।

रविवार को जूनियर टीम डच जूनियर इंटरनेशनल और जर्मन ओपन के लिए रवाना होगी। डच ओपन हार्निल (नीदरलैंड) में 28 फरवरी से 3 मार्च तक होगा। जर्मन ओपन 6 से 10 मार्च तक बर्लिन (जर्मनी) में होगा। चयनित जूनियर भारतीय टीम में यूपी के दिव्यम अरोड़ा और अर्श मोहम्मद बतौर युगल जोड़ी चयनित किए गए हैं। ये दोनों अंडर-19 टीम से डच और जर्मन ओपन में अपनी चुनौती पेश करेंगे।



घोषित की गई भारतीय बैडमिंटन टीम।

**बालक अंडर-19 टीम:** ध्रुव नेगी (उत्तराखंड), गगन (हरियाणा), रौनक चौहान (छत्तीसगढ़), गिनीपॉल एस (दिल्ली)। **बालिका अंडर-19 टीम:** सूर्या तामिरी, नव्या (आन्ध्र प्रदेश), तन्वी रेड्डी (तेलंगाना), तन्वी पात्री (ओडिसा)। **बालक अंडर-19 युगल टीम:** भार्गव राम, विश्वतेज (आन्ध्र प्रदेश), दिव्यम अरोड़ा, अर्श मोहम्मद (यूपी)। **बालिका अंडर-19 युगल टीम:** श्रीनिधि एन (तमिलनाडु), मान्या (पंजाब), प्रगति, वंशिका टोप्पो (ओडिसा)। **मिश्रित युगल टीम:** दिव्यम अरोड़ा, वेन्नाला एके (तेलंगाना), भव्या छाबड़ा (दिल्ली), मान्या (पंजाब)।

# अमेलिया के प्रदर्शन से मुंबई ने गुजरात को हराया

## मुंबई ने पांच विकेट से मैच जीतकर लीग में लगातार दूसरी जीत दर्ज की

बेंगलुरु, एजेंसी

अमेलिया केर के ऑलराउंड प्रदर्शन और कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार बल्लेबाजी की मदद से मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को गुजरात जायंट्स को 5 विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

गुजरात ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 9 विकेट पर 126 रन बनाए। अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराने वाली मुंबई ने 18.1 ओवर में 5 विकेट पर 129 रन बनाकर अपना विजय अभियान जारी रखा। मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक समय उसका स्कोर 3 विकेट पर 49 रन था। हरमनप्रीत (41 गेंद पर नाबाद 46) और केर (25 गेंद पर 31 रन) ने यहीं से चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। इन दोनों के अलावा नेट साइवर ब्रंट ने 22 रन का योगदान दिया। हरमनप्रीत ने अपनी पारी में 5 चौकों के अलावा विजयी छक्का भी लगाया। इससे पहले अनुभवी तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने गुजरात के शीर्ष क्रम को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने 18 रन देकर 3 विकेट लिए। लेग स्पिनर केर ने मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया तथा अपने कोटे के 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। गुजरात के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें नौवें नंबर की बल्लेबाज तनुजा कंवर ने सर्वाधिक 28 रन का योगदान दिया। उन्होंने कैथरीन ब्राइस (नाबाद 25) के साथ आठवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इन दोनों के अलावा कप्तान बेथ मूनी ने 24 और एश्ले गार्डनर ने 15 रन का योगदान दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद गुजरात का स्कोर 11 ओवर के बाद 5 विकेट पर 58 रन था।






# बॉलीवुड हलचल

## 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज




मुंबई, एजेंसी। नेचुरल स्टार नानी की एक्शन से भरपूर फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज हो गया है। विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित, फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा मुख्य शेड्यूल हाल ही में पूरा किया गया था और अब निर्माताओं ने 'सारिपोधा सनिवारम' की आधिकारिक टीज़र कर दिया गया है।मल्टिलिंगग्वल रिलीज, यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी। 'सारिपोधा सानिवारम' के टीजर में नेचुरल स्टार नानी को 'सूर्या' के रूप में पेश किया गया है, जो एक एक्शन स्टार के रूप में नजर आ रहे हैं।

## सिद्धार्थ की 'योद्धा' का गाना जिंदगी तेरे नाम जारी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। जिंदगी तेरे नाम गाने में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को विशाल मिश्रा ने गाया और कंपोज भी किया है। लिरिक्स विशाल और कौशल किशोर ने लिखी है। 'ज़िंदगी तेरे नाम' गाना को लेकर सिद्धार्ध मल्होत्रा ने कहा कि यह गाना मेरे लिए बहुत खास है। यह प्यार और समर्पण की भावना को दर्शाता है। मुझे उम्मीद है कि यह गाना दर्शकों को पसंद आएगा और उनके दिलों को छू जाएगा।राशि खन्ना ने कहा कि ज़िंदगी तेरे नाम सिर्फ शब्द नहीं, एक एहसास है। प्यार में डूबे दिल की धड़कन से जुड़ा यह गाना "योद्धा" में प्यार की कहानी बयान करता है।

## करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' के टीजर में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन एयर होस्टेस बनकर फुल ऑन ड्रामा करती नजर आ रही हैं।फिल्म के टीजर की शुरुआत 'कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है' जैसे डायलॉग से होती है। टीजर में दिखाया गया है कि तब्बू, कृति सैनन और करीना कपूर अपनी एयर होस्टेस की नौकरी से बेहद परेशान हो चुकी हैं और इससे पीछा छुड़ाने के लिए कुछ भी करने लग जाती हैं। 'क्रू' के टीजर को कृति सैनन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है। टीजर में कपिल शर्मा भी दिखाई दे रहे हैं।इस फिल्म को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## गोल्डी और निकिता का 'देवरा के रंग' जारी

**मुंबई।** गायिका गोल्डी यादव और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का होली सांग 'देवरा के रंग' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' को वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार आर्या शर्मा ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता, डिजाइनर बादशाह खान हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स के पास है।



## विज्ञापनों से शाहिद ने की थी शुरुआत



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर आज 43 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1981 को दिल्ली में जन्में शाहिद कपूर को अभिनय की कला विरासत में मिली। शाहिद कपूर के पिता पंकज कपूर जाने-माने अभिनेता है। शाहिद ने कॅरियर की शुरुआत विज्ञापनों से की। बतौर अभिनेता शाहिद ने कॅरियर की शुरूआत 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्क विश्क से की। फिल्म को औसत सफलता मिली। इस फिल्म के लिए शाहिद फिल्म फेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के डेब्यू पुरस्कार से सम्मानित किए गए। इश्क विश्क के बाद शाहिद ने फिदा, दिल मांगे मोर, दीवाने हुए पागल, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, 36 चाइना टाउन, चुप चुप के जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन सभी फिल्में टिकट खिड़की पर ढेर हो गई। 2006 में शाहिद को सूरज बड़जात्या की फिल्म विवाह में काम का अवसर मिला। शाहिद ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म सुपरहिट साबित हुई। इसके साथ शाहिद फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गए। 2007 में प्रदर्शित फिल्म जब वी मेट शाहिद के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में शुमार की जाती है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहिद और करीना की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

## सेना में काम करना चाहते थे डैनी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता डैनी 76 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1948 को जन्में डैनी बचपन के दिनों में सेना में काम करना चाहते थे। डैनी ने पश्चिम बंगाल से सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार जीता और गणतंत्र दिवस के मौके पर परेड में भाग भी लिया। बाद में देश के प्रतिष्ठित आर्म फोर्सेज मेडिकल कॉलेज पुणे में उनका चयन भी हो गया लेकिन उन दिनों उनका मन चिकित्सक बनने की बजाय किसी अभिनेता बनने की ओर हो गया और उन्होने पुणे फिल्म इंस्टीच्यूट में अभिनय के प्रशिक्षण के लिये दाखिला ले लिया।अभिनय का प्रशिक्षण लेने के बाद डैनी ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत नेपाली फिल्म सलिनो से की जो टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। इस बीच उन्होंने नेपाली फिल्मों के लिए पाश्र्वगायन भी किया। सत्तर के दशक में अभिनेता बनने का सपना लिए डैनी मुंबई आ गए। अपने वजूद को तलाशते वह लगभग तीन वर्ष तक संघर्ष करते रहे।इस बीच उन्होंने रॉखी और हथकड़ी, मिलाप, जरूरत, नया नशा, नई दुनिया नए लोग, चालाक और खून-खून जैसी कई बी ग्रेड फिल्मों में काम किया लेकिन ये सभी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### महाराष्ट्र राज्य परिवहन बस में लगी आग, बाल-बाल बचे यात्री

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार को राज्य परिवहन की एक बस में आग लगने से उसमें यात्रा कर रहे लगभग 45 यात्री बाल-बाल बच गए। यह घटना सुबह के 8:18 मिनट की है। यह घटना तब घटी जब बस 40-45 यात्रियों को लेकर पड़ोसी रायगढ़ जिले के खोपट बस डिपो से पाली की तरफ जा रही थी। बस में अचानक से आग लग गई। घटना की जानकारी पाकर पुलिस ने आपदा प्रबंधन सेल को इसकी सूचना दी। स्थानीय दमकल और आपदा प्रबंधन सेल के कर्मचारियों ने यात्रियों को बस से बाहर निकाला इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। आग लगने का कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।



**आगरा।** विश्व की धरोहर ताजमहल की साए में सालों पुरानी पुष्प प्रदर्शनी को अध्यात्म से सजाया गया है। इस बार प्रदर्शनी ताजमहल के पार्श्व में लगाई गई है। पर्यटक प्रदर्शनी में फूलों से बनाई हनुमान, सीता, जटायु और जामवंत की आकृति के साथ-साथ ताजमहल का भी दीदार कर सकेंगे।

### प्रख्यात फिल्मकार कुमार साहनी का बंगाल के अस्पताल में निधन

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के प्रख्यात फिल्म निर्माता कुमार साहनी का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



उन्होंने माया दर्पण, चार अध्याय और कस्बा जैसी फिल्मों का निर्देशन किया। साहनी की करीबी दोस्त और अभिनेत्री मीता वशिष्ठ ने बताया कि निर्देशक का शनिवार रात कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। कुमार के साथ काम कर चुकीं वशिष्ठ ने कहा, बीमारी के कारण उनका निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। अभिनेत्री ने कहा साहनी के परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं।

### इजराइल-हमास युद्धविराम के प्रयास में जुटे अमेरिका-अरब देश

**वाशिंगटन।** करीब पांच महीने से जारी गाजा युद्ध में दूसरी बार युद्धविराम की स्थितियां बन रही हैं। यह युद्धविराम भी सीमित समय के लिए होगा और इसका मुख्य उद्देश्य गाजा में बंधक बने करीब 130 इजराइली नागरिकों को मुक्त कराना होगा। इन हमलों के बीच इजराइली सेना ने विस्थापितों के बीच बचकर भाग रहे कई हमास लड़ाकों को पकड़ा है। अमेरिका और अरब देश में युद्धविराम का प्रयास कर रहे हैं। पेरिस में हुई बैठक से युद्ध समाधान होने की संभावना है।

# पाकिस्तान के पंजाब में सीएम का चुनाव आज, मरियम नवाज पर टिकी निगाहें

## नवाज शरीफ की पार्टी के पास पंजाब विधानसभा में है दो-तिहाई बहुमत

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनेंगी। आज मुख्यमंत्री के रूप में निर्वाचित होने जा रही हैं।



शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पंजाब विधानसभा में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों पद हासिल कर लिए हैं।

पंजाब विधानसभा के सचिव आमेर हबीब ने कहा, 'पंजाब के मुख्यमंत्री का चुनाव सोमवार को होगा। उम्मीदवार रविवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

चूंकि, पाकिस्तान के इतिहास में पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम का पहली महिला मुख्यमंत्री बनना तय माना जा रहा है क्योंकि उनकी पार्टी के पास अब पंजाब विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत है। इसलिए पद को अपने नाम करने में कोई समस्या नहीं आएगी। बता दें, मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव पीएमएल-एन की मरियम नवाज और पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार राणा आफताब अहमद के बीच होगा। पंजाब विधानसभा के मैराथन सत्र में शनिवार को विधायकों ने गुप्त मतदान के जरिए पीएमएल-एन नेता मलिक अहमद खान को सदन का संरक्षक और जहीर इकबाल चन्नार को उपमुख्यमंत्री चुना। मलिक अहमद खान शरीफ के वफादार हैं, जिन्होंने पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार मलिक अहमद खान बछार को हराया था।

### खैबर पख्तूनख्वा में लगातार तीसरी बार बनेगी पीटीआई सरकार



पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) लगातार तीसरी बार खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) में सरकार बनाने को तैयार है। इसके लिए 28 फरवरी को विधानसभा सत्र बुलाया गया है। राज्यपाल के कार्यलय से जारी आदेश के अनुसार 'खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत के राज्यपाल हाजी गुलाम अली ने शनिवार को प्रांत के मुख्यमंत्री के चुनाव के लिए 28 फरवरी को प्रांतीय विधानसभा का सत्र बुलाया है। केपीके विधानसभा में आरक्षित सीटों पर निर्वाचित 10 महिलाओं और चार अल्पसंख्यकों सहित कुल 145 सदस्य हैं।

### 9 मार्च को होगा राष्ट्रपति चुनाव, आसिफ अली जरदारी रेस में आगे

पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इन आरोपों से बेखबर पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति चुनाव कराने की तैयारी कर ली है। चुनाव आयोग ने 9 मार्च को राष्ट्रपति चुनाव कराने का एलान कर दिया है। पाकिस्तान के उच्च सदन सीनेट से आधे सदस्य अपना छह साल का कार्यकाल पूरा कर जल्द ही रिटायर होने वाले हैं। ऐसे में सीनेटर्स के रिटायरमेंट से दो दिन पहले 9 मार्च को राष्ट्रपति पद का चुनाव कराया जाएगा। पाकिस्तान का राष्ट्रपति बनने की रेस में पीपीपी नेता आसिफ अली जरदारी सबसे आगे हैं। पीपीपी के एक नेता ने बताया कि मौजूदा सीनेटर्स राष्ट्रपति का चुनाव करेंगे। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व में छह पार्टियां आसिफ अली जरदारी को समर्थन दे रहे हैं।

## कुलगाम में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड चार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी चार आतंकियों को गिरफ्तार कर पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया है कि, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) यूए (पी) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले पर कार्रवाई करते हुए, 1 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और 18 बीएन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ कुलगाम में चार आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार कर, उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है।

आतंकवादी सहयोगियों की पहचान जहूर अहमद पंडित, बसीर हुसैन पंडित, इम्तियाज गुल और गुलजार अहमद खार के रूप में की गई है। सभी वानपोरा के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि उनके कब्जे से एक पिस्तौल, दो पिस्तौल मैगजीन, 20 पिस्तौल राउंड, चार यूबीजी और 24 इंसास राउंड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कहा-मामले की जांच जारी है।

## हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर अमेरिका-ब्रिटेन का हमला



रविवार को यमन में अमेरिका-ब्रिटेन के हवाई हमले के बाद ठिकानों से उठता धुआं।

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका और ब्रिटिश सेना द्वारा हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने ये कार्रवाई लाल लागर और अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर किए जा रहे हमले के जवाब में की है।

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने शनिवार को यमन में एक दर्जन से अधिक हूती ठिकानों को तबाह किया है। अमेरिका ने यमन के सबसे अधिक आबादी वाले हिस्सों पर नियंत्रण रखने वाले हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि ये सैन्य कार्रवाई यमन में आठ स्थानों पर की गई है, जिसमें हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों को तबाह किया गया है।

इनमें भूमिगत हथियार और मिसाइल भंडारण सुविधाएं, वायु रक्षा प्रणाली, रडार और एक हेलीकॉप्टर शामिल थे। बता दें कि अमेरिका और ब्रिटिश सेना की इस कार्रवाई को ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड का समर्थन मिला है। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित समाचार एजेंसी अल मसीरा टीवी ने शनिवार को कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन की सेना ने राजधानी सना में सिलसिलेवार हमले किए हैं।

# मुझे मारना चाहते हैं फडणवीस मनोज जरांगे ने लगाया आरोप

**मुंबई, एजेंसी**



- कहा आंदोलन को कमजोर करने की साजिश की जा रही

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य सरकार पर सरकारी नौकरियों और शिक्षा में समुदाय के लिए आरक्षण के लिए चल रहे उनके आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा- आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश की जा रही है। मनोज जरांगे ने रविवार को एलान किया कि वह महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे। जालना के अंतरवाली सराटी में जरांगे ने करीब एक घंटे तक भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने फडणवीस के खिलाफ कई आरोप लगाए। जरांगे ने कहा, कुछ लोगों को मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए लालच दिया जा रहा है। उन पर दबाव डाला जा रहा है। इन साजिशों के पीछे फडणवीस का हाथ है। वह मुझे मारना चाहते हैं। मैं सागर बंगले (मुंबई के मालाबार हिल में फडणवीस का आधिकारिक आवास) तक मार्च करने के लिए तैयार हूं। इस एलान ने उनके समर्थकों को हैरान कर दिया।

इस एलान से सभा स्थल पर अफरातफरी मच गई। जरांगे के समर्थक बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे। उनमें से जब कुछ ने उनका माइक्रोफोन छीनने की कोशिश की तो जरांगे ने कहा कि वह अकेले मुंबई तक मार्च करेंगे।

## यूएई में नई भर्ती नीति से भारतीयों की नौकरी में कटौती की आशंका

**दुबई, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में नौकरियों में नई नीति लागू करने से भारतीयों की नौकरियों पर व्यापक असर पड़ने की आशंका पैदा हो गई है। नई नीति के तहत प्रत्येक कंपनी को 20 फीसदी कर्मचारी विविध नागरिकता के रखने होंगे।

यूएई सरकार ने इसे कार्यबल में अधिक विविधता का नाम दिया है। यूएई की सरकार का कहना है कि इससे कार्यक्षेत्र में अलग-अलग देशों के लोगों की भागीदारी में वृद्धि होगी। संयुक्त अरब अमीरात में आम चलन है कि अभी जिस भी नागरिकता के कंपनी मालिक होते हैं उनका प्रयास होता है कि वे अपने देश के नागरिकों ही नौकरी पर रखें। कई भारतीय अथवा यूं कहें कि किसी भी अन्य नागरिकता के मालिक की कोशिश होती है कि अपने ही देश के लोगों को ही रखते हैं। नए नियम से भारतीय उद्यमियों को भी 20% जॉब्स अन्य देशों के लोगों को देने होंगे। यूएई में वर्तमान में 39 लाख भारतीयों में से 35 लाख वर्कफोर्स में हैं।

# बंगाल : लोस चुनाव से पहले तैनात होंगी केंद्रीय बलों की 150 कंपनियां

**कोलकाता, एजेंसी**



बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति और पूर्व में चुनावी हिंसा के इतिहास को देखते हुए केंद्रीय चुनाव आयोग ने एक अभूतपूर्व फैसले में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही राज्य में केंद्रीय बलों को भेजने का फैसला किया है।

केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि चुनाव की घोषणा से पहले मार्च के पहले सप्ताह में ही केंद्रीय बलों की 150 कंपनियां बंगाल पहुंच जाएगी। इनमें 100 कंपनी एक मार्च को जबकि बाकी 50 कंपनी सात मार्च को पहुंचेगी। चुनाव की तैयारियों के संबंध में स्थिति का जायजा लेने के लिए चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ तीन मार्च को बंगाल के दौरे पर आने वाली है, जो पांच मार्च तक यहां रहेगी। उससे पहले ही केंद्रीय बलों को भेजने का निर्णय लिया गया है। 10 मार्च के बाद देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का अनुमान है। आयोग के अनुसार, शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने और मतदाताओं में विश्वास जगाने के लिए चुनाव से काफी पहले से ही राज्य के संवेदनशील हिस्सों में केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्णय लिया गया है।

बंगाल के चुनावी इतिहास में यह पहली बार है जब चुनाव की घोषणा से पहले ही केंद्रीय बलों की तैनाती होने जा रही है। राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा ने आयोग के इस फैसले का स्वागत किया है।

## आज केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** मानहानि मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा।

2018 में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ध्रुव राठी की ओर से जारी एक वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करने से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में जारी समन को हाईकोर्ट के आदेश में बरकरार रखा गया था। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ इस मामले पर सोमवार को सुनवाई कर सकता है। पांच फरवरी को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि कथित अपमानजनक सामग्री को दोबारा पोस्ट करने पर मानहानि का कानून लागू होगा।

## किसानों का हंगामा...



**पेरिस :** फ्रांस में किसान आंदोलन तेज होता जा रहा है। किसान लालफीताशाही, खाद्य पदार्थों के आयात और यूरोपीय संघ की पर्यावरण नीतियों का विरोध कर रहे हैं। इस क्रम में कृषि मेले के अंदर किसानों ने हंगामा किया। उनका पुलिस से भी सामना हुआ। उन्होंने राष्ट्रपति मैक्रों के खिलाफ नारेबाजी कर इस्तीफे की मांग की। कई किसानों को गिरफ्तार भी किया गया है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने नेताओं के घर के बाहर दीवार बनाकर विरोध जताया। उनका कहना था कि वह भ्रष्ट नेताओं का रास्ता ही बंद कर देंगे। ● एजेंसी



# मणिपुर में छापेमारी के दौरान हथियार-विस्फोटक बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एक अन्य छापेमारी में पश्चिमी इंफाल जिले के कीसपंत से तीन लोगों को किया गिरफ्तार

मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर जिले के दो गांवों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने हाओलेनजांग गांव के बाहरी इलाके में चार आग्नेयास्त्र, एक मोर्टार और गोला-बारूद जब्त किया। एक अधिकारी ने बताया कि उनके पास से 120 रुपये के नकली नोट भी मिले।

वहीं एक अन्य छापेमारी में पश्चिमी इंफाल जिले के कीसपंत जंक्शन से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से दो एसएलआर राइफलें भी जब्त की गई है। एक अधिकारी ने बताया कि उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है। असम के कर्बी आंगलोंग जिले में तीन लोगों को भारी हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाया, जिसके तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद आरोपी पुलिस को उस स्थान पर ले गए, जहां उन्होंने हथियार छिपाकर रखा था। हथियार प्लास्टिक के पैकेट में लपेटकर रखा हुआ था। हथियार में एके श्रृंखला वाली राइफल्स और मैगजीन्स भी शामिल थी।

## महिलाओं के स्थायी कमीशन मामले में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) की महिला अधिकारी प्रियंका त्यागी की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने की मांग की गई है।

हालांकि, पहले की सुनवाई में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने से इन्कार करने के लिए केंद्र और भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि आईसीजी में महिलाओं के उत्थान के लिए ऐसी नीति बनानी चाहिए, जो महिलाओं के लिए ईमानदारी से काम करें। कोर्ट ने केंद्र से कहा- सेना और नौसेना महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन दे रही है, तो तटरक्षक बल को अछूता नहीं रखा जा सकता।

# भारत-जापान सैन्य अभ्यास शुरू दो सप्ताह तक दिखाएंगे ताकत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत और जापान ने रविवार को राजस्थान के 'महाजन फील्ड फायरिंग रेंज' में दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया। यह अभ्यास आम सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने को लेकर सहयोग बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच अभ्यास 'धर्म गार्जियन' भारत-जापान सामरिक सहयोग के व्यापक ढांचे के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है और बारी-बारी से भारत व जापान में आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों की टुकड़ी में 40-40 जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जापानी दल का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट के जवान कर रहे हैं जबकि भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन कर रही है।

भारतीय सेना ने कहा कि अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग और संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए दोनों पक्षों की क्षमताओं को बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा कि इस दौरान अस्थायी ऑपरेटिंग बेस को तैयार करना, एक खुफिया-निगरानी और टोही ग्रिड बनाना जैसे अभ्यास किए जाएंगे।

# प्राइमरी चुनाव में ट्रंप की बड़ी जीत, निक्की को दी शिकस्त

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- साउथ कैरोलाइना जीत के बाद राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़े ट्रंप





अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी सफलता मिली है। डोनाल्ड ट्रंप ने साउथ कैरोलिना में हुए रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव जीत लिया है। उन्होंने निक्की हेली को उनके गृह राज्य में मात दी है।

मीडिया के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले आयोवा, न्यू हैम्पशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स और निक्की हेली के गृह राज्य साउथ कैरोलिना में जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही ट्रंप राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप से साउथ कैरोलिना में मिली हार के बाद निक्की हेली ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही यह साफ कर दिया है कि कैरोलिना में चाहे कुछ भी हो जाए, मैं राष्ट्रपति पद की रेस को आगे भी जारी रखूंगी। मैं अपने शब्दों पर कायम रहने वाली महिला हूं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की जीत से निक्की हेली पर दबाव बढ़ेगा, जो 2011 से 2017 तक साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर थीं। हालांकि, उन्होंने साउथ कैरोलिना में मिली हार के बाद 5 मार्च को होने वाले 'सुपर मंगलवार' के जरिये राष्ट्रपति पद की रेस में बने रहने का संकल्प लिया है। निक्की हेली ने हाल के दिनों में कहा था कि वह 5 मार्च को होने वाले रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव के लिए सीधे मिशिगन जाएंगी।

## राष्ट्रपति बाइडन ने शी जिनपिंग को बताया रूस का राष्ट्रपति

- अमेरिकी राष्ट्रपति की याददाश्त पर फिर उठे गंभीर सवाल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को उनकी कमजोर याददाश्त और बढ़ती उम्र के चलते कई बार आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा है।

अब एक बार फिर जो बाइडन गलती कर गए हैं। दरअसल एक कार्यक्रम में बोलते हुए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को जो बाइडन ने रूस का राष्ट्रपति बता दिया। बाइडन ने तुरंत ही उन्होंने खुद को सही किया और जिनपिंग को चीन का राष्ट्रपति बताया। बाइडन ने पुराना किस्सा बताते हुए कहा कि 'वह (बराक ओबामा) चाहते थे कि मैं शी जिनपिंग के बारे में जानकारी हासिल करूं क्योंकि ये साफ था कि वे (जिनपिंग) रूस के राष्ट्रपति बनने जा रहे थे, नहीं चीन के।

**आयोजन** मुकेश अंबानी के बेटे अनंत के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में एक हजार से ज्यादा वीआईपी मेहमानों को न्योता, बिल गेट्स, इवांका, जुकरबर्ग भी होंगे शामिल

# शाही जश्न... अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत, और एनकोर हेल्थकेयर के सीईओ वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका जुलाई को मुंबई में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इससे पहले 1 से 3 मार्च तक गुजरात के जामनगर में प्री- वेडिंग सेलिब्रेशन होगा।

रिलायंस टाउनशिप में जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं। देश-दुनिया की दिग्गज हस्तियां इस सेलिब्रेशन में शामिल होंगी। सूत्रों के मुताबिक एक हजार मेहमानों को निमंत्रण भेजा गया है। शादी से पहले होने वाले समारोहों में बड़े उद्योगपतियों, फिल्मी सितारों से लेकर क्रिकेटरों को शामिल होने का न्योता दिया गया है। 1 मार्च को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक मुंबई और दिल्ली से विशेष चार्टर्ड विमान स उपलब्ध रहेंगे, जो मेहमानों को जामनगर लेकर स पहुंचेंगे। उन्हें 3 घंटे के भीतर लॉन्ड्री सेवा मिल जाएगी। हर मेहमान के लिए अलग हेयर अ स्टाइलिस्ट, साड़ी ड्रेपर और मेकअप सर्विस उपलब्ध रहेगी। मेहमानों को मनपसंद खाने के ने साथ मेडिकल सुविधाएं भी दी जाएंगी। **तीनों दिन की अलग थीम, वैसा ही ड्रेस कोडः** पहले दिन की थीम 'इवनिंग इन एवरलैंड' रखी गई है, इसके लिए ड्रेस कोर्ड 'एलिगेंट कॉकटेल रहेगा।

अगले दिन की थीम 'ए वॉक ऑन द वाइल्डसाइड' है, इसमें ड्रेस कोड थीम जंगल फीवर रखा है। इसमें मेहमानों को सिंपल ड्रेस और आरामदेह फुटवियर पहनने का आग्रह किया जाएगा। इसके बाद मेला रूज इवेंट होगा। इसमें चमकदार भारतीय ड्रेसेस अहम रहेंगी। तीसरे दिन की थीम टस्कर टेल्स रखी गई है। इसमें ड्रेस कोड कैजुअल ठाठ रखा गया है। इस इवेंट में जामनगर की संस्कृति से प्रेरित पारंपरिक ड्रेसेस पर फोकस रहेगा। समापन इवेंट का शीर्षक हस्ताक्षर है। इसमें ड्रेस कोड हेरिटेज वियर रहेगा।







### विदेश के मेहमानों को भी मिला न्योता

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी इवांका, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग, माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स, अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण, वॉल्ट डिज्नी के सीईओ बॉब इगर, ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक, एडनोक के सीईओ सुल्तान अहमद अल जाबेर शामिल हैं। भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों गौतम अडाणी, टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन, आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला, गोदरेज परिवार, इन्फोसिस के प्रमुख नंदन नीलेकणि, आरपीएसजी समूह के प्रमुख संजीव गोयनका, विप्रो के ऋषद प्रेमजी, बैंकर उदय कोटक को भी इन समारोहों के लिए आमंत्रित किया गया है।

### बाहुबली की टीम सेट तैयार कर रही

प्री- वेडिंग सेलिब्रेशन के लिए दो महीने से भव्य मुंब सेट का निर्माण चल रहा है। बाहुबली फिल्म ने में सेट डिजाइनर्स इसे तैयार कर रहे हैं। सेट बेट की डिजाइन शीश महल जैसी रखी गई है। इसके अलावा गुजरात की महिलाएं शादी के लिए बांधनी स्कार्फ तैयार कर रही हैं। रिलायंस फाउंडेशन ने इससे जुड़ा वीडियो शेयर किया, चेयरपर्सन नीता अंबानी भी इन महिलाओं के साथ नजर आ रहीं हैं।